आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 57 अंक 99 | उज्जैन, मंगलवार 23 अप्रैल, 2024 | चैत्र शुक्ल 15 संवत् 2081 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

# प्रशासन कह रहा सफाई चल रही पर हकीकत तो यह कि शिप्रा गंदी हो रही

## मछलियां मरने से क्षेत्र में बदबू फैल रही है और घाटों पर कचरा भी पड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



प्रशासन का कहना है कि शिप्रा नदी व घाटों की रोज सफाई करवाई जा रही है लेकिन हकीकत तो कुछ और ही है। शिप्रा में मछलियां मर रही है। क्षेत्र में इसकी बदबू फैल रही है और घाटों पर भी कचरे के ढेर पड़े देखे जा सकते हैं।

ऐसा इसलिए कह सकते हैं कि शिप्रा में गंदगी को लेकर जब नगर निगम के आयुक्त आशीष पाठक से जब पूछा गया कि आखिर क्यों गंदगी फैल रही है तो उन्होंने साफ कहा कि प्रतिदिन सफाई हो रही है। जबकि हकीकत तो यह है कि मछलियों की बदबू से प्रतिदिन शिप्रा के घाट पर पूजन आदि कार्य से आने वाले पंडे-पुजारी हो या आम श्रद्धालु सभी परेशान हैं। शिप्रा के मुख्य रामघाट पर ही कई दिनों से मृत मछलियों के कारण बदबू आने की समस्या बनी हुई है। बाहर से स्नान, पूजन आदि के लिए आ रहे श्रद्धालुओं में इससे नाराजगी है लेकिन शिकायत किससे करे और घाट पर उनकी कौन सुने। बताया जाता है कि तेज गर्मी के चलते शिप्रा के पानी में लगातार मछलियां मर रही है। क्योंकि गर्मी के मौसम में नदी में जमा गंदा पानी तेजी से सड़ने लगता है, तापमान बढ़ने से भी पानी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है। इस कारण से मछलियां इस मौसम में अधिक मरती है। प्रशासन को इस समय ध्यान देकर ज्यादा सफाई करवाना चाहिए। साथ ही नदी के पानी में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने का भी प्रयास करना चाहिए।

### पानी साफ करने के लिए लगाए फाउंटेन अक्सर बंद रहते हैं

नगर निगम ने हाल ही में नदी के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए चार फ्लोटिंग फाउंटेन लगाए थे लेकिन इनका उपयोग नहीं किया जा रहा। ये अक्सर बंद रहते हैं। घाट पर रहने वाले लोगों ने बताया कि 5 अप्रैल को 4 फ्लोटिंग फाउंटेन नदी में लगवाए थे, लेकिन केवल दीपोत्सव पर चलाए गए, उसके बाद से इन्हें चलते नहीं देखा गया।

### घाटों पर गंदगी के ढेर, हालत यह है कि श्रद्धालु बैठ भी नहीं सकते

घाटों पर गंदगी, पूजा सामग्री के ढेर लग रहे हैं। स्नान करने वाले स्थान पर काई जम रही है। हालत यह है कि श्रद्धालु घाट पर कुछ देर सकुन से बैठ भी नहीं सकते हैं।

## देश विदेश

### एनआईए का आतंकी गतिविधियों से जुड़े मामले में श्रीनगर में छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सोमवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी आतंकवादियों के पाक कनेक्शन का पता लगाने के लिए छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी को सूचना मिली है कि आतंकवादियों को पाक से धन प्राप्त हो रहा है। एजेंसी उसी कनेक्शन का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में एक सरकारी अधिकारी का भी नाम सामने आया है। एजेंसी उसके ठिकानों पर भी तलाशी ले रही है। गौरतलब है कि आतंकवादियों को पाकिस्तान से धन प्राप्त होने की सूचना पहले भी मिलती रही है। मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।



चीन में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी, 44 नदियां खतरे के निशान से ऊपर, 1 हजार से ज्यादा स्कूल बंद, 11 लापता और 6 घायल।

### ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने रद्द की 24 हजार शिक्षकों की भर्ती

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। हाईकोर्ट ने 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां हाई कोर्ट ने रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की घूस लेने तक का आरोप हैं। साल 2016 में पश्चिम बंगाल सरकार ने स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। यह भर्ती सरकारी स्कूलों के लिए थी, जिसके जरिए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए शिक्षकों का चयन होना था। इस भर्ती में अनियमितता के आरोप लगे और मामला हाई कोर्ट तक पहुंच गया।

### राखी सावंत को लगा बड़ा झटका

### अश्लील वीडियो मामले में करना होगा सरेंडर



**नई दिल्ली।** राखी सावंत ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एक्ट्रेस ने पूर्व पति पर लगाए गए आरोपों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी लेकिन अब वहां से भी उन्हें निराशा ही मिली है। कोर्ट का फैसला एक्ट्रेस के खिलाफ आया है। अब राखी को जल्द ही सरेंडर करना होगा। बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने राखी सावंत की ओर से दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई से साफ इंकार कर दिया है। कोर्ट ने उन्हें 4 हफ्ते में निचली अदालत में सरेंडर करने को कहा है। दरअसल, बॉम्बे हाईकोर्ट से राखी को कोई राहत नहीं मिलने पर उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें झटका लगा है। एक तरफ जहां कोर्ट ने अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है तो वहीं दूसरी ओर राखी सावंत को 4 हफ्तों में निचली अदालत में सरेंडर होने को भी कहा गया है। अब 4 हफ्ते के भीतर राखी को निचली अदालत में सरेंडर करना होगा। अगर वो ऐसा नहीं करती हैं तो उनके साथ मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं।

### जिन्होंने देश का संविधान लिखा, वह 14 भाई बहन थे

**नई दिल्ली।** बिहार के चुनाव में अब संतानों की संख्या को लेकर सियासत शुरू हो गयी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के बच्चों की संख्या को लेकर तंज कसा था तो सोमवार को लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी यादव ने भाजपा के कई नेताओं सहित कई महापुरुषों के पारिवारिक सदस्यों की गणना कर दी। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम मेरे परिवार पर बोलने से पहले उनको जानना चाहिए कि जिन्होंने इस देश का संविधान लिखा था, वह 14 भाई बहन थे। बाबा साहब खुद 14 वें नंबर पर थे। इसके आगे उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस जी भी 14 भाई बहन थे और खुद वह आठवें नंबर पर थे।

### सेंसेक्स 560 अंक बढ़कर 73,648 के स्तर पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में सोमवार को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 560.29 अंक की तेजी के साथ 73,648.62 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 189.40 अंकों की तेजी रही। ये 22,336.40 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और केवल 4 में गिरावट रही। वहीं एनएसई के सभी 16 सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी देखने को मिली। पीएसयू बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.07 प्रतिशत की तेजी रही। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में 2.40 प्रतिशत , फार्मा सेक्टर में 1.30 प्रतिशत और हेल्थ केयर सेक्टर में 1.08 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।



## 51 लाख रुपयों की माला में दबा दूल्हा

### पहनने के लिए छत पर जाकर होना पड़ा खड़ा

एजेंसी ▸▸ मेवात

अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए लोग कई कदम उठाते हैं। कोई हेलिकॉप्टर में सवार होकर दुल्हन लेकर आता है तो कोई कुछ और जतन करता दिखाई देता है। ऐसा ही मामला राजस्थान के मेवात इलाके में सामने आया है। राजस्थान के मेवात इलाके के डीग जिले के कामां उपखंड के गांव नगला कुलवाना से दूल्हे का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दूल्हे को रिश्तेदारों ने 51 लाख रुपए की माला पहनाई है।

दूल्हे का 51 लाख की माला पहनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माला इतनी लंबी थी कि दूल्हे को छत पर जाकर खड़ा होना पड़ा है। मेवात इलाके में दूल्हे को नोटों की माला पहनाने की परम्परा वर्षों से चली आ रही है। 51 लाख की माला इतनी लंबी थी कि दूल्हे को माला पहनाने के लिए छत पर ले जाना पड़ा। इसके लिए बाकायदा सीढ़ी लगवाई गई तब जाकर दूल्हे को माला पहनाई जा सकी।

### बगैर मतदान लोकसभा में खुल गया भाजपा का खाता

## मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित

### सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होते ही सभी 8 उम्मीदवारों ने भी नाम वापस ले लिए

एजेंसी ▸▸ सूरत



गुजरात की लोकसभा सीट सूरत में न तो वोटिंग हुई, न तो मतगणना, फिर भी लोकसभा में बिना चुनाव के ही भाजपा का खाता खुल गया। जैसे ही कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभानी का नामांकन फॉर्म रद्द हुआ तो बचे हुए अन्य 8 उम्मीदवार भी धीरे से खिसक लिए और अपना उम्मीदवारी पत्र वापस ले लिया। ऐसा होते ही भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत गए।

दरअसल, सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस के कैंडिडेट निलेश कुंभानी चुनाव अधिकारी के समक्ष अपने तीन में से एक भी प्रस्तावक को मौजूद नहीं रख पाए थे। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने निलेश कुम्भानी का नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया था। बीजेपी ने कांग्रेस के कैंडिडेट निलेश कुंभानी के फॉर्म में उनके तीन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर को लेकर सवाल उठाए थे। वहीं कांग्रेस ने नामांकन खारिज करने का आरोप सरकार पर मढ़ दिया है। कांग्रेस ने कहा, कि सरकार की धमकी के सामने सब डरे हुए हैं।

#### टेली किए बगैर फॉर्म रद्द करना गलत

कांग्रेस के नेता और एडवोकेट बाबू मांगुकीया ने कहा हमारे तीनों प्रस्तावकों का अपहरण हुआ है, चुनाव अधिकारी को अभी फॉर्म पर हस्ताक्षर हुए हैं या नहीं, इसकी नहीं बल्कि अपहरण की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर टेली किए बगैर फॉर्म रद्द करना गलत है। प्रस्तावकों के हस्ताक्षर सही हैं या गलत, उसकी जांच के बगैर फॉर्म रद्द करना गलत है। वहीं निलेश कुंभानी के प्रस्तावक में उनके बहनोई, भांजे और भागीदार के हस्ताक्षर होने का दावा किया गया था, लेकिन तीनों प्रस्तावकों ने चुनाव अधिकारी के सामने कल एफिडेविट कर कहा था कि निलेश कुंभानी के फॉर्म में उनके हस्ताक्षर नहीं है, जिसके बाद से तीनों प्रस्तावक गायब हो गए।

## पंडोखर धाम में आग लगने से मची अफरा-तफरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ दतिया

मध्य प्रदेश के दतिया के पंडोखर धाम में सोमवार 22 अप्रैल की दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से संतों के लिए बनी कुटीर पूरी तरह जल गई। दमकल की गाड़ियों के समय पर नहीं पहुंचने से कुटीर में एसी सहित रखा हुआ कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

पंडोखर धाम के महंत गुरुशरण महाराज ने इस आगजनी को लेकर कुछ अज्ञात लोगों पर आरोप भी लगाए हैं। महाराज ने बताया कि बाहर के दो लड़के आए और आग लगा कर भाग गए। महाराज ने बताया कि 23 अप्रैल से 8 मई तक धाम में महोत्सव शुरू होने वाला था।

## अंपायर से भिड़ने पर कोहली पर जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुए मुकाबले में विराट कोहली के विकेट को लेकर जमकर बवाल हुआ। कोहली अपने विकेट के बाद अंपायर से बहस करते नजर आए। इसके बाद उन्होंने गुस्से में बल्ला पटका और डस्टबिन में मुक्का भी मार दिया। कोहली के नो बॉल विवाद के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक्शन लिया है। विराट कोहली को अंपायर से बहस करने की सजा मिली है। बीसीसीआई ने उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

## आज घोषित होंगे 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राज्य शिक्षा केंद्र मंगलवार 23 अप्रैल को कक्षा 5वीं और 8वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 की घोषणा करेगा। ये परिणाम आधिकारिक वेबसाइट - rskmp.in पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। छात्रों को परिणाम तक पहुंचने के लिए अपना रोल नंबर और अन्य लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करना आवश्यक है। राज्य शिक्षा केंद्र मध्य प्रदेश कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए आधिकारिक एमपी बोर्ड परिणाम 2024 मंगलवार 23 अप्रैल को जारी करेगा। छात्र परिणाम की जांच करने और ऑनलाइन मार्कशीट डाउनलोड करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट - rskmp.in पर जा सकते हैं।

## इंदौर से भोपाल जा रही महिला एएसपी की कार्डियक अरेस्ट से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



कार से परिवार के साथ इंदौर से भोपाल जा रहीं महिला सुरक्षा एएसपी (एआईजी) भोपाल प्रतिभा त्रिपाठी की तबीयत सोमवार दोपहर इंदौर भोपाल रोड पर सोनकच्छ क्षेत्र में अचानक बिगड़ गई। साथ में मौजूद परिवार के सदस्य उनको लेकर सोनकच्छ के निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिभा त्रिपाठी भोपाल में पदस्थ हैं और इंदौर में उनका मकान है। वे इंदौर से अपने पति, बच्चों एवं कुछ अन्य सदस्यों के साथ कार से भोपाल जा रही थीं। तभी रास्ते में उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें वरदान अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे ने बताया परिवार के अन्य सदस्य व रिश्तेदार सोनकच्छ आ रहे हैं। डाक्टरों ने मृत्यु का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया है।

## चारधाम यात्राः एक हफ्ते में 12.48 लाख श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस साल 10 मई से शुरू हो रही है। इसके लिए पर्यटन विभाग ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। इस साल चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण का रिकॉर्ड टूट रहा है। इस साल महज सात दिनों में पंजीकरण की संख्या 12.48 लाख पहुंच गई है। पिछले साल एक सप्ताह में लगभग चार लाख यात्रियों ने पंजीकरण किया था। पर्यटन विभाग ने चारधाम यात्रा में देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू किया था।

### गुजरात : एक साथ 35 लोग संन्यासी बने

## दीक्षा कारोबारी ने 500 करोड़ दान किए

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में जैन समुदाय ने एक विशाल समारोह का आयोजन किया। इसमें रिकॉर्ड 35 लोग दीक्षा लेकर संन्यास की राह पर निकल पड़े। इनमें 10 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, दीक्षा लेने वालों में गुजरात के दिग्गज कारोबारी भावेश भंडारी भी शामिल हैं, जिन्होंने दीक्षा लेने के लिए अपनी करीब 500 करोड़ की संपत्ति दान की है।

जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर परमात्मा महावीर स्वामी के 2550 वर्ष के निर्वाण उत्सव के मौके पर अहमदाबाद के साबरमती तट पर 5 दिवसीय भव्य दीक्षा समारोह आयोजित किया गया। आज समारोह का आखिरी दिन है।



#### दीक्षा लेने 500 करोड़ की संपत्ति दान की

मुमुक्षुओं में गुजरात के नामी बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी भी शामिल हैं। भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपने बच्चों से प्रेरित होकर ही दीक्षा लेने का फैसला किया। भावेश भाई के बच्चों ने साल 2022 में ही दीक्षा ले ली थी। भावेश भाई ने दीक्षा लेने के लिए अपनी करीब 500 करोड़ की संपत्ति दान की है।

- **दस की उम्र 18 साल से कम-** इन 35 लोगों में दस की उम्र 18 साल से कम है। इनमें भी सबसे छोटा 11 साल का लड़का है। भिक्षुक बनने वाले किशोरों में सूरत के 13 वर्षीय हेत शाह भी हैं। हेत ने उपधान तप करने के लिए लगभग दो साल पहले अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके तहत व्यक्ति को 47 दिन तक घर से दूर एक संन्यासी की तरह रहना पड़ता है।
- **5 परिवार ऐसे, जिनके घरों में लगे ताले-** दीक्षा लेने वाले इन 35 मुमुक्षु में से 5 परिवार तो ऐसे हैं, जिनके घरों में अब ताले लग गए हैं। इनमें कई परिवार ऐसे हैं, जिनके बच्चे या बड़े पहले दीक्षा ले चुके हैं और अब बाकी बचे सदस्यों ने भी संन्यास की राह चुन ली।



### महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### न्यूज कॉलम

## इंटरनेशनल डायरेक्टर ने राजवानी को पिन कलेक्शन के अवार्ड से किया सम्मानित



**उज्जैन।** रीजन कॉन्फ्रेंस निरंतर में मुख्य वक्ता पीएमजेएफ लायन विनोद कुमार लाड्या चेयरमेन लायंस कौसिल ऑफ इंडिया एवं पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर ने झोन चेयरपर्सन लायन दीपक राजवानी को विशेष अवार्ड से नवाजा। दीपक राजवानी ने वर्ष भर की गई लायन डिस्ट्रीक मल्टीपल एवं इंटरनेशनल पीन कलेक्शन कर लायंस में नया इतिहास बनाया। जिसे देखकर इंटरनेशनल डायरेक्ट ने राजवानी को सम्मानित किया। उनके साथ मुख्य अतिथि लायन जीपीएस जोहर, विशिष्ट अतिथि लायन प्रवीण वशिष्ठ, कार्यक्रम आयोजक लायन श्रीकांत वेशंपायन, अध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, नरेंद्र खंडेलवाल, पद्माकर मूले, प्रवीण खंडेलवाल, छाया विनीत लोखंडे, अभय ममता दाता, विनोद जैन, राधा चौहान, वैशाली शुक्ला, मनीष गुप्ता सहित कई लायंस पदाधिकारी मौजूद थे। संचालन लायन संजय ज्ञानी ने किया एवं आभार ऋषि राज अरोड़ा ने माना।

## खत्री अरोडवंशीय पंजाबी समाज ने मनाया बैसाखी पर्व



**उज्जैन।** खत्री अरोडवंशीय पंजाबी समाज द्वारा बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। समारोह में समाज की नन्ही प्रतिभाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर उपस्थित समाजजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज अध्यक्ष अजय जुल्का ने अतिथियों का स्वागत कर अपने उद्बोधन में सभी समाजजनों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत रजनी सेठ एवं शोभा मेहरा ने अनूठे एवं मनोरंजक तरीके से समाजजनों को हाउजी तंबोला खेल खिलाया। जिसमें विजेताओं को नकद एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये गए। आशा मुंडे ने बैसाखी पर्व क्यों मनाया जाता है और इसका क्या महत्व है, इस पर प्रकाश डाला। अंत मे समाजजनों ने पंजाबी व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक जगदीश हुरिया, कुलभूषण जुनेजा, अश्विन नरूला, डॉ सतिंदर कौर सलूजा, डॉ राकेश ढंड, सुभाष अरोरा, शालिनी नारंग, पूनम जुल्का, सिमरन अरोरा, नीलम कालरा, ज्योति नारंग, डिंपल कालरा, स्वाति कालरा, रंजन सूरी, संजय सबलोक, शशि अरोरा, कुश नारंग, कुलदीप मुंडे, राजेश ढींगरा, राजेश सूद, दीपक भोला, अजय खत्री आदि समाजजन उपस्थित रहे।

### शिक्षा विभाग स्कूल बेग पालिसी का पालन करवाने के लिए धरातल पर उतरेगा ?

# बच्चों के कांधों पर बस्ते का बोझ छुट्टी के बाद कम होगा!

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अप्रेल के प्रथम सप्ताह में सभी स्कूल शुरू हो गए। 1 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश की शुरूआत हो जाएगी। एक पखवाडे से चल रहे स्कूलों में बच्चों के कांधों पर बस्ते का बोझ दम निकाल रहा है। इन दिनों में किसी ने भी स्कूल बेग पालिसी को लेकर कोई संज्ञान नहीं लिया है। छुट्टियों के बाद इसे लेकर निती निर्धारक धरातल पर आएंगे या फिर पालिसी कागजों तक सिमटी रहेगी।

नई शिक्षा निती के धरातल पर उतारने के तहत बहुत कुछ होना है पर अभी तो स्कूल प्रबंधन और निती निर्धारक स्कूल बैग पॉलिसी 2020 का ही पालन नहीं करवा पा रहे हैं। खास यह है कि इस निती का पालन शिक्षण सत्र की शुरूआत से ही होना था। पिछले एक पखवाडे में तो ऐसा कुछ देखने को नहीं मिल सका है। शिक्षा सत्र के शुरूआत से ही इस मामले में उदासी का रवैया रहा है। इसके बाद आम चुनाव को लेकर व्यस्तताएं बढ जाने से भी स्कूल बेग पालिसी पर संभवतः जिम्मेदार ध्यान नहीं दे पाए हैं। अभी 6 दिन और स्कूलों का संचालन होना है। उसके बाद ग्रीष्म कालीन अवकाश की शुरूआत हो जाएगी । 15 जून के बाद सभी स्कूल जमकर लगेंगे। ऐसे में बस्ते का बोझ फिर से बढना तय है।



### अभी यह है हाल....

कक्षा एक से पांच के लिए स्कूल बैग का वजन आम तौर पर 2 से 3.500 किलोग्राम हो। कहीं-कही 5 किलोग्राम तक है। अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार बैग का वजन शरीर के वजन का सिर्फ 10 प्रतिशत होना चाहिए।

### ऐसे हो सकता है बोझ कम

स्कूलों को अपने यहां वजन तौल मशीन लगानी चाहिए, ताकि बस्ते की तौल हो सके। स्कूलों में पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि पानी की बोतल न ले जानी पड़े।बैग में अलग-अलग कंपार्टमेंट हो। ताकि सारी चीजें अलग-अलग फिट हो सकें। बैग में दो गद्देदार और एक बराबर पट्टियां हो ताकि यह दोनों कंधों पर आसानी से चौकोर फिट हो सकें।

वर्तमान में तो स्कूल बेग पॉलिसी का पालन नहीं हो पा रहा है। अप्रेल में आचार संहिता लगने के कारण शिक्षण सत्र में ज्यादा काम नहीं हो सका है। जून से ही शिक्षण सत्र का काम जोर पकडेगा। इसके चलते बच्चों से जमकर कापी किताब मंगवाए जाएंगे,जिससे बच्चों के बस्तों का बोझ एक दम बढना तय है। प्रायवेट स्कूल हो चाहे शासकीय सभी में एक सा हाल होने वाला है।

### यह है भारत सरकार की स्कूल बैग पॉलिसी

जो बच्चे प्री प्राइमरी क्लासेस में पढ़ रहे हैं, और 10 से 16 किलोग्राम वजन वाले हैं उन्हें अपने साथ स्कूल बैग ले जाने की जरूरत नहीं है। जो बच?चे पहली और दूसरी क्लास में पढ़ रहे हैं और उनका वजन 16 से 22 किलो ग्राम के आस-पास है, वे अधिकतम 1.6 किलोग्राम से 2.2 किलो तक के वजन का ही बैग ले जाएंगे। कक्षा 6, 7 या 8वीं के बच?चे जिनका वजन 20 से 30 किलोग्राम तक है, वे अधिकतम 2 से 3 किलो तक का बैग अपने साथ स्कूल लेकर जाएंगे। यदि उनका वजन 25 से 40 किलो तक का है तो वह 2.5 से 4 किलो तक का बैग ले जा सकते हैं। इसी तरह कक्षा 9 से 12 के बच?चे 2.5 किलो से 5 किलो ग्राम तक का बैग लेकर जा सकते हैं। नौवी 10 वीं के बैग का वजन 2.5 किलो से 4 या 5 किलो हो सकता है। जबकि, कक्षा 11 या 12 के स्टूडेंट्स के स्कूल बैग का वजन 3.5 किलो से 5 किलो तक हो सकता है।



अभी शिक्षण सत्र की शुरूआत से स्कूलों एवं कापी किताब, युनिफार्म के गठबंधन को लेकर कार्रवाई की है। चुनाव की व्यस्तताएं भी चल रही हैं। स्कूल बेग पालिसी को लेकर अभी कुछ नहीं हुआ है। 1मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएंगें। सत्र की नियमितता में जून में इस मुद्दे पर बराबर काम होना है।

**आनंद शर्मा,**
**जिला शिक्षाधिकारी, उज्जैन**

## एम्बूलेंस को नहीं मिल सका रास्ता

### खुसूर- फुसूर



सोमवार को दोपहर में सिंधी कालोनी तिराहे से घंटाघर के लिए रास्ता बंद कर दिया गया था। ऐसे में इंदौर रोड से एक लाल एंबुलेंस दो तालाब से सीधे इस रास्ते पर आई । दो तालाब के यहां खडे पुलिस कर्मियों ने एंबुलेंस को परिवर्तित मार्ग का संकेत भी नहीं दिया । इसके चलते चालक मरीज सहित एंबुलेंस को सीधे दौडाते और सायरन बजाते हुए आगे की और निकल आया। सिंधी कालोनी तिराहे पर आने पर एंबुलेंस तकरीबन जाम के हालात में फंस गई। यहां कई लोगों के चौपहिया वाहन ही सडकों पर पार्क किए हुए थे। रास्ता मिलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन जैसा हालात सामने था। इस स्थिति में भी आवागमनकर्ता पीछे से वाहनों को एंबुलेंस के पीछे ही लगाए रहे। हालात ऐसे हो गए कि एंबुलेंस न आगे जाने की स्थिति में न ही पीछे जाने की जगह उसके पास रही। कुछ देर तक एंबुलेंस चालक वाहन का सायरन बजाता रहा और एंबुलेंस में अंदर पडे मरीज की जान के लिए सभी से गुहार करता रहा । सभी मुक दर्शक बने हुए रहे। इन हालातों को देख कुछ पुलिसकर्मियों ने जैसे तैसे एंबुलेंस को वापसी के हालात बनाए , चालक ने करीब 20 मीटर से अधिक एंबुलेंस को रिवर्स किया और संत नगर के यहां से वाहन को पलटा कर फिर दो तालाब के लिए वापसी की। इन हालातों को देखकर कुछ लोग खुसूर-फुसूर करते देखे गए कि इंदौर ऐसे ही नंबर वन नहीं है। अगर यही स्थिति इंदौर में होती तो अव्वल तो एंबुलेंस को मार्ग अवरूद्ध की और आने ही नहीं दिया जाता । मार्ग के बीच में ही उसे परिवर्तित मार्ग पर भेज दिया जाता और अगर फिर भी ऐसा हो जाता तो तमाम आयोजनों को एक तरफ रखकर मार्ग खोल दिया जाता और एंबुलेंस को पहले निकालने के लिए मानवता के रक्षक और लोग एकमत होकर काम करते।

## आज प्रकटेश्वर महादेव मंदिर से निकलेंगे देवों के प्रतीक निशान



**उज्जैन।** आज 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जयंती पर फ्रीगंज स्थित श्री अखंड ज्योत हनुमान मंदिर पर प्रकटेश्वर महादेव मंदिर के देवों के 27 निशानों का पूजन कर संध्या 7 बजे ध्वजचल समारोह गैर निकाली जाएगी। जो फ्रीगंज के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। रास्ते भर नगरवासी निशानों का पूजन करेंगे।

मंदिर पैतृक पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में अखंड रामायण का पाठ एक दिन पूर्व सोमवार से प्रारंभ हुआ। वहीं आज हनुमानजी की जन्मआरती पृतः 6 बजे कर 8 क्विंटल शुद्ध घी की नुकती का वितरण पुरे दिन मंदिर पर होगा। पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि उज्जैन में सनातन परंपरा की प्राचीन धरोहर गैर पिछले 77 वर्ष से निरंतर श्री शिव विष्णु समिति द्वारा परंपरागत फ्रीगंज क्षेत्र में प्रकटेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जा रही है। पुजारी परिवार द्वारा उक्त गैर का आयोजन हर वर्ष किया जाता चला आ रहा है। जिसमें हिंदू धर्म के सभी भक्तजन शामिल होते हैं। मंदिर पैतृक पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि पुजारी परीवार की चौथी पीढ़ी मंदिर पर सेवारत है। इस वर्ष गैर का यह 78वां वर्ष है। सभी कार्यक्रम श्री शिव विष्णु समिति द्वारा फ्रीगंज के व्यापारियों व रहवासियों के सहयोग से किया जाता चला आ रहा है।

### अभी एफआरपी की मूर्तियां लगी, उड़ीसा के कलाकारों ने तराशना शुरू किया

# महाकाल लोक के लिए बंशी पहाड़पुर के पत्थर से बन रही सप्तऋषियों और शिवजी की मूर्तियां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के महाकाल मंदिर के पीछ बने महाकाल लोक के लिए बंशी पहाड़पुर के पत्थर से सप्तऋषि और शिव की नई मूर्तियां बनाई जा रही है। इन मूर्तियों के स्केच पहले से ही तैयार कर लिए गए थे। अब निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है।

अभी वर्तमान में महाकाल लोक के अंदर एफआरपी फाइबर रीइन्फोर्स प्लास्टिक की मूर्तियां लगी हैं। लेकिन अब ओडिशा के कलाकार पत्थरों से नई मूर्तियां तराश रहे हैं। यह 6 महीने में बनकर तैयार होगी। इसके बाद एक-एक कर मूर्तियां बदली जाएंगी। पुरानी मूर्तियों को मंदिर क्षेत्र के ही चौराहों पर लगाने का प्लान है।




### करीब 30 लाख रुपए तक खर्च आएगा एक मूर्ति बनाने में

सप्तऋषियों में भारद्वाज, विश्वामित्र, अत्रि, कश्यप, गौतम, जमदग्नि, वशिष्ठ की मूर्तियों की ऊंचाई 15 फीट तक तथा 10 चौड़ी होगी। नई मूर्ति के स्केच बनारस के रहने वाले कलाकार सुनील विश्वकर्मा ने तैयार किए हैं। इन मूर्तियों को बनाने में प्रति मूर्ति करीब 30 लाख रुपए खर्च आएगा।

### हिंदू मंदिरों में पत्थर की ठोस मूर्तियां लगती है

मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने महाकाल लोक में लगने वाली नई मूर्तियों को लेकर मीडिया से चर्चा में कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने टेंडर में गलती की थी, हम सोच-समझकर निर्णय लेंगे। जहां हिंदू मंदिर बनते हैं, वहां ठोस पत्थर की प्रतिमा लगना चाहिए। कांग्रेस को ये बात मालूम नहीं थी। कांग्रेस ने टेंडर में ही गलती की। हमारी सरकार सोच समझकर निर्णय लेगी। मुझे इस बात का भी संतोष है कि प्रदेश के संस्कृति मंत्रालय ने पत्थर की ठोस प्रतिमा लगाने का जो प्रस्ताव तैयार किया है वह सही है। तत्कालीन समय में एफआरपी की प्रतिमा लगाई गई थी। अब इन्हें पत्थर की बनवाया जा रहा है।

### अभी नियम नहीं होने से कनेक्शन लेने में परेशानी आती थी

# नए आदेश मकान एक और चूल्हे दो जगह जल रहे तो डबल बिजली कनेक्शन मिल जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

एक मकान में दो बिजली कनेक्शन लेना अभी आसान नहीं था। लेकिन आम लोगों की सुविधा के लिए नया नियम आ गया है। जिसमें एक मकान है और चूल्हे दो जगह जलते हो तो डबल कनेक्शन ले सकेंगे।

ऊर्जा विभाग ने बिजली कनेक्शन का यह पायलट प्रोजेक्ट उज्जैन में शुरू कर दिया है। इसमें एक मकान या परिसर में एक से अधिक परिवार या सदस्य किसी व्यवहारिक कारणों से अलग-अलग रह रहे हैं तो उन्हें बिजली कंपनी अलग घरेलू बिजली कनेक्शन देगी।

### इन बातों का ध्यान रखें...

- मूल बिजली कनेक्शन के अधीन परिवार द्वारा पृथक कनेक्शन की डिमांड पर मूल मुखिया के नाम से ही कार्रवाई की जाएगी।
- आवेदक को समग्र परिवार आईडी, आधार कार्ड और एलपीजी कनेक्शन होना अनिवार्य रहेगा।
- भौतिक सत्यापन सहायक अभियंता, स्थानीय प्राधिकारी नगर निगम वार्ड प्रभारी और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सहायक की संयुक्त समिति प्रमाण पत्र जारी कर करेगी।
- ऐसे परिसर, जिनमें किराएदार रहते हो तो उनके लिए अलग कनेक्शन के लिए रजिस्टर्ड किरायानामा पेश करना होगा।

### कंपनी ने एक साल से दो कनेक्शन देना बंद कर दिए थे

बिजली कंपनी ने एक साल से एक मकान या परिसर में दो बिजली कनेक्शन देना बंद कर दिए है, जिससे उन परिवारों की मुश्किल बढ़ गई थी, जिनका मकान या परिसर एक ही है लेकिन वे अलग-अलग रहते हैं या किराएदार रखे जाने पर नए बिजली कनेक्शन की आवश्यकता पड़ रही हो। लेकिन अब यह परेशानी नहीं आएगी। ऊर्जा विभाग के नए नियम ये सभी को राहत मिलने वाली है। ऊर्जा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी वीके गौड़ ने बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक व जिला कलेक्टर को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

### द्वितीय पुण्यतिथि



**स्व.श्रीमती शैतानबाई राठौर**
प्रभु मिलनः 23.4.22
**भावपूर्ण श्रद्धांजलि**
नानी जी को पुण्यतिथि पर श्रद्धासमुन

### स्थानीय बाजार को नहीं मिल रहा चुनाव से कोई खास आर्थिक लाभ

## सोशल मीडिया पर दिया जा रहा जोर

# परंपरागत प्रचार सामग्री का उपयोग कमजोर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देश के आम चुनाव के चौथे दौर में उज्जैन झआलोट सीट पर 13 मई को मतदान होना है। प्रचार के लिए शेष 19 दिन बचे हैं। अभी तक के प्रचार प्रसार में प्रत्याशियों ने सोश्यल मिडिया पर ही जमकर जोर दिया है। प्रचार प्रसार की परंपरागत सामग्री इस बार पूरी तरह से कमजोर दिखाई दे रही है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है पिछले चुनावों के मुकाबले परंपरागत सामग्री का उपयोग मात्र 30 फीसदी ही हो सकेगा ।

कांग्रेस हो या फिर भाजपा या अन्य कोई दल ,इस बार राजनीतिक पार्टियों का अधिक ध्यान सोशल मीडिया पर ही है। चुनाव में सोश्यल मिडिया के बढता क्रेज इसलिए भी है क्योंकि 2019 के मुकाबले 2024 में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या में 4 गुना बढ़ोतरी हुई है। पहले कुल जनसंख्या में से 19 प्रतिशत लोग ही सोशल मीडिया पर थे। वर्तमान में यह आंकड़ा 65 फीसदी तक पहुंच चुका है। घर झघर में एंड्राईड मोबाईल का उपयोग महिलाएं बच्चे कर रहे हैं। लिहाजा, बैनर- पोस्टर के उपयोग में पहले के मुकाबले काफी कमी आई है। इस बार चुनाव में परंपरागत टोपी, दुपट्टा और अन्य सामग्रियों का बाजार ठंडा ही रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि सोशल मीडिया के दौर में प्रचार-प्रसार, फोटो और वीडियो के माध्यम से बहुत तेजी से किया जा रहा है। झंडे का उपयोग संपत्ति विरूपण जैसे नियमों के तहत धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। शासकीय संपत्ति पर झंडे लगाए की मामला दर्ज होने की आयोग की तैयारी होती है।



### 30 फीसदी भी नहीं बेचा माल

परंपरागत सामग्री बेचने वाले व्यापारियों का कहना है कि पहले के मुकाबले झंडे ,बैनर ,दुपट्टा और अन्य सामग्री की बिक्री में 60-70 प्रतिशत से भी ज्यादा की कमी आई है। पिछले चुनावों की अपेक्षा इस बार परंपरागत सामग्री के उपयोग में और ज्यादा कमी आई है। इसके पीछे वे सोश्यल मिडिया के बहुत ज्यादा सक्रिय होने को मान रहे है। परंपरागत सामग्री की अपेक्षा फ्लेक्स का उपयोग बढ गया है। इस बार इसके भी कम उपयोग की स्थिति सामने आ रही है। पिछले चुनावों में जहां गमछा, टी-शर्ट, पटका व झंडे गुजरात के अहमदाबाद और सूरत में तथा टोपियां, बैज, मफलर, छतरी, स्टिकर, मुखौटा आदि दिल्ली, हरियाणा, लखनऊ और मथुरा से बनकर स्थानीय बाजार में इंदौर से आते थे।





पंजाब किंग्स की हार के बाद फूटा सहवाग का गुस्सा

@ 11

## आपकी खबरें

### अग्नि सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करें- कलेक्टर आशीष सिंह

**इंदौर।** ज़िले में लगभग 25 हजार से अधिक बिल्डिंग ऐसी हैं जो साढ़े 12 मीटर से अधिक ऊँचाई की हैं जिनमें अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय जरूरी हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने इन सभी भवन मालिकों को एक माह की अवधि प्रदान की है कि वे अपने भवनों में अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा है कि इस अवधि के पश्चात निदेशों का पालन नहीं करने की स्थिति में इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया है कि इंदौर में ऐसे व्यापारिक एवं वाणिज्यिक भवनों का चिन्हांकन कर लिया गया है जहाँ पर फायर फाइटिंग के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जाने हैं एवं तदानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाना हैं। व्यापारिक और वाणिज्यिक भवनों में जिनकी ऊँचाई 10 मीटर से कम हैं वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फस्ट हॉज रील, डाउन राइजर, मैन्यूअली फायर अलार्म सिस्टम, टैरेस टैंक (10 हजार लीटर) और फायर पम्प (450 एलपीएम) होना आवश्यक है।

### दो लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता 16 मार्च से प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा लाइसेंसी शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई लगातार की जा रही है। राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली भी हो चुकी है। कुल 792 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 3 हजार 344 अवैध हथियार, 934 कार्टिज एवं 6 विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये हैं। इसके साथ ही 2 लाख 11 हजार 651 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। प्रदेश में कुल 312 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 522 आंतरिक नाकों से कड़ी निगरानी की जा रही है। निर्वाचन निगरानी के मद्देनजर प्रदेश में 691 फ्लाईंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 833 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 39 क्विक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

### मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता साक्षरता क्लब का गठन




**इंदौर।** भागीरथ सिलावट शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत महाविद्यालय मे "कैंपस एंबेसेडर" एवं "मतदाता साक्षरता क्लब" का गठन विशेष रूप से किया गया। विद्याथियों के सहयोग से स्लोगन, पोस्टर, रैली का आयोजन किया गया। "पालकों के नाम पाती" के द्वारा स्वयं मतदान करने एवं मतदान के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। केंपस एम्बेसडर को वर्कशॉप के द्वारा मतदान जागरूकता गतिविधि की जानकारी भी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान की प्रभारी डॉ. अंजली जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी रखते हुये हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजन नियमित रूप से किये जायेंगें।

### मतदान जागरूकता संवाद मंगलवार को

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुये इंदौर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां लगातार जारी है। इसी सिलसिले में एक महत्वपूर्ण मतदान जागरूकता संवाद कार्यक्रम 23 अप्रैल मंगलवार को दोपहर बाद चार बजे से एआईसीटीएसएल सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री आशीष सिंह करेगें। इस कार्यक्रम में मार्केट एसोसिएशन, खाद्य सामग्री एसोसिएशन, कैफे, मॉल होटल एसोसिएशन आदि संस्था/संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आगामी गतिविधियों के बारे में निर्णय लिये जायेगें।


**आवश्यकता है**

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161


## धूमधाम से मनाया भगवान हाटकेश्वर महादेव का जन्मोत्सव

# शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाजजन हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन








नागर ब्राह्मण समाज द्वारा सोमवार को अपने ईश्टदेव भगवान हाटकेश्वर महादेव की जयंती धुमधाम से मनाई गई ।

इस अवसर पर समाजजनों द्वारा उज्जैन स्थित बंबाखाना, हरसिद्धि धाम, पारदेश्वर हाटकेश हाटकेश्वर विहार एवं ऊर्दपुरा देवालय में हाटकेश्वर महादेव का पूजन अभिषेक दर्शन प्रातःकाल से ही किया गया।

मुख्य रूप से इस बार भगवान हाटकेश्वर की जयंती का यह पर्व तीन दिवसीय रुप में आयोजित किया जिसके अंतर्गत उर्दू पुरा धर्मशाला स्थित हाटकेश्वर शिवलिंग के क्षरण के कारण नवीन शिवलिंग एवं माता जी की प्रतिमा की पुनः प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन विगत दिनांक 20 अप्रैल से चल रहा था इसका समापन हाटकेश्वर की जयंती के साथ संपन्न हुआ।

दोपहर 12:15 बजे सुबह मुहूर्त में जहां पुनः प्राण प्रतिष्ठा की प्रमुखआचार्य पंडित केलाश शुक्ल एवं संतोष नागर के साथ युवा नगर ब्राह्मण आचार्य द्वारा की जाकर 101 वेदपाठी ब्राह्मणो बटूको के स्वस्तिवाचन एवं हवन की पूर्णाआहुति,ब्राम्हण भोजन व दान दक्षिणा के साथ प्रमुख यजमान पंडित विजय प्रकाश मेहता के एवं पंडित विजय शंकर मेहता एवं आभा मेहता एवं समाज की समस्त संस्थाओं के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ ।

वहीं संध्या 4:30 बजे से भगवान हाटकेश्वर का पालकी में भव्य चल समारोह के रूप में बैंड बाजे और घोड़ी बग्घी के साथ समाज जनों की गरिमामय उपस्थिति में निकला।

जिसमें पुरुष वर्ग सफेद कुर्ते पजामे में एवं महिलाएं केसरिया साड़ी में शामिल हुए हनुमान के रूप में समाज के विशेष सहयोगी श्री कन्हैया मेहता ने समारोह को और आकर्षक बना दिया।

तत्पश्चा समाज की उर्दू पुरा धर्मशाला में इष्ट देव भगवान हाटकेश्वर के मुखोटे पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर साधारण सभा एवं वरिष्ठ जनों के सम्मान युवा मंडल की क्रिकेट टीम के उपविजेता बनने पर सम्मान एवं सामूहिक विवाह यज्ञोपवीत संस्कार की आयोजनों के सम्मान के साथ ही परिषद महिला मंडल युवा मंडल एवं ट्रस्ट के आय व्यय पत्रक का वाचन एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी परिषद अध्यक्ष भूपेन्द्र त्रिवेदी ने प्रस्तुत की।.साथ ही वरिष्ठ जनों के सम्मान में गोविंद लाल नागर, सुधीर नागर, सी.पी. नागर के साथ ही इंदिरा योगेश मेहता, शांता दिलीप त्रिवेदी, राधा प्रेम नारायण रावल को शाल श्री फल एवं प्रशस्ति पत्र देकर मंच पर उपस्थित अतिथि दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक सुरेंद्र मेहता सुमन ,भूपेन्द्र त्रिवेदी,डॉ .जी .के . नागर , सुरेंद्र चतुवेर्दी , संतोष जोशी ,श्री विजय प्रकाश मेहता, श्रीमती आभा मेहता, पंडित हेमंत व्यास , प्रीति शर्मा, नेहा लव मेहता, विजय शर्मा, शिलाबेन व्यास आदि द्वारा सम्मानित किया गया।

नागर ब्राह्मण परिषद उज्जैन के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र त्रिवेदी एवं महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति शर्मा युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर द्वारा विशेष रूप से तीन दिवसीय पुनः प्राण प्रतिष्ठा एवं सामूहिक यज्ञोपवीत एवं संस्कार के महा आयोजन के लिए विशेष सहयोग देने पर विजय प्रकाश मेहता, शेल मेहता, डॉक्टर जी. के. नागर , आभा मेहता के साथ ही सामूहिक विवाह समिति के सहसंयोजक डॉक्टर चंद्रकांत व्यास विजय शर्मा एवं लव मेहता का अभिनंदन किया गया इस अवसर पर सामूहिक विवाह समिति के सूत्रधार मनीष मेहता

ने न्यास अध्यक्ष डॉक्टर जी.के. नागर, सुरेंद्र चतुवेर्दी को भगवान श्री राम का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया.!..समस्त अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित समाज जनों को हाटकेश्वर की जयंती पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समाज के सारे कार्यों में एक जूटता ओर आपसी सहयोग से कार्य करने पर बल दिया। तीन दिवसीय आयोजन की जानकारी लव मेहता द्वारा दी गई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में हुई घटना से लिया सबक

# अक्षय बम के लिए रैली स्थगित कर, आमसभा पर किया फोकस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

2024 के लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में मतदान प्रारंभ होते ही इंदौर लोकसभा क्षेत्र में भी राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई। भाजपा के प्रत्याशी शंकर लालवानी और कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय कांति बम नामांकन रैली और सभा के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। इस संबंध में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों में बैठकों का दौर जारी है।

कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम 24 अप्रैल को नामांकन पत्र भरेंगे। भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी आखिरी दिन यानी 25 अप्रैल को नामांकन पत्र भरने पहुंचेगे। दोनों दलों ने प्रदेश के बड़े नेताओं को नामांकन पत्र भरने के दौरान शामिल होने का न्योता दिया है। कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम के साथ नामांकन के दिन प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और मप्र कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह भी नजर आएंगे। पहले कांग्रेस ने नामांकन के पहले रैली के आयोजन का मन बनाया था।



हालांकि अब कांग्रेस ने घोषणा की है कि नामांकन के पहले रैली की बजाय आमसभा होगी। कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मोती तबेला पहुंचेंगे। वहां आमसभा भी होगी। इसके बाद उम्मीदवार पांच लोगों के साथ नामांकन दाखिल करने निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर पहुंचेंगे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने इससे पहले उम्मीदवार के पक्ष में नामांकन रैली आयोजित कर शक्ति प्रदर्शन का मन बनाया था। बाद में इसे टाल दिया गया। बताया जा रहा है युवा कार्यकताओं ने बड़ी रैली आयोजित कर ताकत दिखाने का सुझाव दिया था। एक वरिष्ठ नेता ने रैली का सुझाव खारिज कर सभा करने का प्रस्ताव दिया। दरअसल चुनाव कार्यालय पर उद्घाटन के दौरान हुए विवाद से सहमे नेता ने किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को टालने के लिए ऐसा कहा।

इसके बाद तय हुआ कि कांग्रेस उम्मीदवार रैली नहीं करेंगे। मोती तबेला पर जनसभा होगी। उसके बाद समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन फार्म दाखिल कर दिया जाएगा।

## शंकर भी शक्ति प्रदर्शन के लिए अड़े

इंदौर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी 25 अप्रैल को नामांकन पत्र जमा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार रात इंदौर आए थे। नामांकन पत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर ही भाजपा के स्थानीय नेताओं से चर्चा की। इसके बाद उन्होंने आने की सहमति देते हुए नामांकन के दौरान मौजूद रहने की बात कही। भाजपा की ओर से भी अभी किसी तरह की रैली की घोषणा नहीं हुई है।

प्रत्याशी जल्दी घोषित होने के कारण और मौजूदा सांसद शंकर लालवानी को टिकट फिर से मिलने की वजह से चुनाव अभियान में भाजपा कांग्रेस के मुकाबले काफी आगे है। इंदौर नगर भाजपा की बात करने तो। नगर भाजपा ने इंदौर के सभी वार्डों में बैठकें कर ली हैं। भाजपा के मतदान प्रबंधन की टीम विधानसभा चुनाव के दौरान पिछले वर्ष अगस्त में ही बन गई थी। पार्टी ने अपने मतदान केंद्र प्रबंधन में लगे कार्यकर्ताओं को लगातार सक्रिय रखा है।

यह स्थिति भाजपा इंदौर ग्रामीण जिले की है। युवा चिंटू वर्मा के अध्यक्ष बनने के बाद संगठन की सक्रियता में और अधिक तेजी आई है। भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी को जहां संगठन और संघ परिवार की पूरी मदद मिल रही है वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय कांति बम अपने बलबूते पर किला लड़ा रहे हैं। कांग्रेस संगठन की हालत पहले से ही कमजोर है। यहां तक कि नगर इकाई की कार्यकारिणी भी बन नहीं पाई है।



## निगम स्वामित्व के संसाधनों का उपयोग कर की जा रही नालों की सफाई

# निरंतर जारी है नाला एवं नालियों का सफाई कार्य



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्षा ऋतु आरंभ होने के पूर्व शहर के समस्त छोटे एवं बड़े नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए साथ ही जिन नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका हो उनका भी सतत निरीक्षण कर कचरा जमा होने की स्थिति में पूनः सफाई करवाई जाए।

यह निर्देश आयुक्त श्री आशीष पाठक द्वारा स्वास्थ्य विभाग अमले को दिए गए। आपने कहा कि वर्षा ऋतु के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए की किसी भी नाले-नालिया जाम ना हो तथा उनमें किसी भी प्रकार का कचरा ना फसा हो, जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है वहां के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

आपने कहा कि वर्षा ऋतु के पूर्व समस्त नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य 30 मई तक पूर्ण किया जाना हमारा लक्ष्य है ताकी पुनः एक बार समस्त नाले एवं नालियों की सफाई करवाई जा सके। नगर निगम द्वारा स्वयं के संसाधनों के माध्यम से जिसमें जेसीबी, पोकलेन डंपर, बॉबकेट मशीन,ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग किया जा रहा है।

सोमवार को भी विभिन्न क्षेत्रों में नालों की सफाई का कार्य किया गया जिसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 हीरा मिल का नाला, वार्ड क्रमांक 50 ऋषिनगर स्थित नाला, वार्ड क्रमांक 54 उद्योगपुरी क्षेत्र स्थित नाले की सफाई का कार्य किया गया साथ ही ऐसे वार्ड जहां पर बड़े वाहन नहीं पहुंच पाते हैं वहां पर नाला गैंग के कर्मचारियों के माध्यम से सफाई का कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है।

### मतदान केन्द्रों पर अंकित की जा रही आवश्यक जानकारी

**उज्जैन।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत 13 मई 2024 को मतदान होना है। आयुक्त आशीष पाठक के निदेर्शानुसार समस्त झोनल अधिकारियों द्वारा मतदान केन्दो पर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं पर कार्य आरंभ कर दिया गया। मतदान केन्द्रों पर संसदीय क्षैत्र क्रमांक एवं नाम, मतदान केन्द्र क्रमांक एवं नाम, सहायक रिर्टनिंग अधिकारी एवं बीएलओ का नाम एवं मोबाईल नम्बर, मतदाताओं की संख्या, मतदान दिनांक एवं समय इत्यादि अंकित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## कांग्रेस पस्त, पहले ही पराजय मान ली है- डॉ. मोहन यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में बयान देते हुए कांग्रेस को पस्त बताया है मुख्यमंत्री यादव का कहना है कि कांग्रेस ने पहले ही पराजय मान ली है।

वे उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया के नामांकन दाखिल करने के बाद भाजपा संभागीय कार्यालय लोकशक्ति में मीडिया कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद मिडिया से बात कर रहे थे।

उनकी उपस्थिति में भाजपा अभ्यर्थी ने प्रशासनिक संकुल भवन में कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी उज्जैन नीरज कुमार सिंह के समक्ष 4 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए।

मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस लगातार पस्त होते हुए दिखाई दे रही है। हम अपने दम से कह रहे हैं कि हम 29 के 29 जीतेंगे। फिर भी हम अपने कार्यकताओं के बीच खड़े रहकर उन्हें प्रेरणा भी दे रहे हैं और खुद भी शामिल हो रहे हैं जब तक आखिरी वोट ना पड़ जाए तब तक हमें सावधान रहना है। मुख्यमंत्री यहां रैली में शामिल हुए। उसके बाद भोपाल के लिए रवाना हो गए।

### मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास की प्रांतीय बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुए

**उज्जैन।** म प्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के द्वारा महत्वपूर्ण बैठक उज्जैन में सभी पदाधिकारी की समिति से के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश राठौर व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता तोमर निर्वाचित किए गया। संस्थापक व अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा को प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें प्रमुख रूप छह बिंदुओं पर चर्चा हुई । जिसमें 1 मध्य प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। 2 महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती हेमलता जी तोमर के नेतृत्व में महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी घोषणा कर दी गई।

# नागर समाज का सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवित संस्कार का आयोजन हुआ




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुर्यात सदा मंगलम, सब मंगल ही मंगल होता है जहां पवित्र भावनाओं के साथ कोई शुभ कार्य हो। ऐसा ही शुभ संयोग बना जब रविवार को नागर ब्राह्मण समाज शाखा उज्जैन, नागर महिला मंडल उज्जैन, युवा मंडल उज्जैन के तत्वाधान व पंडित कैलाशजी शुक्ल के आचार्यत्व में नागर समाज का सामूहिक विवाह एवं सामुहिक यज्ञोपवित संस्कार सम्पूर्ण रीति रिवाजों , वर वधु पक्ष, बटुक के परिजनों के मान सम्मान अतिथियों के स्वागत सत्कार, मधुर सुस्वाद भोजन, व्यवस्थित मैनेजमेंट संचालन लव मेहता के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक विजय प्रकाश मेहता और सह संयोजक डॉ. चंद्रकांत व्यास, विजयकुमार शर्मा, मनीष मेहता एवं संपूर्ण मंडली जिनके द्वारा उठाए इस बीड़े को स्थानीय समिति व अन्य शाखाओं से पधारे सदस्यों की अलग अलग कार्यों के लिए बनाई समिति के सामूहिक समाज के दान दाताओं के प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से मिले सहयोग से पूरा हुआ।

म. प्र नागर समाज के अध्यक्ष केदार रावल, प्रदेश महासचिव हेमंत व्यास, प्रदेश महिला अध्यक्ष सोनिया मंडलोई, प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष नेहा मेहता, प्रदेश युवक मंडल अध्यक्ष के. के. व्यास, युवक परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष योगेश मेहता के साथ प्रदेश की तीनो शाखाओं से पधारे समस्त पदाधिकारीयों की उपस्थिति में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डॉ जी.के नागर, अध्यक्ष भूपेन्द्र त्रिवेदी, स्थानीय महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति शर्मा, स्थानीय युवक मंडल अमित पंचोली को समाजजनों ने सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

## न्यूज-कॉलम



### दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी अमृता राय ने शहर के नागरिकों से की मुलाकात

**सारंगपुर।** नगर के वार्ड नंबर 2 कोलीवाडा में रविवार को दोपहर 3 बजे राजगढ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी अमृता राय सिंह ने महिलाओ के सम्मेलन में हिस्सा लिया और नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीदिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए आपके क्षेत्र का काफी विकास किया है और आप लोगों के बीच हमेशा सक्रिय रुप से जन समस्याओं का निराकरण करते रहे है। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। बढती हुई महंगाई एवं बेरोजगारी पर लगाम लगाने के लिए श्रीसिंह को जीताना है। इस अवसर पर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अली, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, कैलाश राजपूत, चंदर सिंह परमार, शेख मुशर्रफ, कान्हा अहिरवार, सुमित सोनी, शोएब राही, एजाज यादें, शान मिर्जा, आशिक बाबा, दिनेश धनगर, अनिल अहिरवार, राहुल अहिरवार, संदीप अहिरवार, नीलू दुबे, रीना मालवीय, सुगन बाई अहिरवार, सुमित्रा बाई अहिरवार सहित बडी संख्या में महिलाऐ एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत पड़ाना में शत प्रतिशत मत-दान हेतु मतदाताओं को किया जागरूक




**पड़ाना।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राजगढ हर्ष दीक्षित के आदेश अनुसार सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी संजय उपाध्याय के निर्देश अनुसार सारंगपुर विधानसभा में मतदाता जागरूकता की विभिन्ना गतिविधि आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पड़ाना बाजार में मतदाता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता सारंगपुर के नोडल सहायक नरसिंह शर्मा ने कहा कि सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करना है शत प्रतिशत मतदान में आंगनवाडी कार्यकर्ता बूथ लेवल अधिकारी आदि की महिती भूमिका रहेगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन भी किया गया है। जिसकी जवाबदारी मतदाता जागरूकता की विभिन्ना गतिविधियां जैसे मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, कलश यात्रा रैली का आयोजन करना है। इस अवसर पर शिक्षक दिनेश चौहान, हरीश शर्मा, समाजसेवी कैलाश टेलर आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### समूह विवाह सम्मेलन में शामिल होंकर पूर्व सीएम ने 44जोडों को दिया आशीर्वाद



**सारंगपुर।** भारतीय बलाई मालवीय समाज सम्मेलन समिति कल्याणपुर बीचपडी द्वारा लगातार 12 वर्ष से आयोजित किए जा रहे हैं सामूहिक विवाह सम्मेलन में रविवार रात्रि को 44 जोडे एक दूजे के हुए। विवाह सम्मेलन में हजारों की तादाद में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, सांसद रोडमल नागर, अखिल भारतीय समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, पूर्व विधायक हजारीलाल मालवीय एवं कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना मालवीय, जनपद सदस्य बनवारी मालवीय, कला महेश मालवीय सहित सभी समाज जनों की उपस्थिति दर्ज की गई। पूर्व सीएम श्रीसिंह ने सभी 44 जोड़ो को आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दिग्विजय सिंह दामाद रत्नाकर सिंह के निधन पर कांग्रेस जनों ने दी श्रद्धांजलि

**सारंगपुर।** पूर्व सीएम एवं राजगढ कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह के दामाद एवं उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिला अंतर्गत रामनगर स्टेट के राज परिवार के सदस्य राजा रत्नाकर सिंह का गत दिवस उपचार के दौरान लखनऊ में निधन हो गया। लगभग 61 वर्षीय श्री सिंह कैंसर की बीमारी से पीडित रहे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार लखनऊ में किया गया।

# मानव जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए समानता-अमृता सिंह

## सकल जैन समाज के कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व सीएम की पत्नी अमृता सिंह, भगवान महावीर के बारे में रखे अपने विचार

नगर प्रतिनिधि ▸▸ सारंगपुर



जैन समाज की महिलाओं ने श्रीमती सिंह को किया सम्मानित।



जैन समाज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अम्रता सिंह।

भगवान महावीर स्वामी ने दुनिया को अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, और ब्रह्माचर्य के बारे में बताया है, जिसे जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत के तौर पर जाना जाता है, उन्होनें अपने जीवन में लोगों को सही राह दिखाने और जियो और जीने दो के संदेश से लोगों का मार्गदर्शन करने का काम किया। महावीर स्वामी ने जीवन में कई उपदेश दिए हैं। उनका मानना था कि मनुष्य को कभी भी असत्य के मार्ग पर नहीं चलना चाहिए और जितने भी जीव इस दुनिया में हैं, उन पर कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए।

उक्त उद्गार सकल जैन समाज के एबी रोड किनारे कीर्ति स्तंभ परिसर में आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में शामिल हुई पूर्व सीएम की पत्नी अम्रता सिंह ने भगवान महावीर के बारे में अपने विचार रखते हुए व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि भगवान महावीर का जन्म राज महल में हुआ था, बचपन में इनको वर्द्धमान नाम से जाना जाता था। इनके पिता का नाम महाराज सिद्धार्थ और माता का नाम महारानी त्रिशला था। लेकिन धीरे-धीरे राज पाट से महावीर भगवान का मन उकता गया, वो जीवन के सत्य की खोज करने लगें और आखिरकार 30 वर्ष की आयु में राज महलों के सुख को त्याग कर सत्य की खोज में जंगलों की ओर चले गए। घने जंगलों में रहते हुए इन्होंने बारह वर्षों तक कठोर तपस्या की, जिसके बाद ऋजुबालुका नदी के तट पर वृक्ष के नीचे उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। भगवान महावीर ने समाज सुधार और लोगों के कल्याण के लिए उपदेश दिए। भगवान महावीर ने मोक्ष प्राप्त करने के लिए मनुष्यों के लिए पांच नियम स्थापित किए, जिन्हें हम पंच सिद्धांत के नाम से जानते हैं।

ये पांच सिद्धांत हैं- अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह। श्रीमति सिंह ने कहा कि निडर, सहनशील और अहिंसक होने के कारण उनका नाम महावीर पडा। भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में अहिंसा, सत्य, और ब्रह्मचर्य पर सबसे अधिक जोर दिया। उनके प्रवचनों में हमेशा त्याग, संयम, प्रेम, करुणा, और सदाचार की बातें होती थीं। उनका मानना था कि मानव जीवन का सबसे बडा लक्ष्य समानता होना चाहिए। मनुष्य के दुखी होने का कारण उसकी अपनी गलतियां हैं। जिस मनुष्य ने अपनी गलतियों पर काबू पा लिया, वह सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। स्वयं से लडो, बाहरी दुश्मनों से क्या लडना? जो स्वयं पर विजय पा लेगा, उसे आनंद की प्राप्ति होगी। कार्यक्रम के पूर्व सकल जैन समाज की महिला मंडल ने श्रीमति सिंह का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अर्पिता संजय डेडी ने दिया। संचालन सकल जैन समाज के प्रवक्ता मनोज जैन ने किया तथा आभार सकल दिंगबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन ने माना। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री नीलू दुबे, रीना मालवीय, विमलश्री जैन, मनीषा जैन, निर्मला जैन, प्रीतिबाला जैन, नीरा जैन, बिंदिया जैन, रुचि सिंघई, प्रमिला जैन, गरिमा जैन, अर्चना जैन, आशा जैन, सपना जैन, सकल जैन समाज अध्यक्ष निर्मल जैन, अनिमेष जैन, अंकित जैन, सीके जैन, अखिलेश लोढा, डा. लतेश सिंघई, अनिल जैन, पंकज जैन, संजय जैन, निलेश सिंघई आदि उपस्थित थे।

# पिता-पुत्र की एक साथ निकली शवयात्रा देख हर किसी की आंख से निकले आंसू

## बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी सारंगपुर निवासी दो बाइक सवारों की मौत

नगर प्रतिनिधि ▸▸ सारंगपुर




सारंगपुर के खरिया मोहल्ला निवासी पिता पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सोमवार दोपहर पिता और पुत्र की एक साथ शवयात्रा निकली तो हर किसी की आंखों से आंसू निकल आए और शहर में सन्नटा छा गया। दरअसल सारंगपुर शहर में रविवार रात 11 बजे भावना होटल के सामने बाइक सवार पिता-पुत्र की सडक दुर्घटना में मौत हो गई थी।

सारंगपुर के वार्ड एक खारिया मोहल्ला निवासी भाजपा नेता केदार पिता तुसलीराम पुष्पद (50) और उनके बेटे दीपक पुष्पद (25) सारंगपुर से 15 किलोमीटर दूर पड़ाना कस्बे में आयोजित समाज के संतोष पुष्पद के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गए थे। रविवार रात 11 बजे के करीब शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटते समय सारंगपुर में अकोदिया नाका भावना होटल के सामने विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही सफेद रंग की कार ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक पुत्र दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल भाजपा नेता पुष्पद और मृतक पुत्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां से ज्यादा गंभीर होने पर पुष्पद को इंदौर रेफर किया गया, लेकिन इंदौर ले जाते समय उनकी भी मौत हो गई। थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने बताया कि पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र के शव की पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम पर किया गया है। हमारे द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर वाहन को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

**शवयात्रा में शामिल हुए सैकड़ो लोग**

सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुए पिता पुत्र की शवयात्रा में पुष्पद समाज सहित अन्य समाज के लोग सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। शवयात्रा मोहल्ला खरिया से निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए पाडल्या रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां दोनो का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि मृतक पिता केदार पुष्पद के तीन पुत्र है जिनमें से एक दीपक पुष्पद की उनके साथ दुर्घटना में मौत हो गई। दीपक भी शादीशुदा था और उसके एक लगभग 6 वर्ष का पुत्र और एक वर्ष की बालिका है।.

### हमारा भविष्य उज्जवल हो बेहतर कल के लिए मतदान आवश्यक है:बबीता मिश्रा




**सारंगपुर।** पिछले विधानसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय और जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता का संदेश दे रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इसी कड़ी में शासकीय माडल स्कूल सारंगपुर के द्वारा सोमवार को नगर में मतदाता जागरुकता के लिए रैली का आयोजन किया और नुक्कड सभा के माध्यम से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने का कार्य किया गया है। नुक्कड सभा के माध्यम से मतदान का महत्व समझाया। माडल स्कूल प्राचार्य बबीता मिश्रा ने कहा कि मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग कर जागरूक नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। उन्हें लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया।

## प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु बाइक राइडर्स रैली निकली

**ब्यावरा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा वर्ष 2024 को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया जा रहा, जिसके तहत जलसंवर्धन हेतु बाइकर्स द्वारा पूरे प्रदेश में संदेश देते हुए 21 अप्रैल को राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में मुख्य मार्गो से होते हुए एक बाइक रैली का आयोजन किया गया सदस्यों मे महिला राउंड डॉक्टर अर्चना कोठारी रस्तोगी के साथ राजगढ़ जिले के कई सदस्य मौजूद रहे, स्वर्ण जयंती उत्सव समारोह का भव्य आयोजन नवंबर 2024 को भोपाल में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। संस्था के सदस्यों द्वारा रैली का शुभारंभ 17 अप्रैल को भोपाल से प्रारंभ हुआ जो 26 अप्रैल को पुनः भोपाल में उक्त रैली का समापन होगा। रैली का मुख्य उद्देश्य प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जनमानस में प्रचार करना है इसी उद्देश्य को लेकर यह मोटर साइकिल रैली भोपाल से आरंभ होकर मंडीदीप, बैतूल, छिंदवाड़ा, कटनी, रीवा, सतना, ग्वालियर होते हुए राजगढ़ पहुंची यहाँ से शाजापुर, रतलाम, इंदौर व उज्जैन होते हुए भोपाल में समाप्त होगी, रैली में हर इकाई के पास राइडर्स जुड़ते जाएंगे इस तरह रैली में पूरे प्रदेश से लगभग 70 राइडर्स हिस्सेदारी करेंगे। आपने शहीद भरथरे बस स्टैंड के समीप शिवालय पर स्थित प्राचीन जल स्त्रोत केंद्र की स्वच्छता की सराहना करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, जल की सुरक्षा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है जलाशयों में पूजा सामग्री का विसर्जन करने से न केवल जल प्रदूषित होगा बल्कि धीरे-धीरे समस्त जल स्त्रोत भी बंद हो जायेंगे और भविष्य में जल संकट उत्पन्न हो जाएगा, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर की कॉलोनी में खाली पड़े प्लाट, रहवासियों के लिए जानलेवा होते जा रहे

नगर प्रतिनिधि ▸▸ जीरापुर



नगर में बनी कॉलोनी में प्लाट धनी सेठो के लिए इन्वेस्ट का जरिया बन अच्छा मुनाफा कमाने का साधन बने हुए हैं, पर यही खाली प्लाट यहां के रेवासियों के लिए दिन प्रतिदिन जानलेवा होते जा रहे हैं। इसके लिए प्रशासन को भी बार-बार अवगत कराते रहे हैं पर हालात जस के तस बने हुवे है। खाली पड़े हुए प्लांट इनके मालिकों के द्वारा इनमें कोई कंस्ट्रक्शन न करने व ना बाउंड्री बनाने की वजह से कूड़ेदान बने हुए हैं, इसके कारण यहां जहरीला जीव जंतु के साथ-साथ आवारा जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है। साथ ही यहां आसपास रहने वाले ऐसे पढ़े-लिखे लोग जो सफाई का मतलब सिर्फ अपने घर को साफ रखने से समझते हैं

उन्हें आसपास गंदगी फैलाने से कोई परहेज नहीं जबकि इनमें वह पढ़े लिखे व शासकीय कर्मचारीयों के परिवार भी शामिल हैं जो की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का हिस्सा बन उनके कार्यक्रमों में भाग ले फोटो खिंचवा समाचार पत्रो मैं सुर्खियां पाते हैं, विडंबना यह है कि प्रशासन तो आंखें मूंदे बैठा है साथ ही साथ रहवासी भी उन लोगों का जीना हराम कर रहे हैं जो की इन खाली प्लाटों के आसपास रहते हैं,

कचरा गाड़ी आने के बावजूद भी गंदगी खाली प्लाटों में फेंक अपने आप को बड़ा महसूस करते हैं,ऐसा लगता है जैसे इनको ऐसा करने से शुकून मिलता है। नगरीय प्रशासन इस ओर शीघ्र ध्यान दे कॉलोनी में पड़े खाली प्लॉट के खतरों से यहां के रहवासियों को बचाएं। क्योंकि बारिश का मौसम आने के बाद यह खाली प्लॉट और भी खतरनाक हो जाते हैं जब यह छोटे तालाब में तब्दील हो जाते हैं तब इनमें जहरीले जीव जंतु भी अपना आशियाना बना लेते हैं।

**इनका कहना है**

हमने इसके लिए नगर के चार कॉलोननिनाईजरो को पहले भी नोटिस दिये थे, और अभी चंद दिनों पहले भी नोटिस भेजा है अगर इसके बाद भी गंदगी रहती है तो नगर परिषद द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**मोहम्मद अली खान**
**मुख्य नगर परिषद अधिकारी जीरापुर।**

इसके लिए कॉलोनीईनजरों को फिर से नोटिस देंगे साथ ही प्लाटों के मालिकों को भी बुलाकर प्लाटों को व्यवस्थित करने को कहेंगे ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

**अनुसूईया पवन कुशवाहा।**
**अध्यक्ष (नगर परिषद जीरापुर)**

# जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए बाईक राइडर्स की रैली सारंगपुर पहुंची

नगर प्रतिनिधि ▸▸ सारंगपुर

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मप्र राज्य शाखा द्वारा वर्ष 2024को स्वर्ण जयंती उत्सव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत जल संवर्धन का संदेश देने के लिए बाइकर्स रैली का आयोजन किया गया है। 15 बाइकर्स की रैली का शुभारंभ 17 अप्रैल को भोपाल में हुआ जो सोमवार को सारंगपुर शहर में पहुंची। स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर अर्चना रस्तोगी ने बताया कि भीषण गर्मी में साहस से प्राचीन जल स्रोत संरक्षण बाइक रैली 23 अप्रैल को उज्जैन पहुंचेगी।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मध्य प्रदेश ब्रांच मध्य प्रदेश के संपूर्ण जिलों में बाइक रैली के द्वारा प्राचीन जल स्त्रोतों का संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। हम तालाब बावडी नदी का संरक्षण कर जल स्तर को बढाएंगे बहुत खतरनाक दुष्परिणाम भविष्य में सामने आएंगे। इस अवसर पर जिला इकाई यूथ हॉस्टल असोशियन के सचिव सलिल सक्सेना, उपाध्यक्ष बबीता मिश्रा, सदस्य राजू गुप्ता, महादेव मित्र मण्डल अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय, भादर भाई, रामबाबू कारपेंटर, अजित शर्मा, सुनील मिश्रा, रजनीश मिश्रा, सिदार्थ, अवनीश, स्वेता मिश्रा, तृप्ति मिश्रा, अनि विजय वर्गीय, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रोहित, बीरबल, स्नेहा, अंजलि, चंद्रिका, आयुषी, तरुण होकम, नैतिक, तथा मॉडल स्कूल के छात्रों ने बाइक रैली का स्वागत किया। छात्रों ने मनोज जोहरी अध्यक्ष राष्ट्रीय इकाई यूथ हॉस्टल तथा साथियो से रैली का उद्देश्य पूछा तथा छात्रों ने कहा आपकी रैली से जनमानस प्रभावित हों रहा है हम भी इस के लिए कार्य करेंगे। बाइक राइडर्स में मनोज जौहरी, श्रीपाद कुंडले, मानव अग्निहोत्री, एसए नकवी, दिलीप चंद्राकर, अशोक वर्मा, दिलीप चौहान, डॉ. अर्चना रस्तोगी, वेदांत, हेमंत गुप्ते, सलिल सक्सेना, अनिल शिवहरे, संदीप शमा, पंकज शिवहरे आदि शामिल है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेहरबान सिह पिता लक्ष्मणसिह जाति अहीर निवासी ग्राम महुडिया तहसील व जिला आगर-मालवा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रं. 104 रकबा 0.40 आरे स्थित ग्राम महुडिया तहसील आगर मालवा को खरीदने का सौदा किया जाकर सौदे पेटे आंशिक बयाना राशि समक्ष गवाहन विक्रेता को अदा कर दी गई है तथा शेष विक्रय मूल्य अदाकर उक्त भूमि का विधिवत पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय-अर्द्धशासकीय निकाय को उक्त सौदे पेटे इस बात की आपत्ति हो कि उक्त भूमि पर उसका कोई ऋण, भार, हक, बोझ या स्वामित्व संबंधी कोई विवाद या किसी प्रकार का लेन-देन आदि है जिसके कारण उक्त सौदा नहीं किया जा सकता है तो संबंधित आपत्ति के मय लिखतम प्रमाण सहित इस जाहिर सूचना प्रकाशन पश्चात आगामी (7) सात दिवस में अपनी आपत्ति मेरे समक्ष करे जिससे संबंधित आपत्ति का विधिवत निराकरण किया जा सके बाद गुजरने जाहिर सूचना प्रकाशन मियाद पश्चात उक्त सौदे पेटे बकाया राशि उक्त भूमि स्वामी को अदाकर हमारे हक में उक्त भूमि को विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा पश्चात कोई हक उज्र हमारे ऊपर बंधन कारक नही होगा। सूचित हो इति दिनाँक 22.04.2024 अपनी आपत्ति निम्न नंबर पर करें।

**मोहन बड़ोदिया**
**मोबाइल नंबर 97536-00931**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मोहम्मद मुददसीर खान, मोहम्मद हासीम अवयस्क पुत्रगण अब्दुल कादीर अवयस्क संवरक्षक मामा सदाकत उद्वीन के निदेर्शानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अब्दुल रफीक पिता हाजी अब्दुल शकुर जाति मुसलमान निवासी-18/1 मिर्जा गालिब पथ बड़नगर जो कि मेरे पक्षकार के दादाजी है के नाम पर अंकित ग्राम बरगाड़ी तहसील बड़नगर के भूमि सर्वे नंबर 119/2 रकबा 1.19 हे. तथा बड़नगर नगर मे जवाहर मार्ग डायवर्शन रोड़ स्थित गृह कं 25 जो 20 बाय 80 फीट का है तथा गृह क्रमांक 18/1 मिर्जा गालिब पथ गली नंबर 2 बड़नगर मे मेरे पक्षकार मोहम्मद मुददसीर खान, मोहम्मद हासीम पुत्रगण अब्दुल कादीर का 1/3 स्वत्व है। तथा इस संबध मे न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड बड़नगर के न्यायालय मे वाद स्वत्व घोषणा स्थाई निषेधाज्ञा का विचाराधीन है ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अब्दुल रफीक पिता हाजी अब्दुल शकुर निवासी बड़नगर से उपर वर्णित संपति के संबध मे किसी प्रकार का व्यवहार नही करे क्रय नही करे, भारग्रस्त नही करे अन्यथा समस्त परिणामो का दायित्व संबधित व्यक्ति का रहेगा दिनांक-22.04.2024

**उज्जवल जोशी एडवोकेट**
**व्यास कालोनी बड़नगर जिला उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विकेतागण-श्रीमती मोहनीबाई विधवा शम्भूलालजी, श्रवणलाल, छोटेलाल, पिता शम्भललाल जी, श्रीमती सुरजाबाई बैवा हरिरामजी, मोहनलाल पिता हरिरामजी समस्त जाति-धाकड निवासीगण ग्राम माधौपुरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं.44/2 रकबा 0.58 हे. सर्वे नं. 51/2 रकबा 0.71 हे. सर्वे नं. 45 रकबा 1.36 हे. सर्वे नं. रकबा 0.15 हे. कृषि भूमि ग्राम रूनिजा-माधौपुरा तहसील बडनगर में स्थित है उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा तय किया है। उक्त भूमि के सौदे की बयाना राशि विक्रेतागण को समक्ष गवाहान के अदा कर दी है अनुबंध पत्र सम्पादित किया जाना है तथा शेष निर्धारित विक्रय मूल्य की राशि अदा की जाकर उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि का विकय पत्र सम्पादित कराया जाना शेष है। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि से संबंधित किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, विभाग, बैंक, वित्तीय संस्था, कार्यालय आदि का कोई भी ऋण, भार, हित, स्वत्व, अधिकार आधिपत्य हो या उक्त संव्यवहार के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अन्दर उपरोक्त कृषि भूमि से संबंधित समस्त असल दस्तावेज लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा बाद मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त क्रय की गई कृषि भूमि का पंजीयन करा लेवेगे बाद अवधि किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो पाबन्दी करे। दिनांक-22.04.2024

**मोहम्मद सलीम मंसुरी एडवोकेट**
**महात्मा गाँधी मार्ग, बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नम्बर-94254-95016**

## खास न्यूज

### जिलाबदर बदमाश पर राज्य सुरक्षा अधिनियम का केस दर्ज

**उज्जैन।** 28 अपराधों में शामिल रह चुके बदमाश हेमंत उर्फ बूचा पिता सुरेन्द्र गुप्ता निवासी गजानंद कम्पाउंड हीरामिल की चाल को जिलाधीश के आदेश पर जिले की सीमा से सालभर के लिये बाहर करते हुए 23 नवबंर 2023 को जिलाबदर आदेश जारी किया गया था। बदमाश को नवबंर 2024 में शहर की सीमा में आना था, लेकिन शनिवार-रविवार रात वह चाकू लहराता हुआ एमआर-5 मार्ग नक्षत्र होटल के यहां घूम रहा था। चिमनगंज थाना पुलिस को बदमाश के चाकू लहराने की खबर मिली तो मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। चाकू बरामद होने पर 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं जिलाबदर अवधि के दौरान शहर में आने राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 में प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेजा गया है। 2 दिन पहले ही चिमनगंज थाना पुलिस ने आगररोड से विराटनगर में रहने वाले बदमाश गोलू उर्फ मुबारिक हुसैन को जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करते हुए गिरफ्तार किया था। उसके पास से भी चाकू जप्त हुआ था।

### नीमखेड़ा में गाय को लेकर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम नीमखेड़ा में बेराई माता चौराहा पर रहने वाले रमेश पिता चैनसिंह गुर्जर 40 वर्ष और जीवन पिता बंशीलाल बाछड़ा 30 वर्ष के बीच गाय को खुला छोड़ने की बात पर को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के परिजन भी आ गये और गाली-गलौच के साथ मामला मारपीट में बदल गया। दोनों का आरोप था कि वह अपनी गाय छोड़ खुली छोड़ देते है। गाय उनके घर के सामने बैठी रहती है। मारपीट में रामेश गुर्जर और दूसरे पक्ष से जीवन घायल हुए है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जीवन ने शिकायत में जातिसूचक शब्द करने बात भी दर्ज कराई।

### खेत पर बनी टॉपरी में छुपा रखी थी विदेशी शराब

**उज्जैन।** आदर्श आचार संहिता के चलते जिले में अवैध शराब कारोबारियों की धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। रविवार-सोमवार रात नागदा थाना पुलिस को खबर मिली कि ग्राम गुराडिया पित्रामल में राकेश ने अपने खेत पर बनी टापरी में अवैध शराब रखी है और नशा करने वालों को बेच रहा है। प्रधान आरक्षक सोमसिंह पड़ताल के लिये मौके पर पहुंचा तो पुलिस को देख राकेश भाग निकला। टापरी की तलाशी लेने पर वहां से एमडी व्हीस्की अंग्रेजी शराब के 70 क्वार्टर बरामद हो गये। मामले में राकेश के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34 का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। शनिवार-रविवार रात भाटपचलाना पुलिस ने ग्राम सिलोदिया रोड ग्राम गावड़ी देवसी से सोहनलाल के खेत पर दबिश देकर भूसे में छुपाकर रखे देशी शराब के 390 क्वार्टर बरामद किये थे। ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का अवैध करोबार तेजी के साथ बढ़ता दिखाई दे रहा है।

### अस्पताल परिसर में मृत मिले व्यक्ति का शव दफनाया

**उज्जैन।** जिला अस्पताल परिसर से रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव अस्पताल स्टॉफ की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बरामद किया था। जिसके पास से कुछ दस्तावेज मिले थे। जिस पर उसका नाम राधेश्याम पिता आनंदीलाल बड़करे निवासी गाम मोढ़ बलड़ी जिला राजगढ़ होना सामने आया था। पुलिस ने दस्तावेजों के आधार पर राजगढ़ पुलिस से संपर्क कर परिजनों को तलाश करने का प्रयास किया। पता चला कि उक्त परिवार पांच साल पहले तक गांव में रहता था। उसके बाद यहां से चला गया था, तभी से किसी का भी कुछ पता नहीं है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनों को पता नहीं चल पाने पर सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को चक्रतीर्थ के समीप दफनाया गया है। उसके पास से एक झोला मिला था, जिसमें कपड़े और बर्तन रखे होना सामने आये थे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 256-3 | 256-3 |
| मेन बाजार | 267-5 | 456-5 |
| कल्याण नाइट | 150-6 | 680-4 |
| मिलन डे | 246-2 | 179-7 |
| मिलन नाइट | 126-9 | 569-0 |
| रुकमणि मानिंग | 268-6 | 440-8 |
| रुकमणि नाइट | 490-3 | 780-5 |
| मधुर डे | 299-0 | 679-2 |
| मधुर नाइट | 130-4 | 159-5 |
| शुभांक 3 | 5 | 6 |

### चालक और साथी को पूछताछ के लिया पुलिस ने लिया रिमांड पर

# गाय-बैल की हड्डी और हाथ भट्टी की शराब से भरी थी आयशर

awantika.com@उज्जैन



आगर की ओर से आ रही आयशर में गाय-बैल की हड्डी और मांस भरा होने की खबर मिलने पर रविवार-सोमवार रात माकडोन पुलिस ने नाकाबंदी की। चैकिंग के दौरान इंदौर पासिंग आयशर की तिरपाल हटाने पर खबर पु ता हो गई। 2 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिन्हे सोमवार को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

माकडोन थाना प्रभारी रामकुमार कोरी को रविवार रात मुखबीर ने खबर देकर बताया कि आगर की ओर से आ रही आयशर क्रमांक एमपी 09 जीएफ 3984 में गौवंश अवशेष का परिवहन किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने एएसआई अशोक शर्मा, प्रधान आरक्षक मनोहरलाल, आरक्षक अर्चित शर्मा, राजेन्द्रसिंह, प्रकाश जाट के साथ ढाबला हर्दू चौराहा पर नाकाबंदी की और वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी। आयशर के आते ही उसे रोका गया। पिछला हिस्सा तिरपाल से ढंका हुआ था। पुलिस जवानों ने तिरपाल हटाई तो गाय-बैल के अवशेष, हड्डियां भरी होना सामने आई। जांच के दौरान हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब की गंध भी आने लगी। तलाशी लेने पर 2 केन मिली। जिसमें शराब भरी हुई थी। आयशर में मोह मद पिता मेहराज खान निवासी खरगोन और प्रेम पिता मदनलाल निवासी कालिका मंदिर के पास लक्ष्मणपुरा आगर सवार थे। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। जहां शराब 58 लीटर होना सामने आई। पूछताछ करने पर आयशर खरगोन के रहने वाले रोशन पिता नौशाद खान निवासी काजीपुरा खरगोन की होना सामने आई। माकडोन थाना प्रभारी ने मामले में हिरासत में आये दोनों व्यक्तियों के साथ आयशर मालिक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) 49 (क) के साथ गोवंश प्रतिषेध अधिनियम 4, 6, 9 का प्रकरण दर्ज किया। दोनों को सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। जिन्हे आयशर मालिक की गिर तारी के लिये खरगोन ले जाया जा सकता है।



### हिन्दूवादी संगठन ने आयशर में की तोडफोड

गौवंश अवशेष से भरी आयशर पुलिस द्वारा जप्त किये जाने की खबर मिलने पर हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता और ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। उनका आक्रोश फूट पड़ा। उन्होने आरोपियों के खिलाफ स त कार्रवाई की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। कुछ लोग इतने आक्रोशित हो गये थे कि उन्होने आयशर में तोडफोड़ कर कांच फोड़ दिये। पुलिस ने मामला शांत किया और कार्यकताओं को समझाईश देकर चक्काजाम खुलवाया। पुलिस ने मौके से आयशर की मदद से क्रेन को थाने पहुंचाया।

### आगर से खरगोन जा रही थी आयशर

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में गिर तार दोनों व्यक्तियों ने बताया कि आयशर को गाड़ी मालिक ने रोशन ने आगर से गौंवश के कंकाल और अवशेष भरवाकर मगरिया खरगोन स्थित गुलशन इंडस्ट्री के लिये रवाना की थी। उक्त इंडस्ट्री रोशन के भाई इमरान की है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि गौवंश के उक्त अवशेषों को उपयोग किस चीज में किया जाता है। संभावना है कि मामले में बड़ा खुलासा भी हो सकता है।

### शहर वासियों को नहीं मिल पा रहा है इस समस्या से छुटकारा

# छुट्टी के दिन यातायात के और भी हालात बदतर...

**महाकाल की तरफ जाने वाले सभी मार्गो पर लगा रहता है वाहनों का जाम**

awantika.com@उज्जैन

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए अभी तक अधिकारियों द्वारा कई प्लान बनाए गए। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि अभी भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था नहीं सुधरी है। छुट्टी के दिन और भी हालत बत्तर हो जाते हैं महाकाल की तरफ जाने वाले सभी मार्ग पर लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है शनिवार रविवार के दिन तो ट्रैफिक व्यवस्था इस कदर बिगड़ती है की यातायात पुलिस कर्मी भी यहां की व्यवस्था नहीं सुधार पाते हैं यही आलम बीते शनिवार रविवार को देखने को मिले हरिफाटक पुल पर वाहनों का लंबा जाम लग गया था और पुल की सभी भुजओ पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

जब यहां मौजूद यातायात जवान को परेशान होते देखा तो आम नागरिक भी सहयोग के लिए आगे आए और 1 घंटे की मशक्कत के बाद यहां की यातायात व्यवस्था सुधरी और जाम में फंसे वाहनों को एक-एक कर निकाला गया। बताया जाता है की छुट्टी के दिन बाहर से आने वाले लोगों की संख्या बढ़ जाती है और ऐसी स्थिति में महाकाल की तरफ जाने वाले सभी मार्गो पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। हालांकि कुछ लोगों ने बताया कि भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस कार व अन्य चौपईया वाहनों को हरीफाटक पुल के नीचे ही रोक देती है। लेकिन शनिवार रविवार को हालात यह थे कि पुल के नीचे बनी चौकी पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे और कार सहित अन्य वाहन हरी फाटक पुल से होते हुए महाकाल मंदिर की ओर जा रहे थे इस वजह से जब वाहनों का अधिक दबाव बढ़ गया तो हरिफाटक पुल पर जाम लग गया और इस जाम को खुलवाने में यातायात पुलिस को भारी मशक्कत करना पड़ी हालांकि आम नागरिकों के सहयोग से 1 घंटे की मशक्कत के बाद यहां लगा लंबा जाम खुला और स्थिति काबू में आई लेकिन जिस तरह शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है उसे देखते हुए शहर के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सबसे बड़ी परेशानी शहर वासियों के लिए शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था है जिसे सुधारने के लिए अधिकारियों ने कई प्लान बनाए लेकिन अभी तक जितने भी प्लान बनाए हैं वह सब विफल साबित हुए हैं नागरिकों को अभी भी इस परेशानी से छुटकारा नहीं मिला।



हरी फाटक पर लगा जाम 1 घंटे की मशक्कत के बाद खुला

### बैलून से करेंगे मतदाताओं को जागरूक

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास

awantika.com@उज्जैन

प्रथम चरण में मतदान का कम प्रतिशत सामने आने पर निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की जागरूकता को लेकर अपना ध्यान बढा दिया है। इसी के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप प्लान अंतर्गत नए झनए प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन के माकडौन में बैलून स्थापित कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी मृणाल मीणा ने बताया कि जिले के समस्त मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने, कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप अंतर्गत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। संबंधी गतिविधियां तेजी से जारी हैं। नगर निगम उज्जैन एवं नगर परिषद माकड़ोन द्वारा बड़ा बैलून स्थापित कर मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में 13 मई को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा हैं। बैलून के माध्यम से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' ' मतदान अवश्य करें' की थीम के माध्यम से मतदाताओं को अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं । उज्जैन संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान किया जाएगा।

### पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि तीसरे चरण में 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा। प्रदेश में सभी चरणों के मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### सड़को पर यमदूत बनकर दौड़ रहे वाहन

# सड़क हादसे में इंदौररोड पर भाजपा नेता बड़नगर मार्ग पर बाइक सवार की मौत

awantika.com@उज्जैन

सड़को पर दौड़ते चार पहिया और बड़े वाहन यमदूत बने हुए है। आये दिन दुर्घटना में मौत होना सामने आ रहा है। रविवार-सोमवार रात इंदौररोड और बड ?गर मार्ग पर हुई दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत हो गई, वहीं हेयर सैलून संचालक ने भी दम तोड़ दिया। रात में ही तीन दुर्घटना के मामले भी सामने आये, जिसमें पांच लोग घायल हुए है।

चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि बड ?गर मार्ग धरम बड़ला के पास रात 10.30 बजे अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। चार पहिया वाहन की र तार काफी तेज थी, जिसके चलते बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक युवक के पास मिले दस्तावेजों से सामने आया कि आशीष पिता बाबूलाल सेन 26 वर्ष निवासी सिलोदा रावल भैरवगढ़ है। परिजनों को घटना से अवगत कराया गया। जिनके पहुंचने पर सामने आया कि आशीष का 2 माह पहले ही विवाह हुआ था, जूना सोमवारिया में हेयर सेलून की दुकान चलाता था। बताया जा रहा है कि आशीष के साथ हुई दुर्घटना से पहले धरम बड़ला पर ही अज्ञात वाहन ने शाम के समय बाइक पर सवार राहुल पिता प्रभुलाल प्रजापत 25 वर्ष और उसकी मां मन्नुबाई प्रजापत 55 को टक्कर मार दी थी। दोनों के घायल होने पर उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### सड़क पार कर रहे थे भाजपा नेता

इंदौररोड पर अज्ञात वाहन से दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत के बाद सामने आया कि वह पैदल सड़क पार कर रहे थे, उसी दौरान तेज र तार से चार पहिया वाहन उन्हे टक्कर मारकर भाग निकला था। भाजपा नेता रजा अली सिद्धिकी पिता मुस्ताक अली 72 वर्ष रामप्रसाद भार्गव मार्ग के शेसवानी मोहल्ला के रहने वाले थे। वह रिश्तेदार की शादी में शामिल होने निनौरा गये थे, उसी दौरान दुर्घटना हुई है। रजा अली भाजपा अल्पसं यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष के साथ एल्डरमेन रह चुके थे। वह कुछ समय से बैंगलूर में अपने पुत्र के यहां रह रहे थे। 4 दिन पहले ही उज्जैन आये थे। नानाखेड़ा पुलिस ने मामला जांच में लेकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।

### सास-जमाई को कार ने मारी टक्कर

रविवार रात ही माधवनगर थाना क्षेत्र के देवासरोड पर एक्टिवा पर सवार दीपक जैन और उसकी सास कुसुम पति राजकुमार जैन 60 वर्ष निवासी धन्नालाल की चाल को कार चालक ने टक्कर मार दी। दोनों घायल हुए है। दोनों कालिदास अकादमी में आयोजित महावीर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर जैन समाज के लोगों की माधवनगर थाने और जिला अस्पताल में भीड़ लग गई थी। दुर्घटना का घटनाक्रम चिंतामण मंदिर के पास भी सामने आया। सायकल पर सवार अनिल पिता गिरधारीलाल 33 वर्ष निवासी चिंतामण को तेज र तार में आये बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था।

### 24 घंटे में 69 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**उज्जैन।** लंबे समय से कोर्ट पेशी पर नहीं जाने के चलते जारी हुए वारंट को तामिल कराए जाने को लेकर पुलिस ने अभियान शुरू किया है। पिछले 24 घंटे में शहर की थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र के 69 वारंटियों को गिर तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार वारंटियों में 23 स्थाई, 9 गिर तारी और 37 जमानती वारंट शामिल थे। रात में वारंटियों के घरों पर दबिश दी जा रही है। अभियान में महाकाल थाना पुलिस ने ल बे समय से 2 प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटी शहंशाह निवासी मुल्लापुरा को चाकू के साथ गिर तार किया। बदमाश के खिलाफ करीब 34 अपराध दर्ज है। एक अन्य वारंटी सिद्धार्थ निवासी जयसिंहपुरा को महाकाल पुलिस ने गिर तार करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं नागझिरी थाना पुलिस ने हेमंत पिता रामसिंह नागझिरी को चाकू के साथ पकड़ा। हेमंत 3 सालों से फरार चल रहा था। महाकाल और नागझिरी की गिर त में बदमाशों के खिलाफ कोर्ट ने स्थायी वारंट जारी किया था। एएसपी गुरूप्रसाद पारशर ने बताया कि वारंटियों के खिलाफ अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी करूणा माधव पति श्री गजानन्?द जाधव निवासी पटेल नगर, उज्?जैन व कृषक ग्राम नजरपुर तहसील घटिया जिला उज्?जैन म0प्र0 ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 84 रकबा 2.38 हेक्टर, सर्वे नम्बर 97 रकबा 2.18 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 4.56 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम नजरपुर पटवारी हल्?का नम्?बर- 49 तहसील घटिया जिला उज्?जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 23-04-2024

**प्रेषक**
**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाइडर)**
**तह कार्यालय के सामने ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो.नं. 8719997462, 9584898788**

# पूछताछ में कबूली पारदियों ने चोरी की कई वारदातें

awantika.com@उज्जैन

शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर बदमाशों का सुराग तलाशने में लगी पुलिस को सफलता हाथ लगी है। वारदात में शामिल पारदियों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ जारी है। संभावना है कि 2 वारदातों का खुलासा जल्द हो सकता है।

पिछले दिनों नीलगंगा थाना क्षेत्र के कृष्णा पार्क में रहने वाली महिला अपने पिता की तबीयत खराब होने पर उन्हे देखने गई थी, उस दौरान रात में बदमाशों ने मकान ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दे दिया था। नीलगंगा पुलिस ने मामला जांच में लिया था और वारदात करने वालों की तलाश शुरू की थी। जिसमें पुलिस को कुछ संदिग्ध पारदियों का सुराग का मिला था। जिन्हे गदापुलिया क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर पारदियों ने वारदात करना कबूल कर लिया। शहर में हुई अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ करने पर विद्यापति नगर में हुई चोरी का सुराग भी पुलिस को मिला है। संभावना है कि एक-दो दिन में 2 वारदातों का खुलासा हो सकता है। पुलिस पारदियों को रिमांड पर लेकर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर सकती है। विदित हो कि शहर के हर थाना क्षेत्र में सूने मकानों को बदमाशों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। कुछ दिन पहले क्षिप्रा विहार में इंजीनियरिंग कॉलेज प्रोफेसर के मकान का ताला तोड़कर भी बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया था। पंवासा थाना क्षेत्र में अभिभाषक के मकान को निशाना बनाया गया था। वहीं महाकाल थाना क्षेत्र के सदावल सीवेज फार्म पर 2 मकानों में लाखों की वारदात होना सामने आई थी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री जगदीश,श्री राजमल, श्री मिश्रीलाल, श्री अशोक पुत्रगण श्री पुरालाल समस्त जाति सुतार निवासीगण व कृषकगण ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व, स्वत्त्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 199 रकबा 0.31 हैक्टर,व भूमि सर्वे नम्बर 201 रकबा 0.53 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.84 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भौर 'अथवा कोई व्यवहार' किसी भी प्रकार का हो." अथवा "उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसीभी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवसकी अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवंअपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमिका विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक :- 22-04-2024

**अश्विन पलोड़**
**(सर्विस प्रोवाईडर) तहसील कार्यालय घट्टिया,**
**जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री मितेश कुमार हेड़ा पिता श्री गोपालकृष्ण हेड़ा जाति माहेश्वरी निवासी ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से मूल भूमि स्वामी श्री रणजीतसिंह पिता श्री चंदरसिंह व श्री सुरेसिंह पिता श्री चंदरसिंह जाति राजपूत निवासीगण ग्राम बेलाखेड़ा तहसील महिदपुर के स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की क्रय अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 339/1 रकबा 2.15 हैक्टर भूमि में से रकबा 1.00 हैक्टर भूमि बरूख पूर्व दिशा कुल किता 01 कुल रकबा 1.00 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम बेलाखेड़ा तहसील महिद्पुर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो इति दिनांक :-22-04-2024

**अश्विन पलोड़**
**(सर्विस प्रोवाईडर) तहसील कार्यालय घट्टिया,**
**जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्रीमति सावित्रीबाई पति श्री गणपतलाल व श्री गणपत पिता श्री मुन्नालाल समस्त जाति सुतार निवासीगण ग्राम केलोद हाला तहसील व जिला इन्दौर कृषकगण ग्राम रामगढ़ तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 384/2/3 रकबा 0.40 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर 385/1 रकबा 0.57 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.97 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम रामगढ़ तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। **इति दिनांक :- 22-04-2024**

**अश्विन पलोड़**
**(सर्विस प्रोवाईडरें) तहसील कार्यालय घट्टिया,**
**जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

# आपके आचरण मात्र से भी शांत हो सकते हैं ग्रह

www.awantika.com



हम सभी जानते हैं कि जैसे मनुष्य कर्म करता है, उसको उसी प्रकार का फल प्राप्त होता है। कर्म फल भी रूप परिवर्तित कर व्यक्ति को देर-सवेर सुख-दुख के रूप में प्राप्त होता है। विज्ञान की भाषा में जिस प्रकार पदार्थ कभी नष्ट नहीं होता है, उसका केवल रूप बदल जाता है, उसी प्रकार किया गया कर्म भी कभी निष्फल नहीं होता है। अपने पूर्व जन्मों में किए गए पापों से रुष्ट ग्रहों को प्रसन्न करने के लिए उपासना, यज्ञ, रत्न धारण आदि का विधान प्राचीन ग्रंथों में वर्णित है। अनुभव में आया है कि यदि हम लोग जड़ की अपेक्षा सीधे जीव से संबंध स्थापित करें, तो ग्रह अति शीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं।

धर्मशास्त्रों में सफलता के सूत्र, संकेतों के रूप में रहते हैं। मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, गुरु देवो भव, अतिथि देवो भव, वेद वाणी है। इसी प्रकार शास्त्र कहता है, मात्र प्रणाम करने से, सदाचार के पालन से एवं नित्य वृद्धों की सेवा करने से आयु, विद्या, यश व बल की वृद्धि होती है। यदि हम जीवों के प्रति परोपकार की भावना रखें, तो अपनी कुण्डली में रुष्ट ग्रहों की रुष्टता को न्यूनतम कर सकते हैं। हर व्यक्ति पर किसी न किसी ग्रह का अपना एक विशेष प्रभाव रहता है, इस प्रकार का विशेष प्रभाव उसके आचार-विचार, व्यवहार व जीवन की कुछ विशेष व प्रमुख घटनाओं के माध्यम से प्रकट होता है। नौ ग्रह इस चराचर जगत में पदार्थ, वनस्पति, तत्व, पशु-पक्षी इत्यादि सबमें अपना प्रतिनिधित्व समाहित रखते हैं।

**सम्पादकीय**

## अंतरिक्ष में चीन

स्टार वार की कल्पना पुरानी है, पर उस दिशा में नए-नए प्रयासों की खबरें यदा-कदा आती रहती हैं। रूस-अमेरिका के बीच 1960-70 के दशक में अंतरिक्ष विज्ञान के मोर्चे पर गजब होड़ थी और उसी होड़ के चलते इंसान चांद पर कदम रखने में कामयाब हुआ। जब वह होड़ खत्म हुई, तो धीरे-धीरे अंतरिक्ष विज्ञान सैटेलाइट तक सीमित होता गया, पर हकीकत यह है कि अंतरिक्ष में अपनी ताकत दिखाने की होड़ खत्म नहीं हुई है। इसी दिशा में ताजा चिंताजनक खबर यह है कि चीन का अंतरिक्ष कार्यक्रम वास्तव में सैन्य योजना का हिस्सा है। अमेरिकी अंतरिक्ष विज्ञान संस्था नासा के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि चीन अपने सामरिक मकसद को छिपाने के लिए नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों का उपयोग कर रहा है। ऐसे में, वाशिंगटन को सतर्क रहना चाहिए। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कैपिटल हिल में सांसदों को बताया कि चीन ने अंतरिक्ष के मोर्चे पर पिछले 10 वर्षों में असाधारण प्रगति की है, पर प्रगति बहुत गोपनीय है। ऐसा लगता है कि चीन के बारे में कोई नई बड़ी सूचना अमेरिका के हाथ लगी है, तभी नासा ने साफ शब्दों में स्वीकार किया है कि अंतरिक्ष में होड़ जारी है।

चीन पर अमेरिका के अविश्वास पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। चीन अपनी किसी भी योजना को युद्ध स्तर पर ही बनाता और लागू करता है। मामला खेल का हो, उत्पादन का हो या तकनीक का, उसकी कोशिश हमेशा से अपने सामरिक हितों के अनुरूप रही है। वैसे अमेरिका भी लंबे समय तक इसी रणनीति के तहत काम करता रहा है। बड़ा सवाल अब यह है कि चीन को रोकने के लिए अमेरिका के पास क्या योजना है? क्या अमेरिका के पास कोई ठोस सूचना है, जिससे पता चल सके कि चीन अंतरिक्ष में सैन्य मोर्चा सजा चुका है? अगर ऐसी कोई ठोस सूचना है, तो पूरी दुनिया को पता चलना चाहिए, पर अमेरिका की जो योजना दिखती है, वह आश्वस्त नहीं करती। दरअसल, नासा को अपनी सरकार से बड़ा बजट चाहिए, इसलिए उसके प्रमुख ने अमेरिकी संसदीय समिति के सामने चीन के संबंध में चेतावनी दी है। क्या अमेरिका इस बात से डर रहा है कि अगर चीन चांद पर पहले पहुंच गया, तो किसी और देश को वहां नहीं पहुंचने देगा? इसका मतलब है कि नासा को ज्यादा बजट चाहिए, ताकि वह चांद पर जल्दी पहुंच जाए। वैसे भी, चांद पर अमेरिका सबसे मजबूत है और चीन को चांद पर अभियान भेजने में अभी समय लगेगा। हां, अमेरिका की पकड़ निश्चित रूप से कमजोर पड़ी है और इसके लिए वह स्वयं दोषी है।

### टी-ट्वेन्टी विश्वकप प्रतियोगिता

## अंपायर्स और टीवी कंमेंटेटर्स की भूमिका

आज के दौर मे जब उच्च स्तरीय तकनीको से अंपायरिंग के लगभग सौ प्रतिशत निर्णय सही हो रहे है। टीवी अंपायर / थर्ड अंपायर का महत्व बढ़ चुका है।



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

इसके बावजूद पूर्व के विश्वकप के फाइनल मे एक विवादस्पद निर्णय के कारण इंग्लैंड विजेता घोषित हुआ और न्यूजीलैंड को उपविजेता होकर संतुष्ट होना पडा था। हालांकि ये वाक्या भी एक अपवाद था परंतु इस निर्णय ने न्यूजीलैंड को इतिहास रचने से रोक दिया। एक अन्य मैच मे ऐसी ही गंभीर भूल शुभमंन गिल के साथ भी हो चुकी है। रेफरल खत्म हो जाने पर ऐसे निर्णय विकट हो जाते है।

क्रिकेट जगत मे आज भी श्रेष्ठ अंपायरिंग व सटीक निर्णयो के लिए डिकी बर्ड, डेविड शेपर्ड एस.वेंकटराघवन साइमन टोफेल का नाम सम्मान से लिया जाता है। इंदौर के नितिन मेनन भी अच्छी अंपायरिंग कर रहे है। वही दूसरी और स्टीव बकनर शकूर राणा और कुमार धर्मसेना की छवि इसके ठीक विपरीत है। अब आगामी टी टवेन्टी विश्वकप मे ऐसा कुछ न हो और सही निर्णयो पर टीम जीतना चाहिए। एक गलत फैसले से पुरा नजारा बदल जाता है।



एशियाई उपमहाद्वीप मे पहली बार जब 2019 मे भारत पाक ने संयुक्त रूप से विश्वकप की मेजबानी की थी उसके कुछ वर्षो पूर्व ही तटथ्स्थ अंपायरिंग की शुरूआत हुई थी। बकौल पाक के पूर्व कप्तान इमरान खान के मुताबिक पाकिस्तान के अंपायर्स ज्यादा ही देशभक्त हो जाते थे। अब वो सब तो होगा नही।

निश्चित रूप से टीम इंडिया के विश्व विजेता होने की संभावना अधिक है बस यही लय रोहित शर्मा और टीम के सभी खिलाडियों को बनाये रखनी होंगी। रोहित शर्मा शुभमन गिल हार्दिक पांड्या अच्छे फॉर्म मे है ये भी एक शुभ संकेत है। विराट और रोहित मंजे हुए है ,कई विश्वकप मैचों के अनुभव को अब परिणामो मे परिवर्तित करने का सुनहरा अवसर है। पॉवरप्ले, मांकडिग और रनआउट के दौरान छोर बदलने के नियमो मे बदलाव आए है। ऑस्ट्रेलिया से प्रेरणा लेकर हेलमेट मे नेककवर की आनिवार्यता की जा सकती है ।

प्रोत्साहन के लिए सिर्फ टीम के गाने बनाने से काम नही चलेगा यह 2007 मे वेस्ट इंडीज मे आयोजित एकदिवसीय विश्वकप मे भारत देख चुका है। सोशल मीडिया, टीवी चैंनल और समाचार पत्र पत्रिकाओ मे भी भारतीय टीम को सतत प्रोत्साहित करना चाहिए ।

कुछ महत्वपूर्ण मैचों से जुड़े वाकये जो खिलाडियों को प्रभावित कर गए यहाँ दृष्टिपात है ।जब एक पत्रकार ने नवजोत सिंह सिद्धू को वन मैच वण्डर कहा तो उसे चुनौती मानकर सिद्धू ने आगे चलकर उम्दा उदघाटक बल्लेबाज की छवि बनाई। ऐसे ही मोहम्मद अजीरुद्दीन को एक टीवी चैनल ने लगातार टार्गेट किया तो उन्होंने कहा अब मे नही मेरा बल्ला बोलेगा। आगे इस कथन को चरितार्थ भी किया। कपिलदेव जैसा जुझारू हरफनमौला खिलाडी जिसने पूरे क्रिकेट जगत मे अपना लोहा मनवा लिया एक टीवी पत्रकार के स्पेशल शो मे उनकी अश्रुधारा बह निकली। यह सब नही होना चाहिए।खिलाडियों पर इन सब बातो का मनोवैज्ञानिक दबाव रहता है।

पूर्व खिलाडी जो अब कंमेंटेटर बन चुके है ( सुनील गावसकर रवि शास्त्री, संजय मांजरेकर आकाश चोपड़ा ) इन्हे भी प्रेरक शब्दो के साथ लगातार सकरात्मक बनाये रखनी होगी क्योंकि इनके लंबे अनुभव को खिलाडी आत्मसात करते है।

एक समय रेडियो और टीवी पर पूर्व खिलाडियों को सिर्फ एक्सपर्ट कंमेंटेटर के रूप मे बुलाया जाता था । तब सुशील दोषी मुरलीमनोहर मंजुल अनुपम गुलाटी नरोत्तम पूरी जसदेव सिंह छाए हुए थे और लाला अमरनाथ मंसूर अली खान पटौदी फारुख इंजीनियर अशोक मल्होत्रा विशेषज्ञ के जानिब मुखातिब होते रहे ।दौर बदला तो वीरेंद्र सहवाग सौरव गांगुली मोहम्मद कैफ से लेकर नारी शक्ति के रूप मे मायांति लेंगर ने अच्छी कॉमेंट्री की है साथ ही महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा मिताली राज भी इसी विधा मे पारंगत हो गए। गौरतलब है की हाल की एक प्रतियोगिता मे पाकिस्तान के कंमेंटेटर्स वसीम अकरम और वकार युनुस ने ब्रेक के दौरान पाक टीम को टिप्स भी दिये रहे तात्पर्य यह की भारत के अनुभवी खिलाडी से कमेंटेटर बने इन दिग्गजो को मैदान के बाहर अपनी महत्वपूर्ण राय / मशविरा जरूर देना चाहिए ताकि खिलाडियों को भी महसूस हो की कोच के अलावा ये सिनियर्स भी साथ है।

उम्मीद है इस बार विश्वकप स्पर्धा मे विश्वस्तरीय अंपायरिंग उच्चस्तरीय कॉमेंट्री और दिलचस्प मुकाबले से दर्शको का दीदार होगा। 2007 के बाद अब एक और कप भी हमारे देश मे आने की पूरी संभावना है ।अतुल्य भारत पुनः विश्व विजेता बन सकता है।

### सुखी जीवन के सूत्र

## दिखावे की यह दुनिया

फिलहाल माहौल कुछ ऐसा है कि जब तक कोई घटना तस्वीर के जरिये लोगों तक नहीं पहुंचाई जाती, तब तक तसल्ली ही नहीं होती। पहले फोटोग्राफर मौजूद होता है और बाद में घटना घटती है, चाहे वह किसी की मृत्यु हो या जन्म। बड़ी हैरानी की बात है। बच्चे के जन्म से पहले ही गर्भावस्था में, मां के पेट का फोटो लेकर दिखाने का फैशन चल पड़ा है। पहले कोई स्त्री ऐसी कल्पना भी नहीं कर सकती थी कि उसका पेट प्रदर्शन का विषय होगा। गर्भवती स्त्रियां अपने गर्भ को छिपाती थीं, ताकि किसी की नजर न लगे।

कोई माता-पिता की सेवा कर रहा है, तो उसके फोटो; आईसीयू में दाखिल लोगों के वीभत्स फोटो। आज अगर देश के साधु को भी प्रतिष्ठा पानी है, तो उसे किसी मंत्री से सत्संग साधना पड़ता है! अब साधु मंत्रियों से प्रतिष्ठित होते हैं! पहले साधु एकांत में रहते थे और राजा उनका आशीर्वाद लेने उनके चरणों में जाते थे, लेकिन दिखावा अब जीवन का हिस्सा बन गया है। यह स्थिति स्वस्थ नहीं है, यह रुग्ण मानसिकता है।

ओशो कहते हैं, यह बहिमुर्खी युग है। यहां जो प्रतिष्ठा बाहर से आंकी जा सकती है, उसकी ही कीमत है। भीतर का कोई मूल्य नहीं। कवि भी सम्मानित नहीं होगा, ज्ञानी भी सम्मानित नहीं होगा, जब तक कि उसे कोई पुरस्कार न मिले। कवि बेझिझक मंच से तालियां मागते हैं, मगर तालियां तो दिल से निकलती हैं। यदि मांगनी पड़े, तो वे भी नकली हैं। ऐसा नहीं है कि अंतमुर्खी लोग बिल्कुल नहीं हैं, लेकिन अंतमुर्खी मूल धारा नहीं है। युग भी रूपांतरित होते हैं। जीवन में सब चीजें बदलती रहती हैं। हर चीज ऋतु के अनुसार बदलती रहती है। हर अंतमुर्खी युग के बाद बहिमुर्खी युग होता है। बहिमुर्खी के बाद अंतमुर्खी युग होता है। युग की धारा को पहचानते हुए ओशो ने बहिमुर्खी लोगों के लिए सक्रिय किस्म के ध्यान बनाए हैं, क्योंकि आज मन की शांति और सुकून जितना जरूरी है, शायद ही कभी था। इतने अधिक दिखावे की जरूरत इसलिए होती है, क्योंकि लोग अंदर से बिल्कुल खाली हैं। दरअसल, वे अपने घर का पता भूल गए हैं। यह जो खालीपन है, उसे हमें ऐसे लोग प्रशिक्षित कर-के पूरा करना है, जो बहिमुर्खी ध्यान कर सकें, सिखा सकें। यह बहुत मुश्किल काम नहीं है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक 23 अप्रैल मंगलवार, तिथि- पूर्णिमा 29:18 तक, नक्षत्र- चित्रा, 22:32 तक, पक्ष- शुक्ल, सूर्योदय- 05:48, सूर्यास्त- 18:50, चंद्रमा - तुला 09:18 तक, राहुकाल 15:35-17:12, विक्रमी संवत 2081, शक संवत 1944, मास चैत्र, शुभ मुहूर्त अभिजीत, मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त 11:55-12:43 मिनट तक है।

**मेषः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**वृषभः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुनः** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्कः** किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**सिंहः** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**तुलाः** सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय का इंतजार करें। कर्म प्रधान विचार बनाए रखें।

**तुलाः** कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**वृश्चिकः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**धनुः** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खानपान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**मकरः** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**कुंभः** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मीनः** महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समस्मयिक

### अमर प्रेम

नजर मिलाने से भी
हो जाता प्यार
तुम मुझे देखती मै तुम्हें
बिन देखे दिन अधूरा
ख्वाब अधूरे
सूरज की पहली किरण
पड़ती तुम्हारे रेशमी बालों पर
काजल लगी कजरारी आँखे
सूरज से नजर चुराए
जुल्फों की ओट से निहारती मुझको
दिल धड़कतो
तुम सायकल चलाती
सायकल तुम्हारी खुद की
मै किराये की चलाता
प्रेम में अमीर दिखाने को रोब
झूठा था मगर प्रेम सच्चा
तुम खिड़कियों छत से भी
मेरा मन पढ़ लेती
शायद तुम प्रेम की जादूगरनी थी
जब तुम पास से गुजरती
मेरे शब्दों पर लग जाता कर्फ्यू
ढाई अक्षर प्रेम के नहीं बोल पाता
तुम लिख देती सैकड़ों खते
अब तुम जाने कौन से देश बसी
गलियां सूनी घर सूने
घर की दशा बदली
पर पता नहीं बदला रहवासी नहीं बदले
वे लोग प्रेम गवाह थे
जो होगये अब बूढ़े
और शायद हम भी बूढ़े
लेकिन दिल अब भी जवान है
यादों के सहारे
याद आती तब खत पढ़ लेता हूँ
कम्प्यूटर युग में
खोजता हूँ प्रेम की दुनिया में तुम्हे
खोजती है तुम्हें आँखे हर जगह
ये उम्मीद मिलोगी जरूर
डर है कही तुम
पहचान भी पाओगे न मुझको
मेरे दुःख की खबर में
नमन प्रेम का करना जरूर
साकार हो जाएगा मेरा अमर प्रेम`



संजय वर्मा दृष्टि
(दैनिक अवन्तिका)

### श्री हनुमान जयंती विशेष

## हनुमानजी की लीला एवं गुरू सूर्य देव से वेदाध्ययन

बाल्यावस्था में हनुमानजी बहुत ही नटखट और चंचल थे। नटखट होने के प्रमुख तीन कारण थे - पहला बचपना दूसरे देवताओं से प्राप्त अत्यधिक बल तथा तीसरा रूद्र का अंष । इन तीन कारणों से वे बचपन में ऋषि-मुनियों के आसन पेड़ों पर टांग देते तो कभी उनके कमण्डल का जल भूमि पर गिरा देते । कभी ज्यादा शरारत करना हो तो उनकी लंगोटी भी फाड़ डालते थे । कई बार किसी ऋषि की गोद में जाकर बैठ जाते तो कभी खेल-खेल में उनकी जटा व दाढ़ी खींचकर -नोचकर भाग जाते । ऋषि -मुनियों के लिये उनके बल के आगे रोकना अत्यन्त ही कठिन था । सब ऋषि -मुनि विवष एवं लाचार रहते थे। धीरे धीरे वे बड़े हुए माता अंजना एवं पिता केसरी को उनके नटखट पन से चिंता तो थी दूसरी तरफ उनके विद्याध्ययन की समस्या भी उठ खड़ी हुई। हनुमान्जी में उम्र के बढ़ते हुए भी उनके खेल में कोई अंतर नही आया ।



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

अंत में उनके माता पिता ने ऋषियों से प्रार्थना की कि आज सब मिलकर ऐसा करें कि हनुमान नटखट पन त्याग कर एक अच्छा बालक बन जावे । ऋषियों ने बडे. सोच विचार कर यह निश्चित किया कि हनुमान को अपने बल एवं शक्ति का वड़ा गर्व -धमण्ड है । यदि वह अपना बल भूल जाये तो इसमे सुधार हो सकता है।



ऋषियों ने हनुमान को शाप दे दिया कि तुम अपने बल को भूल जाओ। जब कोई तुम्हे अपने बल को याद करावेगा तब तुम्हे अपने बल का ज्ञान होगा। हनुमान- ऋषियों से शापित होकर अपना बल भूल गये।

उनके माता-पिता ने हनुमानजी को वेदाध्ययन के लिये सूर्य के पास भेज दिया वहाँ जाकर हनुमान जी ने सारे वेद वेदांगों का गूढ़ अध्ययन किया । हनुमान्जी को अध्ययन तो क्या करना था वे तो साक्षात शिव के स्वरूप ही थे किन्तु घर्म - सम्प्रदाय - परम्परा का निर्वाह एवं उसकी रक्षार्थ उन्होंने सम्पूर्ण शास्त्रों का, विद्याओं का अध्ययन कर अपने माता-पिता के पास लौट आये । सूर्यदेवता ने गुरू के रूप में उन्हें आषीर्वाद दिया वह जीवन पर्यन्त काम आया ।

श्रीराम , लक्ष्मण एवं हनुमान की भेंट ऋष्यमूक में होने पर हनुमानजी ने श्रीराम को अपना परिचय दिया है। वह वाल्मीकीय रामायण में अद्वितीय है, ऐसा श्रीराम ने लक्ष्मण को हनुमानजी की योग्यता एवं विद्वत्ता का द्योतक बताया है -

नानृग्वेद विनीतस्य नायजुर्वेदधारिणः।
नासामवेदविदुषः ष्क्यमेवं विभषितुम्।।
नूनं व्याकरणं कृत्स्त्रतमनेन बहुधा श्रुतम् ।
बहु व्याहहरतानेन न किंचिदपषब्दितम् ।।
श्री.वा.रा.किष्किन्धा सर्ग 3-28-29

श्रीराम ने लक्ष्मण से हनुमान के बारे में इस प्रकार कहा - जिसे ऋग्वेद की षिक्षा नहीं मिली, जिसने यजुर्वेद का अभ्यास नहीं किया तथा जो सामवेद का विद्वान नहीं है वह इस प्रकार सुन्दर भाषा में वतार्लाप नहीं कर सकता निश्चय ही इन्होंने समूचे व्याकरण का कई बार स्वाध्याय किया है क्योंकि बहुत सी बातें बोल जाने पर भी इनके मुँह से कोई अशुद्धि नहीं निकली । श्रीराम ने हनुमान की इतनी प्रशंसा उनके वातार्लाप के आधार पर की है हनुमान ने शिक्षा दीक्षा सूर्य नारायण से प्राप्त की थी। सूर्यनारायण जैसे देवता जिसके गुरू हो ऐसे महान शिष्य की शिक्षा के बारे में कुछ भी कहने का साहस करना असंभव है। सूर्य के आचार्यत्व और उनके महान शिष्य की शिक्षा एवं अध्ययन आदि के बारे में कुछ भी कहना सूर्य को दीपक दिखलाने के समान है । हनुमानजी के जीवन से हम जीवन के प्रत्येक क्षण -परिस्थिति की शिक्षा प्राप्त कर जीवन के मूल्य को सार्थक कर सकते है।

## इन्दौर मंडी भाव

गेहू मिल क्वालिटी - 2450 से 2550 रूपए, मालवराज गेहूं 2450 से 2525 रूपए, लोकवन-2650 से 3100 रूपए चना दाल-8000 से 8300 रूपए, डॉलर चना - 12300 से 9800 रूपए, चना कांटा - 6200 से 6275 रुपए, चना देशी - 5800 से 5950 रूपए, तुवर दाल - 14200 से 14300 रूपए, मसूर दाल - 7200 से 7300 रूपए, मूंग दाल - 10550 से 10650 रूपए, मूंग मोगर - 11450 से 11550 रूपए, उड़द दाल - 14300 से 11500 रूपए, उड़द मोगर - 11900 से 12000 रूपए, मसूर दाल - 7200 से 7300 रूपए, बासमती - 11500 से 12600 रूपए, मोगरा - 4500 से 7000 रूपए

### सब्जी भाव

टमाटर- 309 से 2443, कद्दू- 500 से 1885, खीरा- 200 से 2237, करेला- 700 से 5190, लौकी- 1000 से 1863, बैंगन- 400 से 2651, फुल गोभी- 253 से 2341, अदरक- 2000 से 12089, हरी मिर्च- 800 से 4649, पत्ता गोभी- 400 से 2664, धनिया- 800 से 2500, शिमला मिर्च- 800 से 3998

### प्याज भाव

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 1050 से 1600, सुपर प्याज- 800 से 1300, एवरेज प्याज- 250 से 700

### आलू भाव

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 1800 से 2300, गुल्ला आलू- 1400 से 1750, ज्योति आलू- 1255, चिप्सोना आलू- 700, छांटन आलू- 200

### लहसुन भाव

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 17427, सुपर लहसुन- 15000, एवरेज लहसुन- 10000, मीडियम लहसुन- 7275, हलकी लहसुन- 4000

## उज्जैन मंडी भाव

लोकवन गेहूँ- 2131-3233, चनादेशी-5081-5502, काबली चना- 5900-10771, रायड़ा- 4700-4741, धनियां- 4000-7151, सोयाबीन-2661-4881 सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 75,000, रवा- 74,900 चांदी- टंच- 82,500, पाट- 82,400।

# भारतीय सहकारी समितियों को दुनिया भर में पहुंचाया जाए

पिछले हफ्ते गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने मिशिगन मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (एमएमपीए) के साथ साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत ब्रांडेड अमूल दूध अमेरिका में हजारों लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। यह कामयाबी कई कारणों से महत्वपूर्ण है। एक, अमूल के उत्पाद पहले से ही करीब 50 देशों में भले निर्यात किए जा रहे हैं, पर यह पहली बार है कि इसका ब्रांडेड ताजा दूध भारत के बाहर लॉन्च किया जा रहा है। दूसरा, यह कदम अभी अमेरिका तक सीमित है, लेकिन इसमें अन्य देशों में भी अमूल के लिए द्वार खोलने की क्षमता है। तीसरा, यह देश की दूसरी सहकारी समितियों के लिए वैश्विक स्तर पर विस्तार का आधार बनाता है। दरअसल, पिछले दो दशक में कॉरपोरेट भारत में अनेक वैश्विक कंपनियों का उदय हुआ है, पर सहकारी समितियों के मामले में ऐसा नहीं हो पाया। यह हालात बदलने का समय है।

सहकारी समिति कानून 25 मार्च, 1904 को बना था। 14 दिसंबर, 1946 को खेड़ा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ, जिसे अमूल के नाम से जाना जाता है, पंजीकृत किया गया था। सन् 1947 में देश की आजादी के बाद सहकारी आंदोलन को बढ़ावा मिला और यह पंचवर्षीय योजनाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। अक्तूबर 1964 में आणंद, गुजरात की यात्रा पर दुग्ध सहकारी समितियों द्वारा लाए गए सामाजिक-आर्थिक बदलावों से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक राष्ट्रीय स्तर के संगठन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की स्थापना की कल्पना की थी। पूरे देश में दुग्ध सहकारी समितियों की आणंद शैली को दोहराना था। गौरतलब है, 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद सहकारी समितियां दबाव में आ गईं। अंतत उन पर ज्यादा ध्यान देने के लिए जुलाई 2021 में कृषि मंत्रालय से अलग करके केंद्रीय सहकारी मंत्रालय बनाया गया। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर करीब 30 करोड़ सदस्यों वाली 8,50,000 से अधिक सहकारी समितियां हैं, जो डेयरी, कृषि, ऋण, मत्स्य पालन, हथकरघा और चीनी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इनमें से दो, जीसीएमएमएफ व इफको दुनिया की अग्रणी सहकारी समितियों में शुमार हैं।




भारतीय सहकारी समितियों की वैश्विक पहुंच की क्या स्थिति है? जीसीएमएमएफ द्वारा अमेरिका में ताजा ब्रांडेड अमूल दूध पेश करने का कदम दूसरी भारतीय सहकारी समितियों को वैश्विक स्तर पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। भारत की श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज कुरियन के करिश्माई नेतृत्व ने अमूल की कामयाबी में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत को दूध की कमी वाले देश से दूध की अधिकता वाले देश में बदलकर उन्होंने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। वैश्विक दुग्ध उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत हो चुकी है। वैसे, मलयेशिया, न्यूजीलैंड, कनाडा और केन्या जैसे देशों में भी सहकारी समितियां खूब फली-फूली हैं, उनसे भी हमें सीखने की जरूरत है। संयोगवश, संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित कर रखा है, इसलिए भारत के सहकारी आंदोलन के वैश्वीकरण का एक विशेष संदर्भ बन जाता है।

न्यूजीलैंड में फोंटेरा (डेयरी के लिए), वॉलनट कोऑपरेटिव व जेस्प्री (कीवी फल के लिए) जैसे मजबूत वैश्विक सहकारी संगठन हैं। ये सभी सहकारी संगठन बिजनेस एनजेड नामक एक व्यापक संगठन का हिस्सा हैं, जो अपने सदस्य संस्थानों को प्रशासन, विपणन, प्रौद्योगिकी सहायता और साझेदारी के लिए कार्यशालाओं व गतिविधियों के जरिये वैश्विक स्तर पर सहायता करता है।

यह संगठन एक कार्यक्रम भी संचालित करता है, ताकि सहकारी संस्थाएं दीघार्यु हों। भारत इनसे सीख सकता है व साझेदारी कर सकता है। वैसे, वैश्विक पहुंच और मान्यता के लिए पूरे सहकारी क्षेत्र को विकसित करने की कोशिश के बजाय सरकार सर्वश्रेष्ठ सहकारी समितियों का चुनिंदा समूह बना सकती है। सार्वजनिक उद्यमों की नवरत्न अवधारणा की तरह वह वैश्विक भारतीय सहकारी समितियों के रूप में 10-12 राष्ट्रीय व राज्य सहकारी समितियों को चुन सकती है। हमारी सहकारी समितियों के वैश्वीकरण से रोजगार, धन सृजन और समग्र राष्ट्रीय विकास में मदद मिलेगी।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# कलेक्टर कार्यालय में आग लगने पर हाइड्रेट से तुरंत पंहुचेगा पानी

■ छत पर लगा सायरन भी बजेगा, दो किमी तक सुनाई देगी आवाज, हाईड्रेट में भी सुधार कर पाइप से पानी का प्रवाह जोड़ा

नगर प्रतिनिधि ▶▶ इंदौर

गर्मी के मौसम के दौरान होने वाली आग की घटना से बचाव के लिए कलेक्टर कार्यालय में सुरक्षा उपाय किए गए हैं। आग की घटना होने पर कलेक्टर कार्यालय तक पास में बने हाइड्रेट से पाइप द्वारा तुरन्त पानी पहुंचेगा। सालों से बंद पड़े पाइपो को गया है। इसके अलावा कलेक्टर कार्यालय की छत पर सायरन भी लगाया गया है, जो आग लगने पर बज उठेगा। इसकी आवाज दो किमी दूर तक सुनाई देगी।

शहर में होने वाली आगजनी की घटना के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने बहुमंजिला इमारतों में अग्नि सुरक्षा प्रबंध की जांच शुरू कराई है। जांच शुरू हुई तो कई जगह लापरवाही सामने आई, जिसमें नोटिस दिए गए और बाद में कुछ स्थानों को सील भी किया गया। कलेक्टर कार्यालय में भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध की जांच की गई। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर रोशन राय ने यहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

अपर कलेक्टर रोशन राय ने बताया कि कार्यालय में सुरक्षा के इंतजाम पूरे हैं, यहां लगे अग्निसुरक्षा उपकरणों की वैधता 2025 तक है। कुछ पाइप जो खराब हो गए थे, उनमें बदलाव किया गया है। कलेक्टर कार्यालय के पास स्थापित हाइड्रेट में भरे गए पानी को अब पूरे कार्यालय में लगाए गए पाइप तक पहुंचाने की व्यवस्था भी कर ली गई है। यदि आग की घटना होती है, तो तुरंत पानी का प्रवाह कार्यालय तक पहुंचेगा। इससे आग बुझाई जा सकेगी।



उन्होंने बताया कि कार्यालय की छत पर फायर हूटर लगाया गया है, जो आग लगने पर बजेगा। गौरतलब है कि कलेक्टर कार्यालय के पास हाइड्रेट स्थापित है। इसमें पानी होने के बाद भी कलेक्टर कार्यालय एवं पंजीयन कार्यालय तक नहीं पहुंच रहा था। अब इसके पाइपो को सुधारा गया है।

नजारत शाखा प्रभारी एसडीम प्रियंका चौरसिया ने बताया कि सुरक्षा के उपाय को लेकर कार्यालय में सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। कर्मचारी और अधिकारियों को अचानक होने वाली घटना के दौरान बरतने वाले सुरक्षा उपाय और आग बुझाने के तरीके भी सिखाए जाएंगे। इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

न्यूज-कॉलम



## पिपलियामंडी में विश्व पृथ्वी दिवस पर व्याख्यान का आयोजन संपन्न

**पिपलियामंडी।** शासकीय महाविद्यालय पिपलियामंडी में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया जानकारी देते हुए प्रो आर एस कटारा ने बताया कि यह दिवस प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी । इसे 192 से अधिक देश प्रतिवर्ष मानते हैं । डॉ लोहार ने कहा कि हमारी पृथ्वी जीवनदायनी है इसकी रक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षण हमारा सबका प्रमुख कर्तव्य है किसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को एक साथ आने के लिए प्रोत्साहित करना है इस दिन को मनाने के पीछे हम सबका उद्देश्य इस पृथ्वी को सम्मान, आभार प्रदर्शन और विश्वास में लेकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। 2024 की थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक है। जिसका उद्देश्य सिंगल युज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना है तथा इसके ऑप्शंस को तलाश पर जोर देना है। प्लास्टिक प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से कहीं बीमारियों का घर है इसे समाप्त करना है। इस अवसर पर प्रोफेसर राजीवसिंह चौहान , विजय शर्मा ,सुश्री कल्पना देवड़ा ,गोविंद तंवर ,डॉ अरुण नरगावे ,श्री बलदेव जाट, श्री कृष्णपालसिंह भी उपस्थित थे।

## समाज सेवी डॉ जगदीश सिंहल का निधन

**नीमच।** स्थानीय पुस्तक बाजार निवासी ,शिवम मेडिकल स्टोर्स के संचालक, श्मशान विकास समिति के अध्यक्ष, समाज सेवी डॉ. जगदीश सिंहल (सुपुत्र स्व. स्मेश चन्द्र सिंहल) का ७२ वर्ष की आयु में शुक्रवार रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ से अस्वस्थ होकर उपचाररत थे। श्री सिंहल हंसमुख, मिलनसार, धार्मिक एवं सामाजिक विचारों के धनी थे। वे गरीबों की सहायता हेतु सदैव तत्पर रहते थे। प्रतिवर्ष संक्रांति पर आयोजित होनेवाले गरीबों के भोजन कार्यक्रम में बढ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे दशहरा मेला समिति के कई वर्षों तक अध्यक्ष रहे। नीमच, होम्योपैथ चिकित्सा एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी रहे। शहर में लावारिस शवों के दाह संस्कार एवं उनके अस्थि विसर्जन हेतु बनी विजया मित्र मंडल के गठन में भी उन्होंने अपनी भूमिका निभाई। वे रोटरी क्लब नीमच प्रान्त 3040 के उप प्रांतपाल भी रहे। वे डॉ. नारायणचंद्र, बालकृष्ण,प्रहलादबंद के अनुज डॉ दीपक सिंहल, मयंक , रवि के चाचाजी तथा चि. आशीष सिंहल के पिता जी थे। मुक्तिधाम पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में गणमान्य लोगों सहित अग्रवाल समाज नीमच के अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## शायद पिपलिया क्षेत्र की जनता उज्जैन चित्तौड़ ट्रेन के काबिल नहीं




**पिपलियामंडी।** विगत लंबे अरसे से सुनने में आया था कि उज्जैन चित्तौड़ यात्री ट्रेन चलने वाली है। क्षेत्र की जनता में अपार खुशियां छाई थी, उक्त ट्रेन पिपलिया रुकेगी। जिससे आसपास ग्रामीणों, नारायणगढ़, मनासा, रामपुरा सहित सैंकड़ों ग्रामीणों को उक्त ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होगी। लेकिन जनप्रतिनिधियो की अकर्मण्यता से क्षैत्रिय जनता इस सुविधा से वंचित रह गई। उक्त ट्रेन का पिपलिया में स्टापेज नहीं होने से हताश जनता अब यह महसूस कर रही है कि शायद हम उक्त ट्रेन में सफर कर सके हम उस स्तर के लोग नहीं हैं।

## एनडीपीएस मामले के फरार आरोपी को मनासा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा स्थाई / फरार आरोपीयों कि अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया व एसडीओपी मनासा विमलेश उईके के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में मनासा पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। संक्षिप्त विवरण थाना मनासा के अपराध क्रं. 433/2018 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में आरोपी रामलाल पिता भंवरलाल पाराशर नि० चारभुजा नाथ मंदिर के पास कंजार्डा का माननीय न्यायालय द्वारा जमानत पर था जो आरोपी माननीय न्यायालय में उपस्थित नही हो रहा था जो माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 3 अप्रैल को आरोपी रामलाल पिता भंवरलाल पाराशर नि० चारभुजा नाथ मंदिर के पास कंजार्ड का स्थाई फरारी वारंट जारी किया गया था जो आरोपी को आज दिनांक 22 अप्रैल को मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। गिरफ्तार आरोपी रामलाल पिता भंवरलाल पाराशर उम्र साल नि० चारभुजा नाथ मंदिर के पास कंजार्डासराहनीय योगदान इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी मनासा व उनकी टीम उनि० भोपालसिंह सिसोदिया, प्रआर 330 लालसिंह, प्रआर रूध्रप्रतापसिंह थाना सिंगोली, प्रआर रामपंगतसिंह थाना सिंगोली, आर अनिल धाकड, आर दिपक सेन, आर अनिल असवार का विशेष योगदान रहा।

## कैप्टन नंदिनी शर्मा बनी इंडिगो पायलेट

**नीमच ।** शहर के गौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी महेश शर्मा की पौत्री कैप्टन नंदिनी शर्मा पिता विशाल शर्मा का इंडिगो एयरलाइंस में कमर्शियल पायलेट के पद पर चयन हुआ है। जैसा कि विदित हो नंदिनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नीमच से पूरी कर वनस्थली, और राजस्थान से एविएशन में ग्रेजुएशन किया। उसके बाद मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब, भोपाल में 200 घंटे से अधिक फ्लाइंग की द ट्रेनिंग ली। इस ट्रेनिंग में सफल होने के साथ ही नंदिनी शर्मा का बीते दिवस इंडिगो न एयरलाइंस ग्रुप द्वारा अपनी कंपनी में कमर्शियल पायलेट के पद पर चयन किया गया है। अब वे शीघ्र ही इंडिगो एयरलाइंस कंपनी की रेगुलर फ्लाइट उड़ाएंगी। होनहार पायलट ने परिवार, शहर का नाम रोशन किया है।

# कह रही है धरती हमसे, धरती का कर्ज उतार दो- श्री गेहलोत

नगर प्रतिनिधि ▶▶ पिपलियामंडी

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की एक गोष्ठी श्री गेहलोत निवास पर पृथ्वी दिवस पर' सुने- सुनाएं 'कार्यक्रम के अंतर्गत भंवरलाल फौजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई सरस्वती वंदना के पश्चात गोष्ठी की शुरूआत श्री लक्ष्मी नारायण कराड़ा ने अपनी रचना , सावधान हम रह ना सके तो देश हमारा लूट जाएगा, इनके लालच में मत आना ,नोट रेवड़ियां बांट रहे ,लालच देकर धोखा देंगे लोकतंत्र हमें बचाना है। ' श्री अंबालाल कारपेंटर ने राष्ट्रवाद पर अपनी रचना 'आज राष्ट्र को अखंड राष्ट्रवाद चाहिए , चरित्र श्रेष्ठ संस्कार चाहिए, मयार्दा स्वाभिमान प्रचंड राष्ट्र चाहिए ।



गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए श्री भगवती प्रसाद गेहलोत ने पृथ्वी दिवस पर अपनी रचना - 'चुक रहा है धरती का पानी ,भर रहा अती सागर का पानी, वसुधा की इस चितवन से, पय कलसों को मत रीसने दो ,कह रही है धरती हमसे ,धरती का कर्ज उतार दो । श्री राधेश्याम सैनी ने धरती मां की विशेषता बताते हुए कहा -' मां तेरा मन है अमृत का प्याला , यही काबा यही शिवाला है ।हुकमीचंद कनेरिया ने - धरती मां की वंदना करते हुए रचना पढ़ी, ' अष्ट सिद्धि नव निधियों वाली, सुंदर सुभग सुहागिन मां, अक्षय दीप जलाए मां ,जय जय जय हे भारत मां ।' श्री रामेश्वर पाटीदार ने पृथ्वी को बचाने के बारे में बताते हुए पृथ्वी के तत्व व तन्मात्राओं की सुरक्षा के बारे में हमारे दायित्व के बारे में बताया।

श्री पंकज शर्मा तरुण ने अपने दोहे गाते हुए आह्वान किया - ' आंचल धरती का यही, हरे भरे सब पेड़ इनको मत काटो सखा यह निसर्ग की छेड़ ।पेड़ कभी मत काटना उजड़ रहे नीड़,छांव मिले ठंडी नहीं, पंछी सहते पीड़ ।' भंवरलाल फौजी ने राजनीति और प्याज पर अपनी व्यंग्य रचना पढ़ी। अंत में सुनिल राठौर ने पृथ्वी को श्रंगारित करने संबंधी भजन प्रस्तुत करते साहित्य गोष्ठी में सम्मिलित होने के लिये सभी साहित्यकारों का आभार माना ।

## जिले के जीरन में खेत पर सिंचाई हेतु गए युवक की करंटसे मौत

**नीमच।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत जीरन मे रविवार को एक युवक की खेत में सिंचाई के समय करंट लगने से मौत हो गई। जब युवक अपने खेत पर सिंचाई का काम कर रहा था। इसकी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जीरन नगर निवासी 28 वर्षीय युवक मुकेश पिता प्रेम सुख जाति गायरी रविवार को अपने खेत पर सिंचाई का काम करने गया था। सिंचाई के लिये विद्युत पंप को चालू करने गया। इसी दौरान युवक अचानक से करंट चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पास के खेत काम कर रहे एक व्यक्ति ने युवक की आवाज सुनी और मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। तत्काल परिजन उसे लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं सोमवार को मृतक के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्ट मार्टम किया गया। पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों के सुपूर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच मे लिया है।

# 2900 किलोमीटर की पैदल परिक्रमा 140 दिनों में सपत्नीक पूर्ण करने पर सम्मान समारोह आयोजित

नगर प्रतिनिधि ▶▶ मनावर




मां नर्मदा की दुर्गम 2900 किलोमीटर की पैदल परिक्रमा 140 दिनों में सपत्नीक पूर्ण करने पर समारोह आयोजित हुई। ग्राम भंवरिया निवासी वरिष्ठ समाजसेवी पर्यावरण प्रेमी नर्मदा घाट एवं तीर्थ संरक्षण के प्रणेता रक्तदान शिविरो के प्रेरक मोहनलाल भगवान पाटीदार के द्वारा सपत्नीक 29 नवम्बर 2023 को मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा का संकल्प लेकर दक्षिण तट नेमावर के हंडिया से प्रारंभ की जो लगभग 140 किलोमीटर की उत्तर और दक्षिण तट की दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से होते हुए खंभात की खाड़ी से सागर पार कर अमरकंटक होते हुए पुनः हंडिया घाट पर पूर्ण हुई।

मोहनलाल पाटीदार एक उन्नत किसान और वरिष्ठ समाजसेवी होने के साथ पर्यावरण और नर्मदा किनारे स्थित प्राचीन तीर्थ और घाटों के संरक्षण को लेकर अग्रणी भूमिका निभाते हैं साथ ही सिकलसेल एनीमिया जेसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित जनों को ब्लड उपलब्ध कराने के लिए अभी तक सैकड़ो ब्लड डोनेशन कैंप लगा कर साल 2016 से लेकर अभी तक 5 हजार रुपये यूनिट रक्त मध्य प्रदेश और गुजरात के कई सिविल अस्पताल में भिजवा चुके वही रक्तदान शिविर में विश्व कीर्तिमान बनाकर गिनीज बुक में नाम दर्ज किया वही सरदार सरोवर बांध की डूब में आए दो प्राचीन तीर्थ स्थल कोटेश्वर तहसील कुक्षी और बड़वानी जिले के सुलपानी प्राचीन तीर्थ राजघाट को संरक्षित करते हुए विशाल घाटों का निर्माण जन सहयोग से करवाकर कटाव और क्षरण से बचा कर तीर्थो के अस्तित्व को बचाया मोहनलाल पाटीदार ने पत्रकारों से चर्चा में बताया की मां नर्मदा की परिक्रमा का उद्देश्य आध्यात्म के साथ ही मां नर्मदा के जल की स्वच्छता नर्मदा किनारे स्थित प्राचीन तीर्थों और घाटों के संरक्षण के प्रति नर्मदा तटीय क्षेत्रों में निवासरत नर्मदा भक्तों के साथ आम जन को जागरूक करना था 2900 किलोमीटर यात्रा के दौरान दोनो किनारों पर स्थित नर्मदा आश्रमों और साथानीय निवासियों के द्वारा परिक्रमावासि की जाने वाली सेवा के चलते पैदल परिक्रमा वासियों की सेवा करने वाले नर्मदा भक्तों का परिक्रमा पूर्ण होने के बाद एक मंच पर सम्मान करने का संकल्प लिया था उसी को लेकर आज ये सम्मान समारोह आयोजित किया मध्य प्रदेश महाराष्ट्र और गुजरात के नर्मदा किनारे नर्मदा परिक्रमा वासियों की तन मन धन से सेवा करने वाले लगभग 70 से ज्यादा आश्रम संचालकों का गुजरात के वडताल धाम से आए संतो की उपस्थिति में समाज सेवी मोहनलाल पाटीदार ने किया सम्मान।

# पीएम मोदी के काम से प्रभावित होकर लोग बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं -विधायक पाटीदार



नगर प्रतिनिधि ▶▶ खरगोन

लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का कुनबा तेजी से बढ़ता जा रहा है। चुनाव के दौरान कई कार्यकर्ता दूसरे दल छोड़ भाजपा का दामन थाम रहे है। सोमवार को खरगोन विधानसभा के रायबिड़पुरा के कॉंग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। विधायक बालकृष्ण पाटीदार के कार्यालय पहुंचे कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रमेश चौधरी, राधेश्याम वागड़ा, सदाशिव पाटिल, उमाशंकर वर्मा, भगवान पटेल, मुकेश पिराग, नटवर बिजगावण्या ने भाजपा की सदस्यता ली। विधायक पाटीदार ने इन्हें भाजपा का गमछा गले मे डालकर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा भाजपा बड़ा संगठन है, इसमे सभी का सम्मान है।

पीएम मोदी के व्यक्तित्व और काम से प्रभावित होकर लोग बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं. देश व प्रदेश के साथ गरीबों का सम्मान भाजपा में ही सुरक्षित है। भाजपा में शामिल हुए कार्यकताओं ने कहा भाजपा की रीति नीति ओर पीएम मोदी के सबका साथ सबका विकास के सन्देश से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है। गांव में पार्टी के माध्यम से विकास कार्यों को गति देंगे।इस अवसर पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण जावरा,कैलाश पटेल,आनंदराम धमल एवम् अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानव मन अदभुत शक्तियों से भरपूर है : गोटवाल

**रतलाम।** भाग्योदय भवन प्रथम वर्षगांठ पर पंछियों के प्रति प्रेम भाव, समर्पण भाव से वातावरण भाव विभोर हो गया। धान एवं सकोरे भेंट किए गए। तिनके तिनके से जैसे पंछी घोंसला तैयार करते हैं। ठीक वैसे ही हम सब में विचारों की अद्भुत शक्ति है। और इस शक्ति से हर क्षेत्र में हम सफलता प्राप्त करते हैं उक्त उदगार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गौरव नगर, जावरा रोड, भाग्योदय भवन के विशाल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भ्राता राकेश गोटवाल, प्रशासनिक अधिकारी ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी इंदौर ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। विशेष अतिथि डॉ. प्रदीप कोठारी जी डायबिटीज स्पेशलिस्ट ने कहा कि वर्तमान दौर में जहां व्यक्ति सिर्फ अपने विषय में सोचता है। ऐसे समय में ब्रह्माकुमारी बहने राजयोग के माध्यम से निरंतर मानव मन में श्रेष्ठ परिवर्तन के उच्च आदर्शो को स्थापित करने में सदैव तत्पर हैं। विशेष अतिथि एडवोकेट राजीव उबी, अभिभावक संघ अध्यक्ष रतलाम ने कहा कि संस्था द्वारा बिना किसी प्रलोभन के अनेकों प्रकल्प से सेवा कार्य हो रहा है जो सराहनीय है।

## माता - पिता ने अपनी 25वीं विवाह वर्षगांठ पर नेत्रदान का लिया संकल्प

**रतलाम।** जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम द्वारा ग्राम पलसोडा निवासी मांगीलाल - सौ.का. तेजुबाई सिंदल के सुपौत्र,मुकेश - सौ. का. रानी सिंदल के सुपुत्र के विवाह समारोह मे माता - पिता ने नेत्रदान का संकल्प पत्र मोबाइल द्वारा आन लाइन भर कर अनुठी पहल शुरू की। इस अवसर पर परिवार, समाज,रिश्तेदार एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। सभी से नेत्रदान करने का संकल्प कराया। श्रीमती आभा शर्मा संस्था अध्यक्ष द्वारा मुकेश -सौ. का. रानी सिंदल का बहुमान किया गया।

# महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव में निकला भव्य जुलूस

## जियो और जीने दो का हुआ जय घोष

नगर प्रतिनिधि ▶▶ नीमच

अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ सकल जैन श्री संघ के तत्वाधान में रविवार को सुबह 6 बजे प्रभात फेरी से हुआ। इसके साथ ही 9 बजे पुस्तक बाजार स्थित भीड़ भंजन पार्श्वनाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो कमल चौक बारादरी घंटाघर पुस्तक बाजार भीड़ भंजन पार्श्वनाथ मंदिर होते हुए मिडिल स्कूल मैदान पहुंचकर धर्म सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। रथ यात्रा में सबसे आगे तीन युवक स्वर्णिम एवं जिन शासन की ध्वजा धर्म ध्वजा लिए चल रहे थे, 7 घोड़ों पर नन्हे बच्चे सवार थे ।दो युवक स्वर्ण छतरी लिए पैदल चल रहे थे महिलाएं पंक्ति बद्ध होकर पितांबरी लाल गुलाबी साड़ियां परिधानों में चल रही थी। ।तो कई महिलाऐ अमृत कलश शिरोधार्य किए चल रही थी ।तो कई महिलाएं जिन शासन की ध्वजा लहराती चल रही थी। तो कई महिलाएं पगड़ी पहन कर सहभागी बनी थी। बैंड पर महावीर स्वामी के जीवन चरित्र पर आधारित मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे जब महावीर घर आएंगे... आज महावीर जयंती है सारे संसार में मनती है.. आदि भजन की स्वर लहरियां बिखर रही थी। चांदी तथा स्वर्ण से निर्मित बैवाण में महावीर स्वामी की प्रतिमा को फूलों से श्रृंगारित किया गया था ।मार्ग में स्थान स्थान पर महिला श्रद्धालु भक्तों द्वारा अक्षत स्वास्तिक गहुली? बना कर दिगंबर जैन संत मुनि संसघ से आशीर्वाद ग्रहण किया गया ।






कई श्रद्धालुओं द्वारा श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद ग्रहण भी किया। मार्ग में स्थान स्थान पर अनेक तोरण द्वार सजाकर समाज जनों द्वारा शोभा यात्रा की अगवानी कर स्वागत किया गई। शहर के संगठनों ने पुष्प वर्षा एवं स्वल्पाहार नींबू पानी आदि का वितरण किया। शोभायात्रा में मनोहर सिंह लोढ़ा, जम्बुकुमार जैन ,श्री संघ अध्यक्ष अनिल नागौरी सचिव मनीष कोठारी ,वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम प्रकाश जैन ,अखे सिंह कोठारी आदि लोग उपस्थित थे। धर्म सभा के बाद समस्त नवकार मंत्र अराधको का साधार्मिक वात्सल्य राठौर परिसर पर रखा गया । मिडिल स्कूल परिसर में आयोजित धर्म सभा में वात्सल्य मूर्ति १०८ प्रशम सागर जी महाराज ने कहा कि महावीर स्वामी ने तपस्या कर अपने जीवन को महान बनाया। आज उनकी मृत्यु का महोत्सव मनाया जाता है।महावीर के जीवन को समझे बिना जीवन का कल्याण नहीं हो सकता है। अपने आपके पाप कर्मों को समझना होगा तभी हमारे जीवन में सुधार आ सकता है।यदि हम अपने आप को शुद्ध बुद्ध मानते हैं तो कभी भी शुद्ध बुद्ध नहीं बन पाएंगे। एक गरीब मां का बेटा भी यदि परिश्रम और पुरुषार्थ कर एक-एक कर पैसा जोड़े तो १ दिन राजा बन सकता है। तपस्या और उपवास से सहनशक्ति बढ़ती है अधिक आहार करने से बीमारियां बढ़ती है।इससे पूर्व धर्म सभा में डॉक्टर संयम रत्न मुनि जी महाराज साहब ने कहा कि महावीर जैन समाज के ही नहीं जन-जन के संत है।यह मेरा है, यह पराया है, की बुद्धि चेतन लघु हो जाती है। चरित्र महान होता है तो कार्य भी महान होते हैं।सामाजिक संगठनों में एकता के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता है।मानव स्वभाव की प्रवृत्ति ऐसी है कि वह घृणा में तो एक हो जाता है लेकिन प्रेम के नाम पर कभी एक नहीं बनता है चिंतन का विषय है।हिंदू सनातन और जैन सभी को संगठित नहीं होंगे तो विधर्मी हावी हो जाएंगे। जहां नारी का अपमान होता है वहां लक्ष्मी नहीं रुकती है।धार्मिक उपदेशों की यदि हम छोटी-छोटी बातें भी माने तो बड़ा संदेश देती है। महावीर स्वामी ने यह कहा कि जैन समाज ने सदैव दान देना सीखा है।युवा वर्ग जन्मदिन ब्रह्म मुहूर्त में मनाए। अर्ध रात्रि में नहीं। क्योंकि सूर्योदय के साथ भाग्य उदय होता है। अहिंसा अनेकांतवाद अपरिग्रह जैन धर्म दर्शन है यह आत्मा को मोक्ष मार्ग दिखाता है। विश्व शांति के लिए घर-घर दीप जलाना चाहिए। महावीर स्वामी को नोट नहीं खोट चाहिए।स्वामी वात्सल्य के संयोजक विनायका परिवार साधुवाद के पात्र है। हमें विचार करना चाहिए ।आखिर हम प्रेम को प्रोत्साहन कब देंगे। बच्चों में संस्कारों की कमी है। बच्चों में बचपन से ही प्रेम संस्कार देना आवश्यक है ।तभी वह बड़े होकर प्रेम व्यवहार को आगे बढ़ा सकते हैं। हृदय में प्रेम का स्थान नहीं और मित्र को याद ही नहीं करते , चिंतन का विषय है ।जिसने हमें प्यार किया उसे तो हम याद नहीं करते, जो हमारा दुश्मन होता है उसे बार-बार याद करते हैं। विचारणीय प्रश्न है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के दिये निर्देश




**भोपाल।** पहले चरण की छह सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में कम मतदान को लेकर चुनाव आयोग सक्रिय हो गया है। मुख निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सोमवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर मतदान बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर स्वयं नेतृत्व करें अनुपम राजन ने कहा कि अगले चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर स्वयं नेतृत्व करें। पूरी टीम इस काम में जुट जाए। घर-घर मतदाता पचीज़ पहुंच जाए, यह सुनिश्चित करें और इसका सत्यापन भी कराएं। पर्ची देते समय मतदान अवश्य करने का अनुरोध करें। साथ ही यह भी बताएं कि फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र के अलावा आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आइडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जाब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड जैसे किसी एक दस्तावेज के माध्यम से भी मतदान किया जा सकता है। मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ से आप मतदाता सूची में अपने नाम और मतदान केंद्र की जहां मतदाता अधिक, वहां अतिरिक्त कर्मचारी लगाएं जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा गया कि जहां एक से अधिक बैलेट यूनिट लगनी है, वहां पर इसके संचालन का प्रशिक्षण दिलवाएं। साथ ही जिन मतदान केंद्रों में अधिक मतदाता हैं, वहां अतिरिक्त कर्मचारी लगाएं, ताकि मतदान के लिए लंबी लाइन न लगे। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कवरेज के साथ ही अन्य सभी मापदंडों का पूरी तरीके से पालन हो। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे, तरुण राठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अग्निवीर के लिए पहले दिन 2980 अभ्यर्थियों ने दी ऑनलाइन लिखित परीक्षा




**ग्वालियर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आनलाइन लिखित परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। पहले दिन करीब 2980 अभ्यर्थियों ने आनलाइन लिखित परीक्षा दी। अभ्यर्थियों में भारतीय सेना में जाने के लिए गजब का उत्साह देखने को मिला। अभ्यर्थियों रात तीन बजे से ही चितौरा रोड स्थित परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंचने शुरू हो गए थे। बता दें कि सबसे पहले अग्निवीर जनरल ड्यूटी वाले अभ्यर्थियो की आनलाइन लिखित परीक्षा हो रही है। सोमवार से 25 मार्च तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी के अभ्यर्थियों की परीक्षा चितौरा रोड स्थित आइओएन डिजिटल पर आयोजित हो रही है। सबसे ज्यादा अभ्यर्थियों जनरल ड्यूटी वाले ही हैं, इसके चलते चार दिन इन अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। ग्वालियर, शिवपुरी, मुरैना, दतिया, भिंड, श्योपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, निवाड़ी जिले के अभ्यर्थियों की परीक्षा ग्वालियर में करवाई जा रही है। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली सुबह 6.30 से 8.30 बजे, दूसरी पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे और तीसरी पाली दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक थी।

## वेंकैया नायडू, मिथुन चक्रवर्ती और राम नाइक को मिला पद्म पुरस्कार

**नईदिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित एक समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये। नायडू, पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से स मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। देश के सवोज़्च्च नागरिक स मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री- में प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं जिनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन/भूमि क्रमांक 69/11 जो कि अशोक मण्डी मार्ग, गायत्री नगर के पास, आगर रोड, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं, जो कि एक मंजिला टीनशेड निर्मित हैं, को उसके स्वामी - 1) काईद जौहर, 2) हसन अली पुत्रगण इब्राहिम अली कपड़ावाला, निवासीगण - 67/1, खाराकुंआ, हकीमी मोहल्ला, उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का सौदा किया हैं। जल्द ही उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री अनुबंध-पत्र/विक्रय-पत्र होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स दावा, झगड़ा आदि हो या कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 07-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री अनुबंध-पत्र/विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 22/04/2024,

स्थान:- उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**''सुहाना पैलेस'' 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 94240-45740**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने कौशल सोनी पिता श्री सुरेन्द्र सोनी निवासी-38, शिव विहार कालोनी, शिव विहार एक्स., धार (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक-538, स्थित एलान्स एवेन्यू, ग्राम सुरासा तहसील घटिया जिला उज्जैन में हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व में 7.50 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक-537, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक-539, दक्षिण में 9.00 मीटर चौड़ी सड़क मिली हैं, उक्त भूखण्ड को यथा स्थिति में तल भूमि से लगाकर हवाई हक सहित को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि 7 दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरे पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । इति दिनांक 22-04-2024,

**कु. मनोहरसिंह राणावत दस्तावेज लेखक**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो.98268.87494**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. श्रीमती उषा पोरवाल पति श्री गोपाल पोरवाल, निवासी- म.नं. 180. गोपाल मंदिर मार्ग, छत्री चौक, उज्जैन (म.प्र.) एवं 2. श्रीमती शीला सोनी पति श्री श्यामसुंदर सोनी, निवासी- वेदनगर, लालबहादुर शास्त्री मार्ग, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की सिंचीत कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1256/2/2/2 रकबा 039 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1263/2/1 रकबा 0.17 हेक्टर जिसकी स्वामी श्रीमती उषा पोरवाल जी है एवं सर्वे क्रमांक 1256/2/2/1 रकबा 0.20 हेक्टर जिसकी स्वामी श्रीमती शीला सोनी है. कुल किता 03 कुल रकबा 0.76 हेक्टर जो कि अनुबंधति भूमि हैं. ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित हैं। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति का अनुबंध/विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विकय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22-04-2024

**सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट**
**ए-20. भरतपुरी कांप्लेक्स, आरटीओ के पीछे,देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1- ताहेर अली पिता नजर अली, आयु 70 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी 21, नागपुरवाला स्ट्रीट, डाबरी पीठा, उज्जैन, 2- सैफुद्दीन पिता अकबर अली, आयु 70 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी - 295, कमरी मार्ग, पथ क्रमांक 01, उज्जैन, 3- मुस्तफा किताबवाला पिता इस्माईल भाई, आयु 44 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी 18, बहादरपुरा, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 1 स्थित तिलक मार्ग, गली नम्बर 7, उज्जैन में स्थित है। उक्त एक भाग दक्षिण दिशा तरफ का है उक्त भवन दो मंजिला टीनपोश का बना होकर आवासीय सह व्यवसायिक उपयोग का है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 887.05 वर्गफीट अर्थात 82.40 वर्गमीटर है, जिसमें से व्यसायिक क्षेत्रफल 18.98 वर्गमीटर है एवं शेष 63.42 वर्गमीटर आवासीय उपयोग का है। 63.42 वर्गमीटर भाग में से 45.16 वर्गमीटर भाग टीन शेड का निर्मित है व शेष भाग 18.26 वर्गमीटर भाग गार्डर फर्शी का निर्मित है। प्रथम मंजिल का टीनपोश निर्मित क्षेत्रफल 37.24 वर्गमीटर है। उक्त भवन फ्री-होल्ड राईट्स का है। उक्त भवन के पूर्व में गली नंबर 07 है, पश्चिम में - पवन यादव जी का मकान है, उत्तर में मकान नंबर 1-ए है, दक्षिण में मकान फातेमा पत्नी करीम अली नागपुरवाला है। उपरोक्त भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है, उक्त सौदे के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन का अनुबन्ध-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में संपर्क करे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का अनुबन्ध-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

**अखिलेश बाफना एडव्होकेट**
**कार्यालय- 8, सैकेण्ड फ्लोर, तुलसी टॉवर, टॉवर चौक, फ्रीगंज, उज्जैन मो.98262-66570**

## न्यायालय:- पंचम जिला न्यायाधीश उज्जैन म.प्र.
## पीठासीन अधिकारी:- संजय श्रीवास्तव

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) आर.सी.एस.एच.एम. 000106/2023**

**बुलबुल बैरागी........आवेदिका**
**विरूद्ध**
**शुभम बैरागी..........अनावेदक**

**प्रोसेस आई.डी.3832/2024**
**पेशी दिनांक 6.5.2024**

प्रेषिती:- शुभम बैरागी पिता भरतदास बैरागी पता ग्राम- नामली तहसील व जिला रतलाम म.प्र. आवेदिका बुलबुल बैरागी ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत, दाम्पत्य संबंधों की पुर्नस्थापना हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 6.5.2024 नियत है। अत: आप उक्त दिनांक अथवा उसके पूर्व आवेदन पत्र का उत्तर देने हेतु स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों । अनुपस्थिति की दशा में मामले में एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। यह भी उल्लेखित किया जाता है कि उपरोक्त पेशी दिनांक को किन्ही कारणवश अवकाश होने पर प्रकरण में आगामी कार्यदिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 04 अप्रेल 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**(संजय श्रीवास्तव)**
**पंचम जिला न्यायाधीश**
**उज्जैन म.प्र.**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, रामचन्द्र पिता श्री जालाजी एवं श्रीमती सुनीता उर्फ सुमित्रा पति अम्बाराम निवासीगण ग्राम जीवनखेड़ी तहसील कोठी महल जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र. 77/1, रकबा 0.011 हेक्टेयर, सर्वे क्र. 78/1 रकबा 0.209 है., सर्वे क्र. 78/2 रकबा 0.589 हे., सर्वे क्र. 79 रकबा 0.261 हे., सर्वे क्र. 80/1/1 रकबा 0.250 हे., सर्वे क्र. 80/1/2 रकबा 0.203 हे., सर्वे क्र. 80/96 रकबा 0.21 हे., सर्वे क्र. 81/2 रकबा 0.063 हे., सर्वे क्र. 82/1 रकबा 0.387 हे., सर्वे क्र. 83/1 रकबा 0.151 हे., 83/2 रकबा 0.152 हे, कुल कीता 11, कुल रकबा 2.297 हेक्टेयर कृषि भूमि जो ग्राम जीवनखेडी, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि भी अदा कर दी गई है। विक्रय पत्र का सम्पादन किया जाना शेष है। विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ हैं कि, उक्त कृषि भूमि को अन्य किसी को बैचने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी क्रय, विक्रय एवं सौदे के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी भी संस्थान को कोई भी ऋण, भार आदि के संबंध में कोई भी अनुबंध / कार्यवाही कार्यवाही नहीं करें और यदि मेरे पक्षकार की जानकारी के बिना सहमति के कोई भी ऋय, विक्रय एवं सौदे के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी भी संस्थान को कोई भी ऋण, भार आदि के संबंध में कोई भी अनुबंध / कार्यवाही की जाती है तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाश में अवैध व शुन्यवत मानी जावेगी और ऐसा कोई संव्यवहार मेरे पक्षकार एवं उसके वारिसान पर बन्धनकारी नहीं होगा। सो सुचित हो। इति दिनांक 23.04.2024

**मितेश भार्गव एडवोकेट**
**125, अब्दालपुरा, उज्जैन मो. 9827015951, 9424815951**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्रीमती दिव्या तिवारी पति श्री हरीशंकर तिवारी, निवासी-ए-15/9, महानंदा नगर उज्जैन के स्वामीत्व का भूखण्ड क्रमांक-111, जो कि मंगल रेसीडेन्सी ग्राम लालपुर, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-90.00 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर सोदा चिट्ठी का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति व्यस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 03 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो । इति दिनांक-22.04.2024

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अर्चना सिकरवार पति श्री नवनीतसिंह सिकरवार निवासी- बी- 4/1 महानंदानगर उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं आधिपत्य फ्लेट क्रमांक 508 जो कि ओम सांई ओम मल्टी फ्लेटेड टाउनशीप अलखधाम के पाछे उज्जैन में निर्मित अपार्टमेंट गोल्डन बी की पांचवी मंजिल पर स्थित है। उक्त फ्लेट को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण, भार से मुक्त मालिकाना अधिकारों सहित लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित फ्लेट के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त फ्लेट पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त फ्लेट पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित फ्लेट के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित मे करवा लिया जावेगा व अवधि सामप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22/04/2024

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाइडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी,**
**उज्जैन मो. नं. 88397-42938**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल स्वामी इरफान अली पिता सैय्यद अली, निवासी ग्राम पानबिहार तहसील घटिया जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक सी-3/8, श्रेणी एच.आय.जी. स्थित क्षिप्रा विहार योजना, उज्जैन में स्थित है । उक्त भूखण्ड में से पश्चिम दिशा का भाग 1356 वर्गफीट अर्थात 126.00 वर्गमीटर है । उक्त भूखण्ड सामने 6.00 मीटर पीछे 6.00 मीटर एक बाजू 21.00 मीटर, दूसरी बाजू 21.00 मीटर के माप को होकर कुल क्षेत्रफल 126.00 वर्गमीटर है। उक्त भूखण्ड के उत्तर/ पूर्व में भूखण्ड क्रमांक सी-3/8 का शेष भाग है, दक्षिण / पश्चिम में - भूखण्ड क्रमांक सी-3/7 है, पश्चिम / उत्तर में भूखण्ड क्रमांक सी-3/23 पूर्ण एवं सी-3/24 का भाग है, पूर्व / दक्षिण में 45.00 मीटर सड़क है । उक्त भूखण्ड को मूल स्वामी इरफान अली से मूल स्वामी इरफान अली से जितेन्द्र सिंह पिता श्री छतर सिंह, निवासी - ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन ने क्रय करने का अनुबन्ध किया है एवं जीतेन्द्र सिंह से उक्त भूखण्ड क्रय करने का अनुबन्ध इरशाद एहमद पिता मुश्ताक एहमद, निवासी 32, अमरपुरा दादाभाई नौरोजी मार्ग, उज्जैन ने किया है एवं इरशाद एहमद पिता मुश्ताक एहमद से भूखण्ड क्रय करने का अनुबन्ध मेरे पक्षकार ने किया है । उक्त अनुबन्ध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूखण्ड का विक्रय-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूखण्ड में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधि कार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

**अखिलेश बाफना एडव्होकेट**
**कार्यालय - 8, सैकेण्ड फ्लोर, तुलसी टॉवर, टॉवर चौक, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 98262-66570**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने सुमित यादव पिता श्री रामसिंह यादव जी निवासी 241, देसाई नगर, उज्जैन का क्रयानुबंधित एक भूखण्ड क्रमांक डी-124 स्थित पार्श्वनाथ सिटी कालोनी, नागझिरी, देवास रोड उज्जैन में हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 150.50 वर्गमीटर अर्थात 1620 वर्गफीट है, जिसकी चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है- पूर्व की ओर प्लाट क्रमांक डी-142, पश्चिम की ओर रोड, उत्तर की ओर प्लाट क्रमांक डी-123, दक्षिण की ओर प्लाट क्रमांक डी-125 जिसकी लंबाई 18.29 मीटर चौड़ाई - 8.23 मीटर है. उपरोक्त भूखण्ड को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित विक्रय अनुबंध पत्र किया हुआ है, अब विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पजीयन कराना शेष है। उक्त भूखण्ड के मूलस्वामीगण 1-अंकित डड्डा पिता श्री विनयकुमार जी डड्डा 2-अक्षय डड्डा पिता श्री विनयकुमार जी डडडा निवासीगण-बी-194/2, वी.डी. क्लाथ मार्केट फाजलपुरा उज्जैन है। अत: उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखण्ड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्ड को विधिवत् विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 21-04-2024 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी 1. रविन्द्रसिंह ठाकुर पिता श्री प्रहलादसिंह ठाकुर, 2. अभयसिंह ठाकुर पिता श्री रविन्द्रसिंह ठाकुर, 3. अभिजीतसिंह ठाकुर पिता श्री रविन्द्रसिंह ठाकुर निवासीगण 47/1 क्षपणक मार्ग दशहरा मैदान उज्जैन, म.प्र., के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक-87 महावीर बाग कालोनी, ग्राम गोयलाखुर्द इंदौर रोड़, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन दो मंजिला आर.सी.सी का निर्मित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल-135.00 वर्गमीटर है। उक्त भवन का तल मंजिल का निर्मित क्षेत्रफल 109.21 वर्गमीटर है एवं प्रथम मंजिल का निर्मित क्षेत्रफल 109.21 वर्गमीटर है। भवन मुख्य मार्ग से अंदर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। उक्त वर्णित भवन की चर्तुसीमा निम्नानुसार है-पूर्व में-संपत्ति क्रमांक 78, पश्चिम में -सड़क कालोनी की, उत्तर में:-संपत्ति क्रमांक 86, दक्षिण में -संपत्ति क्रमांक 88 है। मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भवन स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भवन स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22/04/2024

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या- सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन**
**मो.89891-45770**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी देवप्रकाश पिता श्री छितरलाल जी निवासी ग्राम कढाई तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-60/3 रकबा 0-800 हेक्टयर में से रकबा 0-200 हेक्टयर स्थित ग्राम कढाई तहसील बडनगर जिला उज्जैन के प.ह.न.-71 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है और शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त कृषि भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधी में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-22.04.2024

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**
**मो. 9993079516-94250 94349**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण रेशमबाई विधवा कन्हैयालाल जाति गारी निवासी ग्राम जलोदिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. एवं महेश पिता कन्हैयालाल जाति गारी निवासी ग्राम जलोदिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 438/2 रकबा 0.38 हे., भूमि सर्वे क्र. 433 रकबा 1.20 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 1.58 हे. जलोदिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेतागण को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय बैंक, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे, अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी ।

सूचित हो । 22/04/2024

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक)**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बड़नगर जिला उज्जैन मो. 7999800300**

## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि सर्वे क्र. 966,975,976 रकबा 0.05 0.41 0.15 हेक्टेयर स्थित ग्राम खेड़ाखजुरिया तह महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित होकर वर्तमान में राजस्व अभिलेख में मांगीलाल, पन्नालाल, गीताबाई, राधाबाई, रूखमाबाई पिता बालाराम, देवबाई विधवा बालाराम जाति सुतार निवासी ग्राम खेडाखजुरिया तह महिदपुर, जिला उज्जैन के फोती नामांतरण के आधार पर संयुक्त स्वामित्व के नाम से उपरोक्तानुसार सहकृषकों के नाम से दर्ज है। उपरोक्त भूमि में सहकृषक पन्नालाल ने वर्ष 2012 में ही आपसी बटवारे अनुसार अपनी भूमि विक्रय कर चुके हैं। अब उपरोक्त भूमि में पन्नालाल का हक, अधिपत्य, स्वामित्व, कब्जा नही रहा है। पन्नालाल केवल फोती नामांतरण का पैतृक आधार पर उक्त भूमि में से भूमि विक्रय करने का प्रयास कर रहा है। जिसकी आपत्ति श्रीमान उप पंजीयक महोदय कार्यालय महिदपुर जिला उज्जैन में सह खातेदार मांगीलाल द्वारा दिनाक 15.04.2024 को विधिवत रूप से शुल्क जमा कर दर्ज करा दी गई है। तथा उपरोक्त सर्वे नम्बरो पर पन्नालाल का नाम कम किये जाने हेतु भी अन्य सह कृषक राजस्व न्यायालय में कार्यवाही करने जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में पन्नालाल द्वारा कोई भी आम व खास किसी प्रकार का उपरोक्त सर्वे नबरो की भूमि में से कोई भूमि क्रय ना करे, ना ही पन्नालाल स्वय भी किसी को विक्रय करने का विचार करे यदि पन्नालाल ने उक्त भूमि में से भूमि विक्रय करने का प्रयास किया अथवा किसी आम व खास ने यदि उक्त भूमि क्रय करने का सौदा किया तो उपरोक्त आपत्ति अनुसार हर आम व खास व्यक्तिगत रूप से जवाबदार होगा कोई भी आम व खास पन्नालाल से उक्त संयुक्त खाते की कृषि भूमि में से कोई भूमि क्रय करने का प्रयास ना करे सूचित हो।

इति दिनांक 22/04/2024

**मांगीलाल पिता बालाराम**
**ग्राम खेड़ाखजुरिया तह महिदपुर, जिला उज्जैन, हा.मु. महावीर नगर भेरूगढ़ उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री चन्दन गेरा पिता श्री हुकुमचन्द गेरा, निवासी 2/10 ई.डब्लू.एस. ऋषि नगर जिला उज्जैन म.प्र. उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एव आधिपत्य का एक भवन जो कि नगर पालिका निगम क्षेत्र में स्थित होकर जिसका भवन क्रमांक 416 ई.डब्लू.एस. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की नानाखेडा योजना क्रमांक 02 में तहसील व जिला उज्जैन के वार्ड क्र. 51 में स्थित होकर उक्त भवन जो कि फ्री-होल्ड राईटस का है। उक्त भवन मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर हैं जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में सम्पत्ति क्रमांक 415, पश्चिम मे सम्पत्ति क्रमांक 417, उत्तर में सडक कॉलोनी की, दक्षिण में सम्पत्ति क्रमांक 385 स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित विक्रय अनुबंध किया गया हैं तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी हैं, तथा शेष राशि अदा कर मूल स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भवन बावत् किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत् हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (7 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बर्धनकारक होगी।

यह सूचित हो। इति दिनांक 22.04.2024

**निलेश धाकड़ (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय ए- 2 भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9074220501**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1-श्रीमती कैलाशबाई पुत्री स्वर्गीय श्री अम्बाराम 2-श्रीमती रेखाबाई पुत्री स्वर्गीय श्री अम्बाराम 3-अर्जुन पिता स्वर्गीय श्री अम्बाराम 4- श्रीमती सीमाबाई पुत्री स्वर्गीय श्री अम्बाराम निवासीगण ग्राम नीमनवासा तहसील कोठी महल जिला उज्जैन (म.प्र.) 5- केसरसिंह उर्फ केशरलाल पिता श्री पीरा जी निवासी- 45/5, निमनवासा, उन्डासा, उज्जैन (म.प्र.) कृषक ग्राम नीमनवासा तहसील कोठी महल जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वेनम्बर-418/2 रकबा 1.038 हैक्टर व सर्वे नम्बर-418/3 रकबा 1.038 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 2.076 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम नीमनवासा तहसील कोठी महल जिला उज्जैन(म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-22.04.2024

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो 98268.87494**

## हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?

**जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।**

**पं. रुपेश नाहर**

**प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य (M.A.astrologer) भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान**

**नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने मोबाइल- 98277-33384, फोन- 2533469 नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक**

**(Web.www.jyotishdham.in)**

कई जगह ईलाज कराने, टी.वी., इंटरनेट, पर विज्ञापन देखकर दवाई मंगाने पर भी ठीक न हुए तो मिले व 100 % पूर्ण ठीक हों

**आपकी शादी का खर्च और उमंगें कहीं बर्बाद न हो जाए**

**उज्जैन में पिछले 18 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्यरत**

**क्या आप शादी करने जा रहे हैं ? तो रुके सोचे कहीं आपके शरीर में कोई अंदरूनी कमजोरी तो नहीं है।**

आज की आधुनिक जीवनशैली में गुप्त रोग एक ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति किसी से न कह पाता है और न सह पाता है बस अंदर ही अंदर घुटता रहता है व समय पास करता है, लापरवाही करने से स्वयं के व जीवनसाथी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है और बीमारी को अंदर ही अंदर बढ़ाता रहता है इसलिए बिना शर्माए व घबराए निःसंकोच मिले व पूर्ण 100 % ठीक हो..

अतिशीघ्रपतन, स्वप्नदोष लिंग में तनाव व कड़कपन कम होना, धात जाना, शारीरिक कमजोरी, लिंग का छोटापन पतलापन, पैशाब में जलन, शरीर का अत्यधिक दुबला-पतला होना, पाईल्स (बवासीर), मानसिक कमजोरी, सेक्स कमजोरी, शुक्राणु (SPERM) का कम होना, वीर्य का कम बनना आदि गुप्त रोगों के रोगी शादी के पहले या बाद मिले व निराशा को आशा में बदलें।

**उम्र का कोई बंधन नहीं** | **इन्द्रीवर्धक यन्त्र उपलब्ध है।**

**फायदा 100% अवधि 8 दिन**
**फायदे हेतु संपर्क करें**

सम्पर्क समय :- प्रतिदिन सु. 11 से 2 व शाम 5 से 8

**Dr. N.K. ACHARYA**
N.D.B.A.M.S. Reg. Consulting Physician

**मरीजों के विश्वास हेतु :- ठीक हुए मरीजों के सर्टिफिकेट (प्रमाण) उपलब्ध है।**

**अनुभवी, क्वालिफाईड चिकित्सक द्वारा परामर्श-परीक्षण व ईलाज**

स्थायी पता - **+ स्वास्थ्य सॉल्युशन +**
**आयुर्वेदिक परामर्श परिक्षण केंद्र**

A-235, तिरुपति ड्रीम्स कॉलोनी, होटल शांति पैलेस के पीछे, चिंतामन (उन्हेल नागदा बायपास), नानाखेड़ा, उज्जैन

आने के पहले फोन पर समय व दिन निश्चित कर लें **9340104447**

न्यूज-कॉलम

## कस्तुरबा नगर क्षेत्र के 16 श्वानों का हुआ एंटी रेबीज टीकाकरण

**रतलाम।** शहर में श्वानों काटने से होने वाली रेबीज बीमारी से नागरिकों को बचाने हेतु निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट द्वारा विगत दिनांक बैठक में दिये गये निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने जीव मेंत्री परिवार, एनिमल लवर्स ग्रुप, एवं अन्य संस्थाओं के साथ श्वान एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर के तहत 22 अप्रैल को कस्तुरबा नगर क्षेत्र से 16 श्वानों को नियमानुसार पकड़कर उनका टीकाकरण किया गया। कस्तुरबा नगर क्षेत्र में आयोजित शिविर में नगर निगम के सेवा निवृत्त इंजीनियर श्री आर.एम. सक्सेना एवं अन्य साथियों द्वारा बढ़चडकर हिस्सा लेते हुए 16 श्वानों का टीकाकरण करवाया गया। कस्तुरबा नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर, जीव मैत्री परिवार व एनिमल लवर्स ग्रुप के सदस्य अंशुल, धर्मेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र गोठवाल, श्रीमती सक्सेना, श्रीमती प्रफ्फुलता तिवारी आदि की उपस्थिति में एबीसी ग्रुप द्वारा मौके पर श्वानों को पड़कर पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर के माध्यम से वैक्सीनेशन करवाया गया।

## बरबड़ मेले में आज एक शाम हनुमान के नाम भजन संध्या

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 19 से 23 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले के तीसरे दिन निगम रंगमंच पर आयोजित लाफ्टर शो आर्केस्ट्रा के कार्यक्रम में लाफ्टर कलाकारों ने अपनी चुटीली बातों से नागरिकों को खुब हंसाया। कार्यक्रम की शुरूआत महेंद्र वैष्णव ने भगवान श्री गणेश वंदना से की इसके बाद इकबाल खान ने हनुमान जी के भजन की प्रस्तुति दी। इंदौर से आई गायिका प्रीति पुरोहित ने होठों में ऐसी बात में दबा के चली आई, तेरी झलक सर्फी श्रीवल्ली जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं गायक ललित बैरागी ने रफी साहब एवम् किशोर कुमार के सदाबहार गीतो की प्रस्तुति दी। इंदौर के लाफ्टर कलाकार संतोषसिंह एवं कोटा राजस्थान के लाफ्टर आर्टिस्ट अर्जुन अल्हड़ ने अपनी चुटीली बातों से श्रोताओं को खूब हंसाया। मेले प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज मेले के अंतिम दिन 23 अप्रैल हनुमान जयंती पर एक शाम हनुमान के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

## दो केनों से 60 लीटर कच्ची शराब जप्त

**मन्दसौर।** महू-नीमच हाईवे रोड़ चंगेरी फंटा पर पुलिस ने बाईक पर सवार आरोपी को गिरफ्तार कर बाईक पर लगी दो प्लास्टिक के केनों में 30-30 ली. हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की। रविवार को मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी किशन पिता रोशन उर्फ कौशल साठिया निवासी बुढ़ा थाना नारायणगढ़ के खिलाफ आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## कार ने दो बाईकों को टक्कर मारी, 6 घायल

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के सांवलिया वेयर हाउस के सामने सीतामऊ मंदसौर रोड़ ग्राम हानड़ी पर एक अज्ञात कार के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर दो मोटरसायकल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में फरियादी और उसके मामा, मामी नाना, नानी और मम्मी को चोटे आई है। रविवार की रात करीब 9.45 बजे यह घटना घटित हुई। इस घटना की रिपोर्ट सीतामऊ थाने पर फरियादी सलमान पिता अनवर हुसैन निवासी लालघाटी रोड़ संजय हिल्स मंदसौर ने की।

## पांचवे दिन चार अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन प्राप्त हुए

**मन्दसौर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मंदसौर संसदीय क्षेत्र 23 के लिए नाम निर्देशन पत्र 25 अप्रैल तक निर्देशन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। नामांकन के पांचवे दिन सोमवार को 4 अभ्यर्थियों ने 4 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। जिसमें सईद अहमद, रण विजय, दिलीप सिंह गुर्जर एवं अमन अग्रवाल द्वारा 1-1 नाम निर्देशन प्रस्तुत किया गया। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 13 मई को होगा। मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

# श्री तलाई वाले बालाजी के दरबार में मत्था टेकने से हर जाते है सारे दुःख, मंगलवारी चोले के लिए 22 साल का इंतजार

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ मन्दसौर



दयालु बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले तलाई वाले बालाजी के दरबार में यदि मंगलवार या शनिवार को चोला चढ़ाना है तो आज की तारीख में रसीद कटवाने वाले भक्तों का नम्बर २२ साल के इतंजार के बाद आएगा। लाखों श्रद्धालुओं के आस्था के केन्द्र बालाजी के दरबार में सामान्य वार में भी चोले के लिये कम से कम 10 साल का इंतजार तो भक्तों को करना ही पड़ेगा। आज हनुमान जयंती पर जो चोला चढ़ेगा वह भी करीब 14 साल पुराने भक्त की रसीद का चोला होगा जो 29 जून 2010 को गुप्त नाम से कटी थी।

बालाजी भक्त राहुल सोनी ने बताया कि गांधी चौराहा और बालागंज के संधि स्थल के बीच स्थित तलाई वाले बालाजी की लीला कितनी अपरम्पार है। संकटों को दूर करने वाले और हर मनोकामना को पूर्ण करने वाले चमत्कारिक तलाई वाले बालाजी के यहां सुबह 5 बजे से भक्तों का सैलाब उमड़ना शुरू होता है जो रात 10 बजे तक अनवरत जारी रहता है। श्री तलाई वाले बालाजी के दरबार में लड्डू चूरमे का प्रसाद चढ़ाने, राम रक्षा स्त्रोत का पाठ करवाने और चोला चढ़ाने से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही वजह है कि यहां हर दिन चोला चढ़ाने के बावजूद चोले की प्रतीक्षा सूची सालों की लम्बित है। मन्दिर के पुजारी पं. रामेश्वर शर्मा व पं. भूपेन्द्र शर्मा के मुताबिक मंगलवार व शनिवार के लिये जनवरी 2046 तक की प्रतीक्षा सूची है तो वहीं इन विशेष वारों को छोड़कर अन्य वारों के लिये फरवरी 2034 तक की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। इतना ही नहीं राम रक्षा स्त्रोत और लड्डू चूरमे के भोग के लिये भी भक्तों को प्रतीक्षा करना पड़ रही है।

मंगलवार और शनिवार के चोले की बुकिंग पुनः हुई शुरू- मंगलवार और शनिवार की प्रतीक्षा सूची काफी दीर्घ होने पर श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट ने 2019 में मंगलवार और शनिवार के चोले की बुकिंग बंद कर दी थी लेकिन भक्तों की बारम्बार इच्छा और आग्रह के चलते ट्रस्ट ने अब अप्रैल 2024 से फिर से मंगलवार और शनिवार के चोले की बुकिंग भी चालू कर दी है।

700 साल पुराना है इतिहास- लगभग सात सौ वर्ष पुरानी बालाजी की प्रतिमा प्रारम्भ में विशाल वटवृक्ष के नीचे विराजित थी, यह स्थान शहर से दूर सूबा साहब (कलेक्टर) बंगले के पास स्थित था। मंदिर के पास ही एक तलाई थी जिस पर वर्तमान में नगरपालिका तरणताल स्थित हैं। किवदंती हैं कि इस प्रतिमा की स्थापना अत्यंत सिद्ध परमहंस संत द्वारा की गयी थी, बहुत समय तक यहाँ बनी धर्मशाला, तलाई एवं मंदिर साधु संतों एवं जमातों का विश्राम एवं आराधना स्थल रहा। उपलब्ध प्रमाणों से ज्ञात होता हैं कि नगर की प्रमुख फर्म एकामोतीजी के फूलचंदजी चिचानी, बद्रीलालजी सोमानी, नत्थूसिंहजी तोमर ने लम्बे समय तक अपनी सेवाएं दी। अन्नत श्री विभूषित ब्रह्मलीन पूज्य राजारामदासजी महाराज अधिष्ठाता, श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर, भीलवाड़ा ने भी 1940 ई. में यहाँ रहकर साधना की हैं।

अयोध्या में रामलला प्रतिष्ठा समारोह के तहत यहां भी चढ़े स्वर्णकलश- सन 1964 में बालाजी मंदिर न्यास के गठन के बाद मंदिर परिसर का योजनाबद्ध तरीके से विस्तार किया जा रहा हैं। 1995 के पश्चात मंदिर के पुनर्निर्माण के कार्य के अंतर्गत 85 फीट ऊँचा शिखर तथा निज मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में 20 से 25 जनवरी तक 6 दिवसीय स्वर्ण कलशारोहण एवं 108 कुण्डीय श्री हनुमन्त महायज्ञ का आयोजन भी हुआ। 28 वर्षो के निरंतर निर्माण के सफर के बाद 25 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में यहां स्वर्ण कलश की स्थापना हुई।

ओबामा की जीत के लिये हुआ था अनुष्ठान- अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव के दौरान प्रत्याशी के रूप में खड़े हुए बराक ओबामा की जीत को लेकर श्री तलाई वाले बालाजी मन्दिर के दरबार में अनुष्ठान भी हुआ था। अमेरिका में रहने वाले परिवार, जो बालाजी को अपना इष्ट मानता है उस परिवार ने यहां अनुष्ठान और धार्मिक आयोजन कर जीत की मनोकामना मांगी थी। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान बराक ओबामा ने विजयश्री का वरण भी किया था।

ट्रस्ट के माध्यम से हो रहा है विकास- श्री तलाई वाले बालाजी के निज स्थान से लेकर मन्दिर और सम्पूर्ण परिसर के विकास का दौर निरंतर जारी है। परम पूज्य दादाजी पंडित कृष्णशंकरजी शास्त्री अधिष्ठाता भागवत विद्यापीठ शोला अहमदाबाद के आशीर्वाद से विकास की शिलाएं निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बालाजी मंदिर न्यास के अध्यक्ष पद को धर्मनिष्ठ, समाजसेवी, एडवोकेट धीरेन्द्र त्रिवेदी सुशोभित कर रहे हैं। उनके साथ पूर्ण समर्पित भाव से कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी, उपाध्यक्ष दिलीप जोशी, सचिव धन्नालाल माली, कोषाध्यक्ष गोपाल गोयल, सहसचिव महेश कटलाना व न्यासीगण ओमप्रकाश व्यास, सुशील गुप्ता, अशोक गुप्ता एवं हरिओम सिंह तोमर कार्य कर रहे है।

### ब्राउन शुगर की तस्करी के मामले में

# फरार चल रहे दो हजार के इनामी आरोपी को पिपलोदा पुलिस ने किया गिरफ्तार

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ रतलाम

जिले में अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ चलाई जा रही मुहीम में पिपलोदा पुलिस को नई सफलता मिली है। पिपलोदा पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह आरोपी काफी समय से फरार था और इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने दो हजार रु. का इनाम घोषित किया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पिपलौदा थाना प्रभारी निरी. रेखा चौधरी की टीम द्वारा उनि वीडी जोशी चौकी प्रभारी सुखेड़ा के विश्वसनिय मुखबीर की सूचना पर प्रतापगढ़ तिराहा आम रोड़ पिपलौदा पर एक आरोपी धीरज पिता महेश पाल उम्र २२ साल निवासी दुर्गा चौक इमलीपुरा बदनावर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर १७ ग्राम बरामद किया था। इस मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला था कि गिरफ्तारशुदा आरोपी धीरज द्वारा अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर आरोपी संजर उर्फ संजु पिता हकीम लाला पठान जाति मुस. निवासी देवल्दी थाना अरनोद जिला प्रतापगढ़ राजस्थान से लेकर आया था। आरोपी संजर उर्फ संजु घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दो हजार रुपये की ईनाम उदघोषणा जारी की गई थी।

वरिष्ठ अधिकारीयो के निर्देशन पर थाना प्रभारी पिपलौदा द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी संजर उर्फ संजु पिता हकीम लाला पठान जाति मुस. निवासी देवल्दी थाना अरनोद जिला प्रतापगढ़ राजस्थान को ग्राम दलोट जिला प्रतापगढ़ राजस्थान से गिरफ्तार किया गया।

**सराहनीय भूमिका**

फरार ड्रग तस्कर को गिरफ्तार करने में निरी. रेखा चौधरी, उनि वीडी जौशी, प्रधान आरक्षक घनश्याम नागर, आरक्षक समरथ पाटीदार, राकेश पाटीदार, दीपक शर्मा, हरिओम देवड़ा, आशीष शर्मा की महत्वपुर्ण भूमिका रही।

## भाजपा महिला मोर्चा कामकाजी सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने की



**रतलाम।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा महिला मोर्चा की कामकाजी बैठक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने चुनाव कार्यालय में ली। इसमें आगामी दिनों में आयोजित होने वाले महिला मोर्चा कामकाजी सम्मेलन की समीक्षा की गई। इस दौरान वार्ड अनुसार नए प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई। बैठक में मोर्चा से जुड़े सभी जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला मंत्री सोना शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिता कटारिया, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अनिता पाहूजा, महिला मोर्चा सूरजमल जैन मंडल अध्यक्ष भारती राहोरी, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष भावना गुर्जर सहित मोर्चा से जुड़ी पदाधिकारी उपस्थित रही>

# जेएसजी मेन द्वारा आयोजित शिविर में 57 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ मन्दसौर




जैन सोश्यल ग्रुप मेन मंदसौर द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम चंद्रपुरा मंदसौर पर किया गया।

ग्रुप अध्यक्ष संजय दोशी ने बताया कि इस वृहद रक्तदान शिविर में 57 रक्तवीरों ने अपना रक्तदान कर भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश को आत्मसात किया। ग्रुप द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जैन सोश्यल ग्रुप मेन द्वारा किये गये पुनीत कार्य के लिये जिला चिकित्सालय की ओर से भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

ग्रुप सचिव राजेश सिंघवी ने बताया कि भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में विधायक विपिन जैन व उनकी पत्नी सोनाली जैन व पुत्र अमन जैन ने रक्तदान कर सभी को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन, सजैस के अध्यक्ष दिलीप लोढ़ा, निवृत्तमान अध्यक्ष प्रदीप कीमती, संयोजक सुरेंद्र लोढ़ा, महामंत्री प्रताप कोठारी, कोषाध्यक्ष विकास भंडारी सीए, मंदसौर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी दिलीपसिंह गुर्जर, जैन सोशल ग्रुप के संरक्षक विजेंद्र सेठी, राजेंद्र सुराणा, हिम्मत डांगी आदि उपस्थित रहे।

## 22 आदतन अपराधी को किया जिलाबदर

**मन्दसौर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत 22 आदतन अपराधियों को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।कलेक्टर श्री यादव ने राजू उर्फ बिन्नू उर्फ राजा पिता नन्दलाल बावरी निवासी हरमाला, अन्सार उर्फ राजा पिता ताहिर निवासी मुल्तानपुरा, बाबू पिता मोहम्मद गुल्ला निवासी मुल्तानपुरा, इलियास पिता इकबाल कुरैशी निवासी मर्दादिन मोहल्ला किला रोड़, राजाबाबू पिता सुलेमान मंसूरी निवासी तितरोद, राहुल पिता बाबूलाल नाई निवासी लदूना, नितेश पिता जगदीश बॉछड़ा निवासी निरधारी थाना नाहरगढ़, अजय पिता प्रभुलाल बॉछड़ा निवासी निरधारी थाना नाहरगढ़, रमेश पिता वदीचंद बागरी निवासी डोरवाड़ा, ओमसिंह पिता विजयसिंह सौधिया राजपूत निवासी सालरिया, रामदेव पिता बापूलाल मीणा निवासी गांधीसागर नंबर 3, डूंगरसिंह पिता विजय उर्फ वदेसिंह राजपूत निवासी थडौद, भंवरलाल पिता दरियाब बांछड़ा निवासी बानीखेड़ी, प्रवेश उर्फ कान्हा पिता राधेश्याम पाटीदार निवासी सुपड़ा, छगनलाल पिता रमेशचंद्र गायरी निवासी जलोदिया, तालिब पिता रशीद घोचा निवासी मुल्तानपुरा, सादिक उर्फ सिद्दीक पिता कल्लन खां मेवाती निवासी नयापुरा, श्यामलाल पिता बालाराम खाती निवासी खाती मोहल्ला गरोठ, आरिफ उर्फ हनीसिंह पिता सलीम गुटी निवासी मुल्तानपुरा, नाहरू पिता मोहम्मद खां निवासी वार्ड क्रं. 02 इन्दिरा कॉलोनी मंदसौर, पियुष पिता सुभाष गुर्जर निवासी दुर्गा चौक पिपलियामंडी एवं मांगुसिंह पिता भगवानसिंह राजपूत निवासी बरखेड़ाजयसिंह जिला मंदसौर को जिलाबदर किया है।

## कलेक्टर ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**नीमच।** दिनांक 22अप्रेल सोमवार को नीमच जिला कलेक्टर दिनेश जैन जिला पंचायत सीईओ गुरु प्रसाद द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां मतदान केंद्र का अठाना पोलिंग बूथ 136 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम जावद धारवे सीईओ जावद धारवे तहसीलदार यशपाल मुजाल्दा सीएमओ जगजीवनशर्मा प्राचार्य धर्मेश दुबे मुकेश जोशी सुखानदं मंदिर प्रबंधक बंशीलाल नागदा हल्का पटवारी अक्षय बोराना मवानी सहित जिले के अन्य विभागों के आधकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पंजाब के अमृतसर में आयोजित हो रही चैंपियनशिप टूर्नामेंट

# 20 स्केटिंग खिलाड़ी नेशनल टूर्नामेंट में दिखाएंगे अपना जौहर

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ मंदसौर।



पंजाब के अमृतसर में आयोजित हो रही 5जी रैंकिंग नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप टूर्नामेंट जो की 25 से 28 अप्रैल तक 5 वर्ष आयु से लेकर 17 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित की जा रही है जिसमें भारत के 30 से ज्यादा राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के स्केटिंग खिलाड़ी सहभागिता करेंगे इस प्रतियोगिता में मंदसौर जिला स्केटिंग एसोसिएशन की तरफ से 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया यह खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्ग में इस प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

जिला रोलर स्केटिंग संघ के अध्यक्ष कपिल भंडारी व सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में इनलाइन कैटेगरी में युग श्रीवास्तव, यशित जैन, काव्यांशी चंद्रावत, ईशान हाडा व क्वॉड कैटेगरी में आरोन घोरपड़े, दानिया बनेटिया, नमन जैन, कृति सेठिया, अर्श शर्मा, खुशी राया, सौम्य पारीख, लव कनौजिया, रिद्दिश भावसार, विनायक पालीवाल, दक्ष पारीख, निर्वाण कनेसरिया, मयंक होतवानी, भवनिका इसरानी शामिल है प्रतियोगिता में प्रत्येक खिलाड़ी को कम से कम तीन रेस में भाग लेना है इस प्रतियोगिता में किए गए प्रत्येक संस्कृत आधार पर भारतीय रोलर स्केटिंग संघ की रैंकिंग जारी की जाती है इस दृष्टि से यह प्रतियोगिता इन खिलाड़ियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। अच्छा प्रदर्शन करने पर इन खिलाड़ियों को भविष्य में और अधिक सुविधाएं प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी सचिव व प्रशिक्षक राकेश श्रीवास्तव, जल सिसोदिया, कृष्णा कनोजिया, स्वप्निल घोरपडे के मार्गदर्शन में अमृतसर के लिए जाएंगे।



## विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**मन्दसौर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय मंदसौर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित की तथा प्रशिक्षणार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निशा महाराणा ने प्रशिक्षणार्थियों को अपने जीवन शैली एवं कार्यशैली में उन आदतों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया जिससे हम प्रकृति के मित्र बन सकें। छात्राध्यापिका रेखा बैरागी ने अपने सहपाठियों को शपथ दिलाई कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे, सब्जियों और फलों के छिलके से जैविक खाद का निर्माण करेंगे, गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए दाना - पानी की व्यवस्था करेंगे, पानी का अपव्यय नहीं करेंगे, फलों के बीजों को संग्रहित कर उसका उचित उपयोग करेंगे, वृक्षारोपण कर पौधों की देखभाल करेंगे, पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये रासायनिक पदार्थों का उपयोग नहीं करेंगे, अपने घरवालों, दोस्तों, पड़ोसियों और संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों को पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक करेंगे।

## भगवान परशुराम जयंती पर वाहन रैली एवं शोभायात्रा निकलेगी



**मन्दसौर।** आगामी 10 मई 2024 को भगवान परशुरामजी की जयंती को समारोह पूर्वक मनाने हेतु सकल ब्राह्मण समाज मंदसौर के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा की अध्यक्षता में विचार विमर्श हेतु स्थानीय परशुराम वाटिका में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि परशुराम जयंती की पूर्व संध्या याने 9 मई को एक विशाल वाहन रैली का आयोजन नगर के मुख्य मार्ग पर किया जावे जिससे जनजागरण हो सके तथा परशुराम जयंती के दिन 10 मई को एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जावे तथा रात्रि में सामूहिक भोज का आयोजन भी किया जावे। इस अवसर पर समाज के रमेशचन्द्र चन्द्रे, अशोक त्रिपाठी, विद्या उपाध्याय, बिन्दु चन्द्रे, संगीता नागर, रेखा जोशी, अरविंद सारस्वत, राजेश पाठक, नरेंद्र त्रिवेदी, प्रवीण शर्मा, हितेश शुक्ला, बाबा पंचोली, देवेश शर्मा, दिनेश नागर आदि उपस्थित रहे।

## लायंस गोल्ड के अग्रवाल अध्यक्ष, सेवानी सचिव मनोनीत

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के वर्ष 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। लॉयन्स क्लब मंदसौर गोल्ड के संस्थापक एवं क्लब एडमिनिस्ट्रेटर सुरेश सोमानी एवं वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार पारीख ने बताया कि क्लब की नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष एमजेएफ सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सचिव मनोज सेवानी, कोषाध्यक्ष विनोद उकावत, प्रथम उपाध्यक्ष डॉ.आशीष अग्रवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष संजय पारीख, सहसचिव वीरेंद्र सिंह चौहान, टेमर प्रतीक शर्मा, टेलट्विस्टर पंकज सुराणा, लॉयन्स फाउंडेशन कॉर्डिनेटर एमजेएफ दिनेश बाबानी, पीआरओ दीपेश पारीख, नॉमिनेशन कमेटी एमजेएफ विजय पलोड़, रितेश गर्ग, हरीश विजयवर्गीय, संचालक मंडल में मनोज मित्तल, रितेश पारीख, आशीष गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, किशोर अग्रवाल, राजेश आचार्य, सुमित पारीख, गणेश सोनगरा को मनोनीत किया गया।


सिद्धार्थ अग्रवाल


मनोज सेवानी

## भाजपा अजा मोर्चा सम्मेलन को लेकर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने ली बैठक



**रतलाम।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने चुनाव कार्यालय में मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक ली। इसमें मोर्चा के पदाधिकारियों से अब तक की तैयारियों की जानकारी लेने के साथ उन्हे मार्गदर्शन दिया। भाजपा लोकसभा चुनाव के पूर्व एक पार्टी बार फिर से सम्मलेन के माध्यम से हर वर्ग से जुड़कर उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में अजा मोर्चा सम्मलेन आयोजित होने जा रहा है। बैठक में मोर्चा के जिला महामंत्री सुदीप पटेल, जिला उपाध्यक्ष प्रभुलाल सोलंकी, जिला मंत्री निखिल बोरीवाल, ज्योति खंडेलवाल, होस्टल प्रभारी सोनू नेका, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र महावर, जितेंद्र सिलावट, जिला कार्यालय मंत्री यशवंत भाऊ, जिला सह कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश बोरिवाल, रेनीवाल भाऊ, रवि सोलंकी, करण केथवास आदि उपस्थित रहे।

## मतदान दल ड्यूटी के साथ-साथ स्वयं का भी ख्याल रखें -कलेक्टर

**मन्दसौर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव ने कहा कि सभी मतदान कर्मी ड्यूटी के साथ-साथ अपना भी ख्याल रखें। कोई भी कार्य जल्दबाजी में ना करें। कार्य को अच्छे से सोच समझकर करें। ड्यूटी के दौरान अधिक चिंता ना रखें, बल्कि अच्छे से ड्यूटी करें। मतदान केंद्र में मतदाताओं के आने का रास्ता, मतदान करने की पश्चात मतदान केंद्र से बाहर निकले का रास्ता अच्छा होना चाहिए। आवागमन सुगम तरीके से हो। मतदान केंद्र का कोई भी फेक वीडियो सोशल मीडिया पर न चले, इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। मतदान केंद्र के अंदर किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति प्रदान न करें।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई



**तराना।** चोपड़ा झीन स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर तराना में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रातः अभिषेक एवं शांतिधारा श्रीकांत जैन, रिषभ पाटोदी , कुशाग्र पाटनी ,कौशल जैन ,दिव्यांश द्वारा की गई, शाम को आरती एवं श्रीजी को पालना झूलाने का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर दिगंबर - श्वेतांबर दोनो समाज के समाजजन उपस्थित थे । मंदिर कि विशेष सजावट की गई थी। जानकारी यशवंत पाटोदी द्वारा दो गई।

## प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**तराना।** शंकरगढ़-कनार्दी में श्री अमर हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कवि सम्मेलन का प्रारंभ ओजस्वी कवि सतीश सागर की सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ. राजेश रावल के मालवी गीतों ने समां बांधा । नवोदित रचनाकार सोनू सुरीला ने अपने मुक्तकों से दाद बटोरी। पैरोडीकार भरत पंड्या की हास्य पेरोडियों ने सभी को गुदगुदाया ।डॉ.विक्रम विवेक ने अपनी मालवी रचनाओं से खूब हंसाया और अंत में पिता पर आधारित अपनी कविता से सभी को भावविभोर कर दिया।मालवी हास्य कवि नरेंद्र नखेत्री ने सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। सुनील गाइड ने अपनी अपनी हास्य-व्यंग्य की फुलझड़ियों से कवि सम्मेलन में अपनी छाप छोड़ी। अंत में राष्ट्रीय और आध्यात्मिक स्वर सतीश सागर के आध्यात्मिक गीतों ने शिखर कलश रखते हुए वातावरण को भक्ति रस व आध्यात्म से सराबोर कर दिया।तत्पश्चात श्रोताओं द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किया गया।कवि सम्मेलन का संचालन व्यंग्यकार सुनील गाइड ने किया।कवि सम्मेलन के प्रारंभ में कवियों का स्वागत गिरीश शर्मा, मोहनसिंह पाटीदार, अमरसिंह मनोहर पाटीदार, मुकेश पाटीदार, पुजारी सुरेश भारती, बहादुर पटेल, संतोष पाटीदार,डॉ. अनोखी लाल पाटीदार, जीवनसिंह सहित समिति के सदस्यों ने किया एवं आभार समिति के प्रेरणास्रोत पं.गिरीश शर्मा ने व्यक्त किया।

## मधुकर महावीर जल मन्दिर का शुभारंभ




**खाचरौद।** अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद एवं परिषद परिवार द्वारा भीषण गर्मी में यात्रियों एवं आम जन के लिए मधुकर महावीर शीतल जल मंदिर का शुभारंभ नए बस स्टैंड महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर नवकार मंत्र के जाप के साथ किया गया। शाखा अध्यक्ष राजेश सेठिया, सचिव नयन वाघमार ने बताया कि श्रीमद्विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा., आचार्य जयरत्न सूरीश्वरजी म.सा. की प्रेरणा से इस जल मंदिर का आरंभ किया गया है। शुभारंभ अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल जी छाजेड़, देवेंद्र वनवट, अनिल वागरेचा, पंकज डूंगरवाल, सुनील खेमसरा, जितेंद्र भटेवरा, राजेन्द्र मोदी, शरद बोराणा, संदीप मांडोत, कपिल सियाल, विनय सेठिया, ज्ञान चंद मेहता, संतोष पगारिया, सौरभ पगारिया, पंकज बुरड़ आदि उपस्थित थे। आभार मनीष मेहता ने माना।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सफाई अभियान का आयोजन



**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकडोन के प्राचार्य डा.अनिल कुमार दीक्षित के संरक्षण में कार्यक्रम प्रभारी डा.नरेंद्र कुमार सरिया के नेतृत्व में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22अप्रैल 2024 को महाविद्यालय के प्राध्यापक गणों ने सफाई अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की. इस अवसर पर प्राचार्य डा.अनिल कुमार दीक्षित ने कहा कि पृथ्वी को जितना हम लोग साफ और सुरक्षित रखेंगे उतनी ही पृथ्वी वासियों की रक्षा प्रथ्वी भी करेगी हमें प्रथ्वी पर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर मानव समुदाय अपने जीवन को सुखी बना सकता हैं. मीडिया प्रभारी डा. प्रेम सूर्यवंशी ने जानकारी दी।

## धर्मगुरू के आने को लेकर तैयारी जोर-शोर से प्रारंभ

**खाचरोद।** धर्मगुरू सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के खाचरौद नगर आगमन पर बोहराबाखल में बोहरा समाज के घर घर में उत्साह की लहर द्रोड़ रही है। घरो में रिपेयरींग, रंगरोगन का काम चल रहा है। सागरमल मार्ग में शेख फखरूद्दीन मेमून के यहाॅ धर्मगुरू ठहरेगे। उनके लिये लिफ्ट का बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। स्मरणीय बात यह है कि वर्ष 2000 में सैयदना साहब भी यही विराजे थे। शेख फखरूद्दीन मेमून जिस हॉल में पहले धर्मगुरू ठहरे थे उसको ऐसा ही रखा गया। उस कमरे को बंद कर इतने वर्षो बाद फिर खोला जा रहा हैं। जब वर्ष 2000 में धर्मगुरू सैयदना साहब आये थे तो शहर शहर से उनके दर्शन करने के लिये भीड़ उमड़ी थी।

## हनुमान जयंती पर आज छत्रीबाग से निकलेगी शोभायात्रा

**तराना।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जयंती के पर्व पर छत्रीबाग मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।मंगलवार को शाम 5:00 बजे शोभा यात्रा छत्रीबाग से शुरू होगी। यह शोभायात्रा मानस भवन नयापुरा हाटपुरा, कुंडी चौराहा चूड़ी बाजार तेजाजी चौक महावीर पथ मालीपुर उतरा चौराह चौराहा होकर छत्रीबाग पर रात 10:00 बजे पहुंचेगी।

### सारंगपुर से धड़ल्लें से हो रहा अवैध गो परिवहन, हिंदू संगठन के लोगों ने देर रात थाने में किया प्रदर्शन

# नाराज बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने में बैठकर किया हनुमान चालीसा का पाठ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर क्षेत्र में अवैध गो परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थिति यह है कि यहां के गायों और गोवंश से भरे ट्रक आए दिन अन्य शहरों में पकडा रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि शासन-प्रशासन के प्रयास कागजी है और मिलीभगत के चलते यह व्यवसाय पूर्व की भांति आज भी बदस्तूर जारी है।

सारंगपुर में अवैध गो परिवहन नहीं रुकने से नाराज बजरंग दल के कार्यकताओं ने रविवार को देर रात थाने के बाहर बैठकर पुलिस की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ पडा है। बजरंग दल कार्यकताओं का आरोप है कि नगर में पिछले कुछ दिनों से गो तस्करी बढ रही है जिसे रोकने में पुलिस की और से सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप यह भी लगाए जा रहे है कि एक समारोह के भोज में गोमांस उपयोग किया गया। जिसके बाद शिकायत मिलने पर सारंगपुर पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ मौके पर पहुंचकर समारोह के भोज में बने मांस की सैंपलिंग की और उसे सील करके अपने कब्जे में लिया और उस मास को जांच के लिए सागर प्रयोगशाला में भिजवाने की बात कही है।



### बोले जिम्मेदार

हमारी पुलिस गोवंश कारोबारियों पर नजरें बनाए हुए। अगर अवैध गो परिवहन करते वाहन पकडा गया तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। साथ ही अगर किसी को इस अवैध कारोबार की जानकारी मिलती है तो स्थानीय पुलिस को सूचना दे अगर कार्रवाई नही होती तो मुझे शिकायत करें।

**आदित्य मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, राजगढ़।**

### स्थानीय निकाय की रसीदें संदेह के घेरे में

ऐसा नहीं है कि गौ माता के मामले में पुलिस प्रशासन ही जिम्मेदार है यहां आसपास के हाट बाजारों में आने वाली वाहन गाडी जो पशु भरवाने में जो रसीदे कटती है वह भी संदिग्ध होती है। जनचर्चा है की ग्राम पंचायतों नगर पंचायत में मौजूद कर्मचारीगण मोटी रकम लेकर अवैध रसीद बना देते हैं जिससे यह आरोपीगण बचने में कामयाब हो जाते हैं। किसी की शिकायत पर जब पुलिस इन पर कार्रवाई करती है तो अपराधियों द्वारा कागजात मांगने पर यह संबंधित क्षेत्र की पंचायत की अवैध रसीद लाकर दे देते हैं। जिससे उनको गाडी तथा मॉल पुनः हासिल हो जाता है।

## कार्यकताओं ने पुलिस की सद्बुद्धि के लिए किया पाठ

बता दे की बढते अवैध गो परिवहन और कथित गोवध को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकताओं द्वारा थाने का घेराव किया गया और पुलिस सदबुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। बजरंग दल के जिला सह मंत्री नीकेश पुष्पद ने बताया पिछले दिनों भी गो तस्करों द्वारा बजरंग दल के कार्यकताओं के साथ अभद्रता कर गाडी से टक्कर मारी थी। कुछ दिनों से गोवंश तस्कर लगातार सक्रिय हैं। प्रश्न यह उठता है कि वर्षो से सारंगपुर में गौ परिवहन का सिलसिला अनवरत रूप से चालू है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन का इस और ध्यान नहीं है। सूत्रों की माने तो तस्करों की शासन-प्रशासन में इतनी अधिक मिलीभगत है कि घृणित अवैध व्यवसाय बंद करवाना अब बूते की बात नहीं रह गई है। कागजों में सख्त कानून होने के बावजूद गोवंश पर अत्याचार लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन लाख रोकना चाहे लेकिन ऐसी कौन सी मजबूरी है, जो वह इसे रोक नहीं पाते।

### यशस्वी जायसवाल ने दूसरा शतक जमाय 59 गेंद में जड़ा शतक

# राजस्थान की लगातार तीसरी जीत:संदीप शर्मा को 5 विकेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जयपुर

राजस्थान रॉयल्स ने दूसरी बार लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने सीजन के 38वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया। यह राजस्थान की 17वें सीजन में 7वीं जीत रही, इसी के साथ रॉयल्स की टीम पॉइंट्‌?स टेबल के टॉप पर पहुंच गई। दूसरी ओर मुंबई ने 5वां मुकाबला गंवाया।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सोमवार को मुंबई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन बनाए। राजस्थान ने 180 रन का टारगेट 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।फ्फ्र से ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 60 बॉल पर नाबाद 104 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 7 छक्के जमाए। जोस बटलर ने 35 और कप्तान संजू सैमसन ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया। टक से पीयूष चावला को एक विकेट मिला।मुंबई से तिलक वर्मा ने 45 बॉल पर 3 छक्कों से सजी 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि नेहल वाधेरा 49 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी ने 23 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से संदीप शर्मा ने 5 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट को 2 विकेट मिले। युजवेंद्र चहल ने एक विकेट लिया।






यशस्वी जयसवाल का शतक

## आज मनाएंगे हनुमान जी का जन्मोत्सव

**सुसनेर।** भगवान श्री राम के प्रिय महाबली हनुमानजी की जयंती का पर्व चैत्र शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार को सुसनेर सहित पूरे क्षेत्र में हजारों बजरंगी भक्त जन्मोत्सव मनाएंगे। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी हनुमान प्रकटोत्सव पर महाआरती सहित अन्य धार्मिक आयोजन होगें। नगर व आसपास के ग्रामीण अंचलों में जगह- जगह हनुमान मंदिरों में केसरीनंदन के भजन व रामायण की चौपाईयों के साथ जय श्री राम के जयघोष करते हुवे भक्तों के द्वारा हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। हनुमान मंदिरों में हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। पंडित गोविंद शर्मा के अनुसार हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा नव संवत्सर की पहली पूर्णिमा होती है। पूर्णिमा के दिन नदियों में स्नान कर दान करने की परंपरा है। इस दिन भक्त उपवास भी रखते हैं। पंडित शर्मा के अनुसार सुबह स्नान के बाद सूर्य को जल अर्पण करना चाहिए। तांबे के लोटे में जल भरकर कुमकुम चावल के साथ सूर्य को जल चढाए। इस दौरान ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जाप करें। चैत्र पूर्णिमा पर भगवान विष्णु की भी विशेष पूजा की जाती है। चैत्र पूर्णिमा के दिन रात में चंद्रमा सोलह कलाओं के साथ दिखाई देता है। जो भक्त पूर्णिमा का व्रत करते हैं उन्हें एक समय ही भोजन करना चाहिए।

## पोरवाल के निवास पर हुआ मालवा लोक गायकों का समागम

**देवास।** लोक गीत गायिकी एवं निर्गुण भजन गायिकी के क्षेत्र में जिले की विधाओं को समझने और जानने के लिए त्रिवेणी संग्रहालय के सानिध्य में मणिपुर से आए दल ने प्रसिद्ध कबीर भजन गायक आकाशवाणी कलाकार देवकरण मालवीय (करण पोरवाल) के निवास पर देवास जिले के कलाकारों की भजन गायिकी और प्रस्तुतियों को बारीकी से सुना और समझा। इस में मुख्य रूप से करण पोरवाल, राजकुमारी सोलंकी, दयाराम सारोलिया, मानसिंह भोंद्या, शंकरलाल मालवीय, कमल मालवीय, नेहा पोरवाल के साथ ही अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

## इनरव्हील क्लब ने किया किन्नरों का सम्मान

**देवास।** शास्त्रों में किन्नरों को समाज का महत्वपूर्ण वर्ग बताया गया है। इनके आशीर्वाद से परिवार फलते-फूलते हैं इसलिए किन्नरों का सम्मान करना चाहिए। इसी को देखते हुए क्लब ने इस वर्ग का सम्मान कर समाज से जोड़ने का प्रयास किया है। क्लब के सदस्यों ने उनके निज निवास पर जाकर जया कुंवर, रवीना कुंवर, डॉली कुंवर, बुलबुल कुंवर, सोनिया कुंवर, बड़ी दादीजी आदि का सम्मान दुशाला देकर सम्मानित किया और किराना सामग्री उपहार के रूप में देकर सभी ने आशिर्वाद लिया। अध्यक्ष प्रज्ञा कानूनगो ने किन्नरों के महत्त्व के बारे में बताया।

### घर-घर जाकर कर रहे सर्वे, बोरवेल में लगाए जा रहे ढक्कन

# अनुपयोगी और खुले बोरवेल-नलकूप को सुरक्षित करने के लिए चल रही कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घटनाओं को रोकने के लिए सारंगपुर क्षेत्र में एसडीएम संजय उपाध्याय के निर्देशन में नगर एवं पंचायत स्तर पर अभियान जारी है। इसके लिए समितियां गठित की गई हैं और निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्र में कोई भी खुला नलकूप बिना भराव के शेष नहीं है।

एसडीएम श्री उपाध्याय ने सभी संबंधित अधिकारियों को अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व बोरवेल को पुख्ता ढंग से सुरक्षित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के लिये गठित समिति में शामिल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अधीनस्थ अमले के माध्यम से सर्वे कराकर खुले पडे नलकूप व बोरवेल की जानकारी संकलित करें। साथ ही उन्हें अधीनस्थ अमले मसलन सचिव ग्राम पंचायत, वार्ड प्रभारी, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, हैंडपम्प मैकेनिक, उपयंत्री पीएचई इत्यादि के माध्यम से मिट्टी, बालू, बोल्डर व गिट्टी से भरवाएँ। ड्रिल कटिंग से पूर्ण गहराई में सतह तक भराव कराने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। इन्ही निदेशों के पालन में पड़ाना कस्बे में पटवारी शहजाद खान मंसूरी, सचिव मदनसिंह चौहान एवं रोजगार सहायक रामबाबू गुर्जर के द्वारा अनुपयोगी नलकूपो का सर्वे किया गया और जो खुले थे उन्हें बंद कराया गया। पटवारी खान ने बताया कि यह सर्वे कार्य जारी रहेगा। अगर कोई भी व्यक्ति अपने नलकूप को खुला छोड़ेगा उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी।





# नगदी व ज्वेलरी नहीं मिले तो डीवीआर, फाइबर व सेटअप बॉक्स ले उड़े चोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

शहर के बीच सूना मकान देख अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के सभी सदस्य (राजस्थान) बांसवाड़ा के समीप मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में गए थे।

सूना मकान देख अज्ञात चोर घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हांलाकि चोरों के हाथ नगदी और ज्वेलरी नहीं लग पाए इसलिए अधिक चोरी नहीं हुई। किंतु मकान के ताले और पलंग के साथ दरवाजों को नुकसान पहुंचा गए। चोरी होने की जानकारी मिलते ही परिवार वापस देवास पहुंचा उन्होनें बताया कि नगदी और ज्वेलरी घर पर नहीं थे। इसलिए चोरों के हाथ नहीं लगे, अज्ञात चोर सीसीटीवी का डीवीआर सहित फाइबर व सेटअप बॉक्स ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मनीष शाह निवासी तिलक नगर परिवार के साथ रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है। वह 19 अप्रैल को (राजस्थान) बांसवाड़ा के समीप मोटा गांव में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गए थे। इसी बीच उनके मकान में अज्ञात चोर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी उनके पड़ोसियों ने दी थी कि आपके घर का दरवाजा खुला हुआ है और सारा सामान बिखरा हुआ है। सूचना मिलने पर मनीष शाह ने उनके रिश्तेदार को सूचना दी जिस पर वे घर पर पहुंचे, उन्होनें इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस टीम के साथ एफएसएल अधिकारी भी पहुंचे थे।



### ताले तोड़ घर में घुसे थे चोर

मनीष शाह ने बताया कि मनीष शाह 21 अप्रैल की देर रात को घर पहुंचा उन्होनें सारा सामान बिखरा देखा। उन्होनें बताया कि घर पर लगे बड़े व मजबूत ताले चोरों ने तोड़ दिए साथ ही पलंग पेटी के साथ कमरों में लगे दरवाजों को भी क्षति पहुंचाई। 20 व 21 अप्रैल की दरमियानी रात्रि को मकान सूना देख अज्ञात चोर उनके घर में घुसे, घर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, चोरों ने सबसे पहले डीवीआर चुराई उसके साथ फाइबर व सेटअप बॉक्स के साथ तार काटकर ले गए।





**आवश्यकता है**

1. सर्कल कटिंग मशीन आपरेटर2. अनुभवी ड्रायवर जो होंडा सिटी कार चला सके। 3. चौकीदार की आवश्यकता, रहने की सुविधा। 4. हेल्पर कार्य हेतु लड़कों की।

शीघ्र सम्पर्क करें-
**श्री हरि पेपर इण्डस्ट्रीज**
8, मक्सी रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया प्रवाह पेट्रोल पम्प के पीछे, उज्जैन,
मोबा. 9425358095

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**

इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग

**सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर**
मोबा. +91 89629 44070

**भास्कर आयुर्वेद**

हमारे यहाँ सभी कम्पनियों की आयुर्वेदिक दवाइयाँ मिलती है।

समय- सुबह 11 से 3 बजे तक एवं शाम 6 से 9 बजे तक
पता- 32 बहादुरगंज उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 9826371718

गुप्त रोगी परामर्श लें।

**थोक म रद्दी**

अखबारी कागज की रद्दी थोक भाव में खरीदने के लिए।
सम्पर्क करें
7772017500
9244511806

**आवश्यकता है**

अनुभवी रेडिमेड गारमेन्ट सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर एवं हाउस कीपिंग, वेतन एवं कमीशन योग्यतानुसार।

मिलने का समय-
समय 11 से 2 बजे तक
**गौरव परिधान**
शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन

**मकान बेचना है**

चारधाम मंदिर के पीछे बंशी का बाड़ा जयसिंहपुरा उज्जैन में 20X30 साईज दो मंज़िला मकान 25 लाख में बेचना है।

सम्पर्क करें
मोबा. 8959513547

**अवन्तिका वर्गीकृत**

- 10 दिन 1000/-
- 20 दिन 1500/-
- 1 माह 2000/-

सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777

विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

# पूर्वी दिल्ली सीट पर अब तक नहीं जीत सकी कोई महिला प्रत्याशी

## किस्मत कई ने आजमाई




**नई दिल्ली।** राजधानी की सात लोकसभा सीटों में से एक पूर्वी दिल्ली से अब तक कोई महिला प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर सकी है। यहां से कुल 19 महिला प्रत्याशियों ने दांव लगाया लेकिन कोई भी महिला प्रत्याशी जीत का खाता नहीं खोल सकी। पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने किसी महिला प्रत्याशियों को सांसद में रूप में नहीं चुना है।

वहीं, चुनावों में इस बार किसी राजनीतिक पार्टी ने अपना दांव महिलाओं पर नहीं खेला है। इस लोकसभा क्षेत्र को अस्तित्व में आने के बाद कुल 14 चुनाव हो चुके हैं। इनमें से नौ चुनावों में महिला प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया है, लेकिन किसी चुनाव में उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी।

इसी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और आप नेता आतिशी को हार का सामना करना पड़ा था। 1984 में पहली बार दो महिला चुनावी मैदान में उतरी थी। इनमें क्रांति तिवारी और हेमा भंडारी शामिल थी। लोकसभा चुनाव में क्रांति को 916 और हेमा को 506 मत मिले थे। इसके बाद 1999 के चुनाव को छोड़ दें तो सभी में महिलाएं मैदान में उतरीं। इस लोकसभा क्षेत्र में सबसे पहला चुनाव वर्ष 1967 में हुआ, उसमें तीन पुरुष प्रत्याशी मैदान में थे। वर्ष 1971, 1977 और 1980 में भी कोई महिला चुनावी महासमर में भाग्य आजमाने नहीं उतरी।

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के इतिहास में सबसे अधिक मत लेने वाली महिलाओं में शीला दीक्षित पहले नंबर पर हैं। वह वर्ष 1998 में कांग्रेस की टिकट पर यहां से चुनाव लड़ी थीं। उन्हें पांच लाख 17 हजार 721 मत मिले थे। इसके साथ पर दूसरे स्थान पर रही थीं। उस साल भाजपा के लाल बिहारी तिवारी सांसद चुने गए थे।

आंकड़े बताते हैं कि कम मतदान दोधारी तलवार की तरह होता है। इसका फायदा कभी सत्ता पक्ष, तो कभी विपक्ष को मिलता रहा है। अलबत्ता, इतना जरूर कहा जा सकता है कि पहले चरण में किसी भी गठबंधन के पक्ष में बयार चलती हुई नहीं मिली।

# कम मतदान दोधारी तलवार, सभी पार्टियां लगा रहीं कयास

**लखनऊ।** यूपी में पहले चरण के चुनाव में मत प्रतिशत में करीब 5.5 फीसदी की गिरावट से तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि कम मतदान दोधारी तलवार की तरह होता है। इसका फायदा कभी सत्ता पक्ष, तो कभी विपक्ष को मिलता रहा है। अलबत्ता, इतना जरूर कहा जा सकता है कि पहले चरण में किसी भी गठबंधन के पक्ष में बयार चलती हुई नहीं मिली।

पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। वर्ष 2009 में इन सीटों पर कुल औसत मतदान 56.79 प्रतिशत रहा था। तब सत्ताधारी कांग्रेस को 1, सपा व बसपा को 2-2 और रालोद-भाजपा गठबंधन को तीन सीटें मिली थीं।

2014 में वोटिंग में करीब 10 प्रतिशत का उछाल आया। इसका फायदा भाजपा को मिला और वह सभी 8 सीटें जीत गई। 2019 में



वोटिंग में 0.15 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई। सपा-बसपा गठबंधन ने 5 सीटें जीत लीं और सत्ताधारी भाजपा 3 सीटों पर ही सिमट गई।

चुनावी विश्लेषकों का कहना है कि मत प्रतिशत कम होने का अर्थ आम तौर पर यह माना जाता है कि मतदाताओं में सत्ता विरोधी रुझान नहीं है और वे यथास्थिति के पक्ष में हैं। पर, साल दर साल के चुनावी आंकड़ों के समग्र विश्लेषण से यह निष्कर्ष सही साबित नहीं होता। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में यूपी के कुल मतदान में 5 प्रतिशत की कमी आई थी। तब राज्य में कुल 48 प्रतिशत वोट ही पड़े थे। इसका नुकसान भाजपा को हुआ। भाजपा 29 सीटों से 10 पर पहुंच गई। वहीं, 2009 में मत प्रतिशत में गिरावट का फायदा सत्ताधारी कांग्रेस को मिला। कांग्रेस 9 सीटों से 21 पर पहुंच गई।

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोसायटी एंड पॉलिटिक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, आमतौर पर जब मत प्रतिशत घटता या बढ़ता है, तो लोग उसके निहितार्थ निकालते हैं। लेकिन, इसे लेकर किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई है। हां, इतना जरूर कहा जा सकता है कि जब भी मत प्रतिशत के औसत आंकड़ों में 7 प्रतिशत या उससे अधिक का बदलाव होता है, तो नतीजे चौंकाने वाले होते हैं।

# अपनों के लिए रैली नहीं, लेकिन कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के लिए प्रचार करने आ सकते हैं राहुल गांधी

**जम्मू।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में भले ही अपनी पार्टी के प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार करने के लिए नहीं पहुंचे हैं, लेकिन कश्मीर में वह नेशनल कान्फ्रेंस (नेकां) के प्रचार के लिए आ सकते हैं। वह नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के लिए चुनावी सभा कर सकते हैं। हालांकि, राहुल गांधी का चुनावी कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन उनके कश्मीर आने की संभावनाएं प्रबल हैं।

## नेकां-कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में आइएनडीआइ का हिस्सा

उमर अब्दुल्ला बारामुला-कुपवाड़ा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गौरतलब है कि जम्मू संभाग की दोनों सीटों पर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन के लिए स्टार प्रचारक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी नहीं आए हैं। नेकां और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में आइएनडीआइ का हिस्सा हैं। सीटों के बंटवारे में पीडीपी बाहर है, इसलिए उसने कश्मीर की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती खुद भी अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ रही हैं। गठबंधन के तहत प्रदेश की पांच में कांग्रेस को दो सीटें जम्मू-रियासी और ऊधमपुर-डोडा-कठुआ मिली है, जबकि नेकां श्रीनगर-गांदरबल, बारामुला-कुपवाड़ा और अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव मैदान में है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल का कहना है कि हमारे नेता निश्चित तौर पर कश्मीर में अपने सहयोगी नेशनल कान्फ्रेंस के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे।

# 6 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने तय किए उम्मीदवार

## प्रदेश अध्यक्ष के बेटे को भी टिकट



**पटना।** कांग्रेस ने बिहार की छः लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार की लिस्ट जारी कर दी है। रविवार को दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस ने बिहार में अपने हिस्से की बाकी बची सीटों पर काफी विचार-विमर्श कर उम्मीदवारों के नाम तय किए गए थे। लेकिन, महाराजगंज सीट को लेकर पेंच फंसा था। काफी मंथन के बाद आलाकमान ने प्रदेश अध्यक्ष अखिलश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश सिंह को टिकट दे दिया। महाराजगंज सीट से प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों की मानें तो बिहार प्रदेश कांग्रेस के कई नेताओं के विरोध के बीच अखिलेश प्रसाद सिंह कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मदद से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपने बेटे की उम्मीदवारी पर राजी करने में सफल रहे।

**मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजीत को भी दिया गया टिकट-** हालांकि, महाराजगंज सीट पर एमएलसी सच्चिदानंद राय अपनी पत्नी को टिकट दिलाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन, पार्टी आलाकमान ने आकाश सिंह ने नाम पर मुहर लगाई। आकाश पिछली बार पर उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे थे। लेकिन, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजीत को टिकट दिया गया है। सासाराम वहीं बेतिया से मदन मोहन तिवारी, समस्तीपुर से बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी, सासराम से विश्वनाथ राम और मुजफ्फरपुर से अजय निषाद का नाम पर मुहर लगी है। अजय निषाद टिकट के कारण ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में गए थे।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अतीत में संसद में राज्य के गठन पर टिप्पणी करके तेलंगाना का अपमान किया था।

# बीजेपी पर बरसे सीएम रेवंत रेड्डी, पीएम मोदी पर लगाया आरोप

**हैदराबाद।** मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अतीत में संसद में राज्य के गठन पर टिप्पणी करके तेलंगाना का अपमान किया था। उन्होंने आगे कहा, 'मोदी ने टिप्पणी की थी कि जब तेलंगाना के गठन का विधेयक पारित हुआ तो तत्कालीन कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने संसद के दरवाजे बंद कर दिये थे। इसके अलावा उस मां (आंध्र प्रदेश की बच्चे (तेलंगाना) को जन्म देने के लिए हत्या कर दी गई।'



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के गठन का वादा पूरा किया, हालांकि आंध्र प्रदेश (विभाजन के बाद) में इसका सफाया हो गया। उन्होंने कांग्रेस के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए पूछा, क्या मोदी को तेलंगाना में वोट मांगने का अधिकार है, जब उन्होंने राज्य का अपमान किया?

सीएम रेड्डी ने कहा कि पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में तेलंगाना को दिए गए आश्वासनों को पूरा नहीं किया है, जिसमें राज्य में स्टील प्लांट, रेलवे कोच फैक्ट्री और अन्य स्थापित करना शामिल है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी शासन के तहत संस्थानों के दुरुपयोग से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं ध्वस्त हो रही हैं। उन्होंने कहा, संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' गुट को जीतना चाहिए।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बताया कि कांग्रेस तेलंगाना में वाम दलों के समर्थन से चुनाव लड़ रही है, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क उनके कार्यालयों का दौरा कर रहे हैं और परामर्श कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के.चंद्रशेखर राव ने वाम दलों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार नहीं किया। उन्होंने कहा कि मतभेद होने के बावजूद कांग्रेस ने कभी उनका अपमान नहीं किया।




पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। करन ने इस मैच में 19 गेंदों पर 20 रन बनाए और दो ओवर में 18 रन देकर एक विकेट झटके।

# पंजाब किंग्स की हार के बाद फूटा सहवाग का गुस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के स्टैंड-इन कप्तान सैम करने की जमकर आलोचना की है। सहवाग ने यहां तक कह दिया कि वह करन को अपनी टीम में भी नहीं रखते। पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। करन ने इस मैच में 19 गेंदों पर 20 रन बनाए और दो ओवर में 18 रन देकर एक विकेट झटके।

## इस सीजन कैसा रहा है करन का प्रदर्शन?

करन पिछले दो मैचों में टीम के लिए ओपनिंग करने आ रहे हैं, लेकिन पंजाब को तेज शुरूआत नहीं दिला पा रहे हैं। टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले करन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और 63 रनों की पारी खेली थी। हालांकि इसके बाद से ही करन बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आईपीएल 2024 के आठ मैचों में अब तक करन ने सिर्फ 153 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका औसत 19 का रहा है। पिछले सीजन करन ने 27.60 के औसत से 276 रन बनाए थे। पंजाब का सामना अब शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। पंजाब की टीम फिलहाल तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है।



### फॉर्म में नहीं दिख रहे हैं करन

सहवाग करन के प्रदर्शन से काफी निराश हैं और उनका कहना है कि जो खिलाड़ी बल्ले और गेंद से ज्यादा योगदान नहीं दे सकता वो अपनी टीम की मदद नहीं कर सकता है। सहवाग ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को बल्ले या फिर गेंद से टीम की जीत में योगदान देना होता है, लेकिन इंग्लैंड का यह ऑलराउंडर इस सीजन ऐसा करने में सक्षम नहीं दिख रहा है। सहवाग ने कहा, मैं करन को बल्लेबाजी या गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर टीम में नहीं चुनता क्योंकि यह ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी काम के नहीं है और सिर्फ थोड़ी बल्लेबाजी और गेंदबाजी ही कर पाते हैं। आप बल्लेबाजी या गेंदबाजी से बेहतर करके ही टीम को मैच जीता सकते हैं।

# भारतीय क्रिकेटर ने काउंटी क्रिकेट में जड़ा नाबाद दोहरा शतक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर करुण नायर को आईपीएल में भले ही मौका नहीं मिला हो, लेकिन वो काउंटी क्रिकेट में अपना जलवा बिखेरते हुए नजर आए। नायर ने काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन 2 में नॉर्थेम्प्टनशायर के लिए खेलते हुए नाबाद 202 रन बनाए।

ग्लेमोर्गन के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए केरल के करुण नायर ने 253 गेंदों में 21 चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 202 रन बनाए। इसके अलावा नॉर्थेम्प्टनशायर के लिए रिकार्डो वासकोसेलस (182) और सैफ जैब (100) ने भी शतकीय पारियां खेली।

नॉर्थेम्प्टनशायर ने ग्लेमोर्गन की पहली पारी 271 रन के जवाब में अपनी पहली पारी 145.4 ओवर में 605/6 के स्कोर पर घोषित की। इस तरह नॉर्थेम्प्टनशायर ने पहली पारी के आधार पर 334 रन की विशाल बढ़त हासिल की। नॉर्थेम्प्टनशायर ने तीसरे दिन स्टंप्स के समय तक 40 ओवर में 104 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। ग्लेमोर्गन पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है।

बता दें कि वाइटलिटी काउंटी चैंपियनशिप ने करुण नायर के दोहरे शतक का एक वीडियो शेयर किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों तीसरे टी-20 मुकाबले में 7 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि कप्तान बाबर आजम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टी-20 इंटरनेशनल के एक और बड़े रिकॉर्ड पर कब्जा जमाया। बाबर ने खास मामले में एरोन फिंच और केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया है। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है।

# टी-20 में बाबर आजम का बड़ा कारनामा

## चकनाचूर किया फिंच और केन विलियमसन का महारिकॉर्ड; कोहली-रोहित भी छूटे पीछे



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के नाम टी-20 क्रिकेट में एक और बड़ा कारनामा कर डाला है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में बाबर ने 29 गेंदों पर 37 रन की तेज तर्रार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान बाबर ने एरोन फिंच और केन विलियमसन के बड़े रिकॉर्ड को चकनाचूर कर डाला है। हालांकि, पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों दूसरे टी-20 में 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## बाबर के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि

दरअसल, बाबर आजम बतौर कप्तान टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान बन गए हैं। बाबर के नाम अब क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में कैप्टन के तौर पर 2246 रन दर्ज हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में एरोन फिंच और केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया है। फिंच ने बतौर टी-20 कप्तान 2236 रन जड़े हैं। वहीं, विलियमसन के नाम 2125 रन दर्ज हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम दर्ज है, जिन्होंने 1648 रन जमाए हैं, तो बतौर कप्तान कोहली ने इस फॉर्मेट में 1570 रन बनाए हैं।

### बाबर-शादाब ने खेली धांसू पारी

बाबर ने तीसरे टी-20 में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों पर 37 रन की दमदार पारी खेली। बाबर ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पाकिस्तान को सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 55 रन जोड़े। रिजवान ने 22 गेंदों पर 32 रन जड़े। वहीं, अंतिम ओवरों में शादाब खान ने बल्ले से तबाही मचाई मचाते हुए सिर्फ 20 गेंदों पर 41 रन की आतिशी पारी खेली। वहीं, इरफान खान ने नाबाद 30 रन ठोके।

### न्यूजीलैंड ने मारी बाजी

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 178 रन लगाए। हालांकि, मेहमान टीम ने इस लक्ष्य को 18.2 ओवर में सिर्फ 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कीवी टीम की ओर से मार्क चैपमैन ने तूफानी बैटिंग करते हुए 42 गेंदों पर 87 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है।

आईपीएल में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है।

# 'विराट और मुझे लगा कि गेंद कमर से ऊंची है'

कप्तान डुप्लेसिस ने कोहली के आउट होने को बताया निराशाजनक





**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने रविवार को विराट कोहली को आउट देने के फैसलों पर असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मानना है कि फुल टॉस गेंद कमर से ऊपर की ऊंचाई पर थी। कोहली कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुल टॉस गेंद पर आउट हुए। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका।

आईपीएल में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली; लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। डुप्लेसिस ने मैच के बाद कहा, 'यह निराशाजनक था, लेकिन नियम तो नियम हैं। विराट और मैंने सोचा कि गेंद कमर से ऊंची थी (कोहली के आउट होने के दौरान)। मुझे लगता है कि उन्होंने इसका आकलन पॉपिंग (बल्लेबाजी) क्रीज से किया। इस तरह की स्थिति में एक टीम सोचती है कि यह नो बॉल है तो दूसरी टीम की सोच अलग होती है। कई बार खेल इसी तरह चलता है।'

कोहली शॉट खेलते समय क्रीज से बाहर थे और गेंद उनके कमर से ऊपर थी, लेकिन वह नीचे की तरफ आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली के कमर की ऊंचाई (1.04 मीटर) से नीचे होती।

ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली के कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया। कोहली हालांकि इस फैसले से सहमत नहीं दिखे उन्होंने गुस्से जैसी प्रतिक्रिया के साथ मैदानी अंपायर से बात की। मैदान से बाहर निकलने के बाद भी उनके चेहरे पर निराशा देखी जा सकती थी।

## न्यूज कॉलम

### व्यय प्रेक्षकों ने ली जप्ती से संबंधित अधिकारियों की बैठक

**इंदौर।** रेसीडेंसी कोठी इंदौर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक अलका गौतम और मट्टा पदमा ने जप्ती संबंधी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित होना चाहिए। बैठक में पुलिस, आबकारी, एयरपोर्ट एवं कस्टम विभाग द्वारा जप्ती संबंधी की जा रही कार्रवाई एवं क्रियाविधि से प्रेक्षकगणों को अवगत कराया गया। बैठक में नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ सिद्धार्थ जैन ने अभ्यर्थियों द्वारा चुनावी व्यय के संबंध में निगरानी व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर राजेन्द्र रघुवंशी, जिले के सभी एसडीएम, आयकर, जीएसटी, पुलिस, वाणिज्यिककर, नारकोटिक्स, आबकारी, वन, परिवहन, रेल्वे, पोस्ट ऑफिस, लीड बैंक मैनेजर, एयरपोर्ट, कस्टम आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### झाबुआ जिले में विशाल मशाल यात्रा निकाली गई

**इंदौर।** इंदौर संभाग के झाबुआ जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिये स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मतदाताओं को अपने मताधिकार के संबंध में जागरूक करने के लिये विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही है। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत राजवाड़ा झाबुआ से दिलीप गेट तक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशाल मशाल यात्रा निकाली गई, जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल जितेंद्र सिंह चौहान, जिले के अधिकारीगण सहित आम जन उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्रों पर छाया, पानी की भी व्यवस्था की जाएगी

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो चुका है लेकिन पहले चरण के चुनाव में मतदान का कम प्रतिशत निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बन गया है। पहले चरण के चुनाव में गत वर्षों की अपेक्षा कमर मतदान के पीछे भीषण गर्मी को भी वजह माना जा रहा है। यही वजह है कि आने वाले चुनावी चरणों के लिए निर्वाचन आयोग ने वृहद स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। इसी उद्देश्य को लेकर इंदौर में भी जिला प्रशासन और नगर निगम में अपनी तरफ से तैयारी को तेज कर दिया है। सोमवार को कलेक्टर आशीष सिंह और निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने शहर के अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर बेहतर से बेहतर व्यवस्था की रणनीति तैयार की गई। इसके साथ-साथ गर्मी के माहौल के बीच मतदाताओं और कर्मचारियों को राहत से जुड़ी सुविधाएं मुहैया करवाने की भी तैयारी सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर आशीष सिंह और निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि मतदान केंद्रों पर छाया, कुर्सियां, ठंडा पानी और कूलर की भी व्यवस्था की जाएगी।

### आयुक्त द्वारा तैयार हो चुके हाथीपाल ब्रिज का दौरा

**इंदौर।** नगर निगम के आयुक्त शिवम वर्मा ने तैयार हो चुके हाथीपाल ब्रिज का दौरा किया। दरअसल इस ब्रिज से अब रोजाना हजारों वाहन गुजर रहे हैं, हालांकि ब्रिज के रंग-रोगन और विद्युतीकरण का काम बचा है, लेकिन जनता ने अपनी सुविधा देखते हुए ब्रिज पर वाहनों के साथ आवाजाही शुरू कर दी। हाथीपाला ब्रिज का काम पिछले साल 15 जनवरी से शुरू हुआ था। ब्रिज के निर्माण की अवधि छह माह रखी गई थी, लेकिन सालभर बाद भी ब्रिज तैयार नहीं हो पाया। इसके निर्माण पर नगर निगम ने पांच करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पहले ब्रिज की चौड़ाई कम थी और प्रतिदिन 70 हजार से ज्यादा वाहन इस ब्रिज से गुजरते थे। नगर निगम ने एक महीने तो पुराना ब्रिज तोड़ने में लगा दिया। इसके बाद काम शुरू हुआ। बारिश के मौसम में काम फिर प्रभावित हुआ। यह ब्रिज जवाहर मार्ग को सरवटे बस स्टैंड, चंपाबाग, हाथीपाला सहित अन्य व्यापारिक क्षेत्रों से जोड़ता है। पहले ब्रिज की चौड़ाई कम थी। इससे यातायात बार-बार बाधित होता था। मार्च में ब्रिज बनकर तैयार हो चुका था, लेकिन आचार संहिता के कारण उसका लोकार्पण जनप्रतिनिधियों ने नहीं किया। अब निगम आयुक्त ने यहां का निरीक्षण कर जल्द ही इस सौगात को जनता को समर्पित किए जाने की बात कही है।

इंदौर कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था लेकिन धीरे-धीरे इंदौर से कांग्रेस का सफाया होता गया

# दो विधानसभा में कांग्रेस के पास बूथ कार्यकर्ताओं का टोटा



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था लेकिन धीरे-धीरे इंदौर से कांग्रेस का सफाया होता गया। 80 के दशक तक कांग्रेस यहां काफी मजबूत स्थिति में रही, लेकिन 1983 में बनी भाजपा की निगम परिषद के बाद इंदौर में भाजपा संगठनात्मक स्तर पर मजबूत होती चली गई और अब यह स्थिति है कि इंदौर जिले की नौ सीटें और नगर निगम परिषद भाजपा के कब्जे में है।

इंदौर का पिछला लोकसभा चुनाव भी भाजपा ने चार लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। कांग्रेस की सरकारों ने इंदौर को काफी कुछ दिया, लेकिन अपनी ही सरकार के कामों को कांग्रेस के स्थानीय नेता भुना नहीं पाए। इंदौर में आईआईएम, आईआईटी कांग्रेस सरकार की देन है। जवाहरलाल शहरी नवीनीकरण मिशन के तहत इंदौर में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने बीआरटीएस प्रोजेक्ट, मल्टीलेवल पार्किंग, मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण सहित दो हजार करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट इंदौर के लिए मंजूर किए लेकिन आपसी सिर्फ फुटव्वल और गलत नीतियों से कांग्रेस यहां कमजोर से कमजोर होती चली गई। इंदौर में 1989 का लोकसभा चुनाव सुमित्रा महाजन ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी को हरा कर जीता था। उसके बाद वे लगातार आठ चुनाव जीतीं।

35 सालों में कांग्रेस फिर कभी इंदौर लोकसभा सीट नहीं जीत पाई। वर्ष 1998 से इंदौर में भाजपा की नगर निगम परिषद काबिज है। कांग्रेस निगम चुनाव में कभी भी टक्कर देने की स्थिति में नहीं रही। वहीं, इंदौर की छह विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने कभी बढ़त हासिल नहीं की। इंदौर की तीन नंबर विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने लगातार तीन बार और राऊ विधानसभा सीट पर लगातार दो बार जीत हासिल की। लेकिन बीजेपी ने इंदौर में भाजपा ने महिला और युवा वर्ग पर फोकस किया। इंदौर में दो बार भाजपा की महिला मेयर, लगातार 8 बार से महिला सांसद रही हैं। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में भी युवा चेहरों को भाजपा ने मौका दिया इंदौर में भाजपा के संगठन का ढांचा मजबूत है।

### भाजपा का वोटबैंक इंदौर में लगातार बढ़ रहा

इंदौर में आरएसएस का भी तगड़ा नेटवर्क है। इस कारण भाजपा का परंपरागत वोटबैंक इंदौर में लगातार बढ़ रहा है। कांग्रेस इंदौर में नेता आधारित पार्टी के रूप में काम कर रही है। संगठन का काम करने वाले पार्टी वर्कर की कांग्रेस में हमेशा कमी महसूस की जाती रही। इस चुनाव में कांग्रेस ने अक्षय बम को प्रत्याशी बनाया है लेकिन शंकर लालवानी के सामने वे माहौल बनाने में अब तक असफल साबित हुए है। विधानसभा एक से संजय शुक्ला और देपालपुर से विशाल पटेल के बीजेपी में शामिल होने से इन दोनों विधानसभा में है। विधानसभा पांच में भी कांग्रेस की हालत ऐसी ही है। 4 नंबर विधानसभा तो बीजेपी का सबसे मजबूत गढ़ है ही। इधर कांग्रेस की संगठन तैयारी बेहद कमजोर है। अब तक कार्यकारिणी भी घोषित नहीं हो पाई है। बावजूद इसके शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा जमीनी हकीकत से परे दावे कर रहे हैं।

ए प्लस प्लस के लिए शासन और यूनिवर्सिटी में

# एनओसी के लिए किया आवेदन

### ऑटोनामस होलकर कॉलेज अब बनेगा डीम्ड यूनिवर्सिटी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

ऑटोनामस दर्जा प्राप्त प्रतिष्ठित गवर्नमेंट होलकर साइंस कॉलेज ने अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए अब डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिएशन काउंसिल यानी नेक द्वारा इंदौर व प्रदेश के पहले गवर्नमेंट ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त होलकर कॉलेज ने डीम्ड यूनिवर्सिटी के लिए कॉलेज ने राज्य सरकार और देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर में नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है।

अगर होलकर कॉलेज को यह दर्जा मिलता है तो वह इंदौर की पहली डीम्ड यूनिवर्सिटी होगी। होलकर साइंस कॉलेज को नेक द्वारा इस साल फरवरी में ए प्लस प्लस ग्रेड मिली है। यह ग्रेड प्राप्त करने वाला वह प्रदेश का पहला गवर्नमेंट और नेक से प्राप्त 3.64 स्कैल मार्क्स के हिसाब से देश का आठवां प्राइवेट/ऑटोनामस कॉलेज हैं। होल्कर कॉलेज में वर्तमान में सुविधाएं उपलब्ध है, उस आधार पर उसे डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने में कोई परेशानी नहीं है।

### मध्यप्रदेश में मात्र तीन डीम्ड यूनिवर्सिटी

- यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों के मुताबिक 20 अप्रैल 2024 तक देश में कुल डीम्ड यूनिवर्सिटीज की संख्या 129 है लेकिन मध्यप्रदेश में अभी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा केवल तीन संस्थानों के पास है।
- इसमें इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेन मैनेजमेंट (आईआईएफएम) भोपाल, लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर और माधव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड साइंस ग्वालियर शामिल है। इंदौर में अब तक कोई भी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी नहीं हैं, जबकि यह प्रदेश व मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब है।
- एसजीएसआईटीएस पिछले काफी समय से डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा प्राप्त करने को कोशिश कर रहा है लेकिन अब तक इसे यह नहीं मिला है।



### ये होगा फायदा

डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की मंजूरी मिलने के बाद संस्थान कोर्स, सिलेबस, फीस, खुद तय करता है। प्राइवेट और डीम्ड दोनों ही यूनिवर्सिटीज हर तरह की पढ़ाई के लिए स्वतंत्र हैं। उन्हें कोर्स के हिसाब से उन्हें रेगुलेटरी अथॉरिटी से मंजूरी लेनी होती है। यानी होल्कर कॉलेज अगर साइंस के अतिरिक्त कामर्स, आर्ट्स, लॉ, मेडिकल या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करवाना चाहे तो वह करवा सकता है।

## पार्षद के साथ अब सोनाली जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष



### संघठन ने सक्रियता के चलते लिया निर्णय

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इंदौर महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष साक्षी डागा को हटाते हुए पार्षद सोनाली मिमरोट को यह बड़ी जिम्मेदारी सोपी है। इंदौर शहर में महिलाओं को ज्यादा एकत्रित करने के साथ ही संगठन के नियमो को मानकर चलने का आदेश भी हमेशा से चलता आया है।

ऐसे में सोनाली का कहना है कि संगठन के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को से बखूबी निभायेगी। निगम के अंदर भी मिमरोट बेबाक तरीके से विपक्ष का रोल अदा कर रही है। लोकसभा चुनाव के चलते अब जिम्मेदारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सोनाली मिमरोट को पार्टी ने पिछले दिनों ही उज्जैन लोकसभा का प्रभारी भी बनाया था। सोनाली इंदौर के वार्ड क्रमांक 45 से पार्षद भी हैं। सोनाली के चचेरे भाई लच्छू मिमरोट ने पिछले दिनों ही कांग्रेस से इस्तीफा देकर स्वप्निल कोठारी के साथ मिलकर भाजपा का दामन थाम लिया था। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से इस तरह के सुगबुगाहट चल रही थी कि कांग्रेस के संगठन में फेरबदल होगा। जहां प्रदेश स्तर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष को बदल गया। वहीं इंदौर में भी महिला कांग्रेस अध्यक्ष को बदलना इसी कवायद का नतीजा है।

2024-25 सत्र में देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दायरे में 10 अंडर ग्रेजुएट और सात पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स होंगे शुरू

# इस सत्र से कॉलेजों में 17 नए कोर्स, एक हजार सीट बढ़ेगी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

2024-25 सत्र में देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दायरे में आने वाले कॉलेजों में नए कोर्स शुरू होंगे। ये कोर्स गवर्नमेंट और प्राइवेट कॉलेजों में संचालित किए जाएंगे, जिसमें दस अंडर ग्रेजुएट और सात पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स है। 17 नए कोर्स में एक हजार से ज्यादा सीट है। यूनिवर्सिटी ने इन कॉलेजों को नए कोर्सेस के लिए एफिलिएशन जारी कर दिया है। अब कोर्स व सीट संख्या के बारे में ई-प्रवेश पोर्टल पर डाटा अपलोड किया जाएगा।

उधर एडमिशन प्रक्रिया से पहले यूनिवर्सिटी को एफिलिएशन प्राप्त कॉलेजों की लिस्ट उच्च शिक्षा विभाग



को भेजना है देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दायरे में आने वाले 80 कॉलेज 2024-25 सत्र से खरगोन स्थित टंट्या मामा यूनिवर्सिटी में शामिल किए जा चुके है। इस कारण अब यूनिवर्सिटी से एफिलिएशन प्राप्त कॉलेजों की संख्या 160 रह गई है। कॉलेज शिफ्ट होने से एक लाख सीट भी कम होगी। इस सत्र से कई कॉलेजों ने नए कोर्स शुरू होंगे। इन्होंने अक्टूबर से दिसंबर के बीच नए कोर्सेस और सीट बढ़ोतरी के लिए आवेदन किया था।

फरवरी-मार्च में निरीक्षण होने के बाद यूनिवर्सिटी ने एफिलिएशन जारी किया है। बीए, बीकॉम, बीबीए सहित 10 यूजी कोर्स आठ कॉलेज में संचालित होंगे, जिसमें गवर्नमेंट और प्राइवेट दोनों कॉलेज शामिल है।

वैसे ही एमए, एमकाम, एमएससी सिर्फ गवर्नमेंट कॉलेज में शुरू होंगे। प्रत्येक कोर्स के लिए कॉलेजों को 60-60 सीट की मंजूरी मिली है। इन कोर्सेस की एक हजार सीटें बढ़ी है। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के मुताबिक करीब दर्जनभर कालेजों ने विभिन्न पाठ्यक्रम की सीटें बढ़ाने के लिए भी आवेदन दिया था। कुछ कॉलेजों की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर एफिलिएशन जारी हो चुका है।

## प्रेमिका से करना चाहता था शादी किया इन्कार, होटल में लगा ली फांसी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

गर्लफ्रेंड से हुए विवाद के बाद शहर के विजय नगर की एक होटल में युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक अपनी प्रेमिका के साथ रात को पब में गया था।

खबरों के अनुसार, मोहम्मद मुस्तफा विजय नगर क्षेत्र के होटल गैलेक्सी में आकांक्षा नामक युवती के साथ रुका था। दोनों आरके क्लब से पार्टी कर होटल में रुके थे। जब उसने फांसी लगाई उस समय प्रेमिका आकांक्षा भी कमरे में मौजूद थी। दोनों के बीच शादी की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद प्रेमिका ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था। मुस्तफा आकांक्षा के साथ शादी करना चाहता था, लेकिन उसका कहना था कि धर्म अलग होने से शादी में मुश्किलें होंगी। जब वह बाथरूम से बाहर निकलीं तो मुस्तफा फांसी पर टंगा मिला था। इसके बाद प्रेमिका ने होटल स्टाफ को फांसी की सूचना दी।

## सेल्फी पॉइंट पर ओपन एयर वोटिंग कैनवास कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को इंदौर शहर में आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत पलासिया चौराहा सेल्फी पॉइंट पर ओपन एयर वोटिंग कैनवास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा व बड़ी संख्या में कलाकार एवं अन्य उपस्थित थे। अपर आयुक्त एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत 13 मई को मतदान दिवस पर इंदौर शहर की अधिक से अधिक सहभागिता रहे इस हेतु जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम किया जा रहे हैं।






संभागायुक्त एवं आईजी ने की खरगोन में निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की

# आयोग के निर्देशों को पढ़े और उसी के अनुरूप काम करें

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

संभागायुक्त दीपक सिंह एवं आईजी अनुराग ने कलेक्ट्रेट कार्यालय खरगोन में अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में निमाड़ रेंज के डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, जिला पंचायत के सीईओ आकाश सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जेएस बघेल, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, सभी 6 विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं चुनाव कार्य से जुड़े सभी अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त सिंह ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए खरगोन जिले में की जा रही तैयारियां की सराहना करते हुए कहा कि यहां की तैयारियां बहुत अच्छी है। सभी



अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार काम करना है। सभी अधिकारी आयोग के आदेशों एवं नियमों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। पिछले चुनाव में मिले अनुभवों से सीख लेते हुए इस चुनाव में और बेहतर काम करने का प्रयास करें। कोई भी अधिकारी कर्मचारी अति आत्मविश्वास में न रहे, आयोग के निर्देशों को जरूर पढ़े और उसी के अनुरूप काम करें। उन्होंने कहा कि मतदान दल एवं नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए और यह प्रशिक्षण नियमित रूप से चलते रहे। मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान अधिक संख्या में ईव्हीएम रखी जाए। जिससे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 ईव्हीएम के कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से समझ सके।

संभागायुक्त सिंह ने गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर छाया एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़ाने एवं इसके लिए ब्लॉक स्तर पर बेस्ट मतदान केन्द्र बनाने की प्रतियोगिता रखने कहा। ब्लॉक स्तर पर चयनित बेस्ट मतदान केन्द्र को 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया जा सकता है। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए जिले में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि पिछले चुनाव में जिन मतदान केन्द्रों पर 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है, उन मतदान केन्द्रों पर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास किया जाए।


स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com